# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-03-2023

# मनमुटाव भुला फिर से एक हुए दंपति

**परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना में हुई दंपति की काउंसलिंग**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** महिला थाना स्थित परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों ने टूटने के कगार पर पहुंच चुके परिवार में पति पत्नी के रिश्ते को आपसी सूझबूझ और उचित काउंसलिंग के माध्यम से पटरी पर लाया। जिसके बाद दोनो आपसी मनमुटाव को भुलाकर एक साथ जीवनयापन करने को दोबारा राजी हो गए।

आवेदिका हसिरून्निशा के प्रकरण पर लागातार सतत् काउंसलिंग कर दंपति के बीच का मनमुटाव दूर किया गया। जिसमें पति व पत्नी को समझा बुझाकर फिर से एक किया गया है। पति-पत्नी हसीं खुशी एवं बिना दबाव के एक दूसरे के साथ रहने को राजी हो गये। दंपति अब अपनी सारी जिम्मेदारी एक साथ मिलकर निभाएंगे। इस प्रकरण को देखने में परिवार परामर्श काउंसलर देवेंद्र कुमार, डा. विकास रंजन मणि त्रिपाठी, डा. प्रियंका त्रिपाठी, केंद्र प्रभारी उप निरीक्षक भूपेंद्र मिश्रा, महिला उपनिरीक्षक मिथिलेश राय, प्रधान आरक्षी अनीता पांडे, आरक्षी रेनू उपाध्याय व अनीता यादव आदि के द्वारा सफल प्रयास कर इस मामले को देखा गया।




# जालसाजी कर एटीएम से रुपये उड़ाने वाले दो गिरफ्तार

**बांसगांव (एसएनबी)।** बांसगांव पुलिस ने दो ऐसे जालसाजों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जो एटीएम कार्ड बदलने के बाद उसका क्लोन तैयार कर लोगों के खाते से रुपया उड़ाते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 24 अदद एटीएम कार्ड, दो अदद मोबाइल, एक अदद काले रंग का पर्स, एक अदद पीली धातु की चेन, पल्सर बाइक व 29500 नगद बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक बांसगांव विज्ञानकर सिंह के निर्देशन में एसआई राम सिंह द्वारा मय पुलिस टीम की मदद से दोनों आरोपितों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आकाश मिश्रा पुत्र स्व. रामानंद मिश्रा निवासी गोविंदपुर पोस्ट अलावलपुर थाना सिकरीगंज व तेज प्रताप यादव पुत्र रामाश्रय यादव निवासी झउवा थाना सिकरीगंज बताया। पुलिस ने आरोपितों को दर्ज मुकदमा की धारा 406, 420, 411, 467, 468, 471 भादवि के तहत कोर्ट मे पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई अनिश कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, आरक्षी विकास सिंह यादव, आरक्षी चन्दन खरवार शामिल रहे।

# जालसाजी कर भूमि बैनामा कराने वाले दो गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल जयंत कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ फरार चल रहे दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों पर जालसाजी कर भूमि बैनामा कराने के आरोप में केस दर्ज था। पूछताछ में पुलिस को आरोपित ने अपना नाम रामचन्दर निषाद पुत्र स्व सोनई निषाद व रामकान्द निषाद उर्फ कान्ता पुत्र स्व बैजनाथ निषाद निवासीगण सियारामपुर कुन्दरिहा थाना गुलरिहा, जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपितों को दर्ज मुकदमे की धाराओं 406, 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506, 120 बी भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआइ वीरेंद्र बहादुर सिंह, हरिशंकर यादव, आरक्षी चंदन वर्मा, निखिल वर्मा एवं राघवेंद्र कन्नौजिया शामिल रहे।

# उरुवा पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**उरुवा बाजार/धुरियापार (एसएनबी)।** क्षेत्र में शबे बारात एवं होली के त्यौहार को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने एवं हुड़दंगीयों के मन में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से उरुवा पुलिस के



जवानों ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च किया । रविवार को थानाध्यक्ष उरुवा सुनील कुमार निषाद के नेतृत्व में उरुवा पुलिस ने क्षेत्र के उरुवा चौराहा, परसा खुर्द, नकौझा एवं धुरियापार में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में एसएसआई कविन्द्रनाथ सिंह, एसआई सुनील शर्मा, विनय कुमार पांडे, गुफरान, रामप्रवेश, राकेश कुमार गुप्ता, हेड कांस्टेबल श्री राम ,आफताब आलम कांस्टेबल विजय कुमार नाग, मोनू यादव ,राहुल यादव, राहुल कुमार, रामप्रकाश बिंद, आदित्येय, सचिन कुमार आदि शामिल थे।

# पांच अभियुक्त गैंगस्टर में निरुद्ध

**गोरखपुर (एसएनबी)**। अपहरण कर मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के 05 अभियुक्तों के विरुद्ध कैंट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशि भूषण राय ने जिलाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर यह कार्रवाई गैंग लीडर सचिन यादव पुत्र पूरन प्रसाद यादव उर्फ गुन्जा यादव निवासी गिरधरगंज थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर, शक्तिधर सिंह पुत्र रवि प्रताप सिंह निवासी घघरूआ खण्डेसर थाना घुघली जनपद महाराजगंज, विकेश शुक्ला पुत्र गिरजेश शुक्ला निवासी गौरी बाजार मोहल्ला पालन कुण्डा थाना गौरी बाजार जनपद देवरिया हाल पता उचवा टोला झरना टोला थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर, अंशुमान गौड़ उर्फ विनायक पुत्र अनिल गौड़ निवासी मनं 57 आवास विकास कालोनी थाना कैंट जनपद गोरखपुर, शिवम सिंह पुत्र प्रमोद सिंह निवासी म0नं0 214, आवास विकास कालोनी थाना कैंट जनपद गोरखपुर के विरूद्ध की है। पुलिस ने इनके विरूद्ध थाना कैंट पर धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया है।

# गैंग लीडर समेत तीन चोरों पर लगा गैंगस्टर

**गोरखपुर (एसएनबी)**। अंतरराज्यीय चोर गैंग के गैंग लीडर समेत तीन चोरों को गोरखनाथ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोरखनाथ दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि तंजीम अली पुत्र जाकिर अली निवासी 66 मोमिनाबाद थाना लिसारीगेट जनपद मेरठ, आजाद उर्फ सलमान पुत्र मोमिन निवासी सरवानी थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ व मनीष कुमार पुत्र स्व. चरण सिंह निवासी सरवानी थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ के विरुद्ध थाना गोरखनाथ पर धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 पंजीकृत किया गया है। तंजीम अली गैंग का लीडर है। बदमाशों के विरूद्ध दर्जनभर से अधिक चोरी आदि के मामलों में मुकदमे दर्ज हैं।

## बाइक बरामद, एक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** राजघाट थानेदार राजेंद्र सिंह ने हमराही फोर्स के साथ एक वाहन चोर को पकड़ा। पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की। थानेदार के मुताबिक उसने बाइक कैंट, गोरखपुर क्षेत्र से चुरायी है। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम विशाल सिंह पुत्र तेज प्रताप सिंह निवासी जमौली खुर्द थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आइपीसी की धारा 411 के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया।

## नाबालिग से रेप का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** नाबालिग का अपहरण कर उससे रेप करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को रामगढ़ताल पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम सूरज यादव पुत्र विमल यादव निवासी ग्राम परहा थाना किंजर जनपद अरवल बिहार हाल मुकाम सेक्टर 22 आदित्या मोटर्स थाना गीडा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 363, 366, 376 व 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## दुष्कर्म व मारपीट करने का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** घर में घुसकर दुष्कर्म करने और मारपीट करने के मामले में आरोपित व फरार चल रहे एक आरोपित को गोला पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम विक्की पुत्र स्व अनिरूद्ध वार्ड नं.-6 चिकनिया थाना गोला गोरखपुर बताया। बदमाश को एसआई गुरू प्रसाद, आरक्षी दीपक कुमार भारती एवं अरुण कुमार ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। आरोपित को पुलिस ने दर्ज मुकदमा की धारा 323, 504, 506, 452, 376 भा0द0वि0 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## किशोरी के अपहरण का केस

**पिपराइच।** पिपराइच क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय बालिका को बहलाफुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने बसंतपुर छोटा टोला निवासी प्रदीप सिंह पर अपहरण का केस दर्ज किया है। लड़की के पिता ने तहरीर में आरोप लगाया है कि 3 मार्च को रात 12 बजे के करीब उसकी नाबालिग पुत्री को घर से बहला फुसलाकर आरोपित अपहृत कर ले गया है। बेटी घर से 20 हजार का जेवर भी ले गई है।

## एसआई जयराम यादव लाइनहाजिर

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर द्वारा थाना गोला पर नियुक्त एसआई जयराम यादव को जनता से दुर्व्यवहार करने व अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से थाना गोला से पुलिसलाइन भेज दिया है। जिनके विरुद्ध जाँच के आदेश भी दिये गये है।

## लूट की मोबाइल बरामद, एक गिरफ्तार

**गोरखपुर ।** पीपीगंज पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की एक मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम विशाल साहनी पुत्र अच्छेलाल निवासी रायपुर थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 392 व 411के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई शमशीर अहमद, आरक्षी विकास शामिल रहे।

# पैदल मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**खोराबार (एसएनबी)।** प्रभारी निरीक्षक खोराबार कल्याण सिंह सागर के नेतृत्व में खोराबार थाना पुलिस ने क्षेत्र के सूबाबाजार, बाईपास, सिक्टौर, रानीडिहा आदि क्षेत्र में पैदल गस्त कर लोगों को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थानेदार ने लोगों से सौहार्द्रपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में होली या अन्य त्योहार को मनाए जाने की अपील की।

प्रभारी निरीक्षक ने इस दौरान यह भी कहा कि त्योहार के नाम पर अराजकता फैलाने का प्रयास करने वाले उपद्रवी तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पैदल गस्त के दौरान चौकी प्रभारी रामनगर कड़जहा प्रभात सिंह, चौकी प्रभारी बेलावर विवेक रंजन, चौकी प्रभारी जगदीशपुर रामानुज यादव, एसआई दीनबन्धु , एसआई अभिजीत, एस आई सत्यप्रकाश , एसआई रवि कुमार , एसआई रमेश कुमार, एसआई प्रवीण सिंह, एसआई गजेंद्र सिंह, एसआई सुनीता सिंह , कांस्टेबल अजय सिंह , पिंटू प्रसाद , लोकनाथ सिंह, बृजेश सिंह , आस्था आदि मौजूद रहे।

# जालसाजी कर रुपये उड़ाने वाले दो गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जालसाजी कर एक व्यक्ति की जेब से 30 हजार रुपए उड़ाने वाले कार सवार दो बदमाशों को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरी का 30 हजार रुपया, घटना में प्रयुक्त कार व वादी का पासबुक व अधार कार्ड बरामद किया है।

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने गुडवर्क की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वादी मुकदमा पंजाब नेशनल बैंक पिपराइच से 30,000 रुपया निकाल कर साइकिल से घर जा रहा था। रास्ते में राज मेडिकल स्टोर बड़ेगांव के पास काले रंग की कार से दो युवक मिले। वादी की साइकिल एक स्थान पर रखवाकर उसे जमीन देखने के बहाने गाड़ी में बैठा लिये। वादी के ऊपर से झुककर बार-बार बाहर थूकने के बहाने वादी के जेब में रखा पैसा निकाल लिया। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर खुलासे के लिए पुलिस टीम को लगाया गया था। थानाध्यक्ष पिपराइच के नेतृत्व में एसएसआई सोनेंद्र सिंह, एसआई जय प्रकाश यादव, एसआई मणि प्रसाद, आरक्षी गोलू और भानू प्रताप सिंह ने मुखबिरों की सूचना पर दोनो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी



का पूरा नकदी, पासबुक और घटना में प्रयुक्त कार बरामद किया।

पुलिस को अभियुक्तों ने अपना नाम अभिषेक यादव पुत्र फतेह बहादुर यादव निवासी खुटही बनकट थाना रामकोला जनपद कुशीनगर व सचिन यादव पुत्र गामा यादव निवासी खुटही बनकट थाना रामकोला जनपद कुशीनगर बताया। आरोपितों को आईपीसी की धारा 379, 420 व 411 के तहत कोर्ट में पेश किया गया।

## सीएम योगी की शोभायात्रा को लेकर हाई लेवल मीटिंग

# शहर और देहात में सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जिले में होली और होली के दिन निकलने वाली भगवान नरसिंह शोभा यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। इसे लेकर पुलिस लाइन स्थित वाइट हाउस में पुलिस अधिकारियों की एक मीटिंग बुलाई गई। डीआईजी रेंज जे रविंद्र गौड़ और एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने मीटिंग के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को जिम्मेदारी देते हुए अपने दायित्व को निवर्हन करने का निर्देश दिया। दूसरी तरफ एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने घंटाघर में ड्रोन उड़ाकर सुरक्षा का जायजा लिया। इसको लेकर खुफिया विभाग भी अलर्ट मोड में है।

**शहर की ड्रोन से हो रही निगरानी**

**पुलिस अफसरों की अपील शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं होली**



पुलिस लाइन में होली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक करते डीआईजी जे. रविन्द्र गौड़। फोटो : एसएनबी

भगवान नरसिंह यात्रा के दौरान जिन रास्तों से सीएम का काफिला गुजरेगा, वहां की सभी दुकानों के मालिकों और कर्मचारियों के नाम, पते पुलिस पहले से जुटा रही है। सुरक्षा में कोई चूक न होने पाए इसे लेकर रिहर्सल भी कराने का फैसला किया गया है। जुलूस मार्ग की सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन की मदद से निगरानी की जाएगी। होली से पूर्व पांडेयहाता से हर साल निकलने वाले होलिका जुलूस में सीएम शामिल होते आए हैं। इसको देखते हुए जुलूस मार्ग पर क्यूआरटी, पीएसी, आरएएफ और एलआइयू और थाने की फोर्स तैनात की गई है।

**ड्रोन से छतों की निगरानी कर रही पुलिस :** शहर के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को लेकर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पुलिस होली के दिन निकलने वाली भगवान नरसिंग की शोभायात्रा वाले रूट के मकानों के छतों की भी निगरानी कर रही है। ड्रोन के जरिए यह देखा जा रहा है कि कहीं किसी छत पर ईंट-पत्थर तो नहीं रखे गए हैं।



सुरक्षा बल के साथ फ्लैग मार्च करते जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई। फोटो : एसएनबी

**संदिग्धों की तैयार हो रही लिस्ट :** इसके अलावा लोकल पुलिस और एलआईयू अराजकतत्वों की लिस्ट भी तैयार कर रही है। शहरी इलाके में ऐसे लोगों की लिस्ट तैयार कर पुलिस उन्हें पहले ही वार्निंग देकर अलर्ट कर रही है कि अगर कोई अप्रिय घटना हुई तो वह इसके लिए जिम्मेदार होंगे। वहीं, सुरक्षा को लेकर लगातार पीस कमेटी की बैठक कर पुलिस संभ्रांत लोगों से भी संपर्क बना रही है। थानावार पुलिस गस्त भी कर रही है।

**हर स्थिति से निपटने को पुलिस तैयार :** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि होली को लेकर शहर में विशेष चौकसी बरती जा रही है। सभी मातहतों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए पहले ही पूरी तरह सक्षम है। इसके साथ ही उन्होने गोरखपुर के लोगों से शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव मनाने की अपील की है।

# जांच का जारी है कागजी कोरम की भी हो जांच, ताकि मिले न्याय

**GORAKHPUR (5 March):** बीते दिनों प्रयागराज, कानपुर और लखनऊ में हुए मामलों में जोरों से जांच हुई और ताबड़तोड़ एक्शन भी, लेकिन गोरखपुर में हुए मामलों की जांच ठंडे बस्ते में है या फिर फाइलों को करीब-करीब बंद कर दिया गया. किसी भी गंभीर मामले में उच्च

**i SHOCKING**

अधिकारियों की ओर से यही कहा जाता है. मामले की जांच की जा रही है. मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है. बहुत जल्द इसका परिणाम भी देखने को मिलेगा. लेकिन जब जांच ही ठंडे बस्ते में हो और जिम्मेदार जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हों, तो फिर सिस्टम पर सवाल उठना शुरू हो जाता है. ऐसे में जांच की जांच न हो तो फिर सवालों के घेरे में जिम्मेदार भी कहीं न कहीं घिरते हुए नजर आने लगते हैं. गोरखपुर में कुछ ऐसे मामले हैं, जो हाल फिलहाल के दिनों में घटित हुए हैं. लेकिन अब तक जांच के नाम सिर्फ कोरम ही नजर आ रहा है.

## डॉक्टर्स ने दिव्यांग को बेरहमी से पीटा

**CASE 01**

3 फरवरी 2023 को बीआरडी मेडिकल कॉलेज के सर्जरी वार्ड में भर्ती पेशेंट को देखने गए दिव्यांग अटेंडेंट की जूनियर डॉक्टर्स ने बेरहमी से पिटाई कर दी. घटना सोशल मीडिया पर वायरल हुई. वीडियो के आधार पर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर दिया. उधर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इस मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी, लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट का पता नहीं है.





## सिर्फ कागजों में बनी जांच टीम

**CASE 02**

उरुवा एरिया के एक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान गर्भवती महिला की मौत के बाद पुलिस ने संचालक को अरेस्ट कर लिया. उधर इस मामले में हेल्थ डिपार्टमेंट ने हॉस्पिटल को सील कर दिया. सीएमओ के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की दी गई. मगर जांच टीम ने डिपार्टमेंट को अभी तक रिपोर्ट नहीं सौंपी है. इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभाग इस मामले को कितना गंभीरता से ले रहा है.

## अब तक तत्कालीन जिम्मेदारों पर नहीं हुई कार्रवाई

**CASE 03**

गुलरिहा एरिया के सत्यम हॉस्पिटल में गर्भवती महिला की मौत के बाद पुलिस ने संचालक और डॉक्टर को अरेस्ट कर लिया. इसके बाद पुलिस ने हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन का सार्वजनिक करने के लिए हेल्थ डिपार्टमेंट से सूची मांगी. सूची में 153 हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन पाया गया. इसमें एक डॉक्टर के नाम से चार से पांच हॉस्पिटल रजिस्टर्ड पाए गए. सभी को नोटिस जारी करते हुए जांच टीम गठित की गई. लेकिन अभी तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है. उधर डिप्टी सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि सभी को नोटिस जारी की गई है. नाम कटवाने के लिए शपथ पत्र दे रहे हैं.

## दरोगा की जांच अधूरी

**CASE 04**

शिवरात्रि के दिन एक महिला को थप्पड़ मारते हुए राजघाट थाने के पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल हुआ. महिला ने गोरखनाथ मंदिर जाकर शिकायत भी की. इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच के आदेश भी दिए. राजघाट थाने के दरोगा गौरव सिंह की यह जांच एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई को मिली थी. अभी तक जांच के बाद क्या हुआ? पुलिस ने उसकी कोई रिपोर्ट पेश नहीं की. ऐसा माना जा रहा है कि इस मामले की जांच को ऐसे ही निपटा दिया गया है.



## अब तक नहीं पता चल रहा हाथी का मालिक कौन

**CASE 05**

चिलुआताल थाना अंतर्गत मोहम्मदपुर माफी में एक हाथी ने एक मासूम बच्चा समेत दो महिलाओं को कुचल दिया था. फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने हाथी को ट्रेंक्यूलाइज कर इंजेक्शन दिया था. लेकिन हाथी के मालिक का अब तक फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की जांच टीम पता नहीं लगा सकी है. घटना के दौरान यह हाथी ग्रामीण विधायक विपिन सिंह का बताया गया था. जबकि डीएफओ विकास यादव का दावा था कि जांच टीम जल्द से जल्द इस मामले की जांच कर हाथी के मालिक की सूची को सार्वजनिक करेगी. लेकिन अब तक यह मामला ठंडे बस्ते में ही बंद होता हुआ नजर आ रहा है.



3 फरवरी 2023 को बीआरडी मेडिकल कॉलेज के सर्जरी वार्ड में भर्ती पेशेंट को देखने गए दिव्यांग अटेंडेंट की जूनियर डॉक्टर्स ने बेरहमी से पिटाई कर दी





"जो भी गंभीर मामले होते हैं, उन मामलों की गहनता से जांच के लिए जांच कमेटी या टीम का गठन किया जाता है. मामले की जांच के लिए निर्धारित अवधि भी तय होती है. लेकिन जांच में हीलाहवाली करने वाले जिम्मेदार अधिकारी अगर अपनी रिपोर्ट समय से प्रस्तुत नहीं करते है तो फिर उनसे पूछताछ भी होती है. जितने भी जांच पेंडिंग है, उन सभी मामलों को देखा जाएगा. उसके आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**कृष्णा करुणेश**, डीएम

# आठ पर गैंगेस्टर फरार हुए इनामी

**GORAKHPUR (5 March):** गोरखपुर पुलिस ने रविवार को 8 बदमाशों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की. वहीं दो अलग-अलग थाने के फरार चल रहे दो बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने 15-15 हजार रुपए का इनाम रखा है. गोरखनाथ के तीन बदमाशों पर गैंगेस्टर गोरखनाथ थाना प्रभारी दुर्गेश कुमार सिंह ने मेरठ मोमिनाबाद निवासी अंतर्राज्यीय अपराधी तंजीम अली, हापुड़ के आजाद उर्फ सलमान और मनीष कुमार के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है. इसी क्रम में अपहरण और मारपीट करने वाले पांच बदमाशों पर कैंट पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट लगाया है. कैंट थाना प्रभारी शशि भूषण राय ने बताया कि गिरधरगंज निवासी गैंग लीडर सचिन यादव, घुघली निवासी शक्तिधर सिंह, गौरा बाजार देवरिया के विकेश शुक्ला, आवास विकास कालोनी के अंशुमान गौड़ उर्फ विनायक और शिवम सिंह पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है.

## फरार बदमाशों पर इनाम

राजघाट और थाना चिलुआताल में फरार चल रहे दो अपराधियों पर इनाम घोषित किया है. जामा मस्जिद कोतवाली के मो. जफार उर्फ अज्जू जो कि राजघाट थाने का वांछित है, इस पर 15 हजार का इनाम रखा है. इसी क्रम में चिलुआताल थाने का फरार अपराधी मोहरीपुर बाजार विरेन्द्र कसौधन की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार का इनाम रखा है.

चमकाने के नाम पर उड़ा रहे ज्वेलरी गोरखपुर में जारी...

# 'हाथ की सफाई'

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (5 March):** त्योहार का सीजन है जरा सावधानी बरते. सावधानी हटी और दुर्घटना घटी. गोरखनाथ एरिया की शास्त्रीपुरम कॉलोनी मे ऐसी ही एक हैरान कर देने वाली ठगी की घटना

**i SHOCKING**

हुई है. यहां चार ठग 2 साधु के वेश में और दो फॉर्मल कपड़ों में टिप-टॉप बनकर पहुंचे. वहां एक घर मे सोना चांदी चमकाने के नाम पर महिलाओ का कीमती सोना उड़ा दिया. ये पहली घटना नही है, त्योहार की सीजन मे अक्सर ठगों का गैंग एक्टिव हो जाती है, ऐसे मे लोगों को खास अलर्ट रहने की जरूरत है.

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT






सीसीटीवी फुटेज में घूमते मिले संदिग्ध युवक और साधु.

### महिला ने दर्ज कराई एफआईआर

गोरखनाथ एरिया के शास्त्रीपुरम निवासी अनूप श्रीवास्तव की पत्नी नीलम ने गोरखनाथ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि शनिवार को दो युवक उनके घर पहुंचे. दोनों ने बताया कि वे एक सर्फ कंपनी से है. युवकों ने ये भी कहा कि आप लोगों को पुराना पीतल का सामान साफ कराना है तो लाइए साफ कर दू. नीलम ने बताया कि उनके घर किरायादार सीमा सिंह पत्नी अमरेन्द्र रहती है. नीलम ने बताया कि हम दोनों लोगों ने एक पीतल का सामान दिया. जिसे दोनों युवकों ने तुरंत चमका कर दे दिया.

### रुमाल निकाला और भक्त हो गई महिलाएं

नीलम ने बताया कि अचानक दोनों युवकों ने एक रूमाल निकाली और उसे बाहर निकालकर झाड़ा. इसके बाद पता नहीं क्या हुआ. दोनों युवक जो भी कहते गए हमलोग करते रहे. दोनों युवकों ने हम लोगों से अंदर गोल्ड के आइटम मंगाए. जिसे लाकर उसे दिया गया.

### टिफिन में रखकर दिया गोल्ड

दोनों युवकों ने नीलम की दो चेन और सीमा सिंह की सोने की चेन, सोने की अंगूठी, सोने की 2 कान की बाली, सोने के टप्स को लेकर एक टिफिन में रख दिया. इसके बाद महिलाओं को टिफिन गरम करने के लिए दिया. जैसे ही महिलाएं अंदर गई दोनों युवक भी नौ दो ग्यारह हो गए.

### साधुओं ने की रेकी और सेल्समैन बनकर पहुंचे दो युवक

शास्त्रीपुरम की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. सीसीटीवी में दिख रहा है कि शनिवार को दस बजे दो साधु काफी देर तक कॉलोनी मे टहल रहे हैं. वो अनूप श्रीवास्तव के घर पर जाकर अंदर भी झांक रहे हैं. थोड़ी देर बाद वहा एक बाइक से दो युवक पहुंचते है. दोनों युवकों से साधु कुछ इशारा भी करता है. जिसके बाद दोनों युवक एक घर में जाते हैं.

### पकड़ा गया एक साधु

इस घटना के बाद कॉलोनी वालों ने एक साधु को पकड़कर पुलिस को सौंपा. उसकी पहचान महमूदाबाद पियराइच के वैतू के रूप में हुई. गोरखनाथ पुलिस ने उससे पूछताछ कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया. गोरखनाथ थाना प्रभारी ने बताया कि बाकी अभियुक्तों की तलाश की जा रही है.

रहे सावधान त्योहारी सीजन में एक्टिव हुई ठगों की गैंग, घर पर कपनी का सर्फ बेचने पहुंच रहे जालसाज

### पहले भी हुई है ठगी

- दिसंबर 2022 में गुलरिहा भेलनीपुर में एक महिला से तंत्रमंत्र की बताकर उसकी सोने की चेन और मोबाइल उड़ा दिए ठग.
- शाहपुर में बीते दिसंबर माह में घर के सामने पार्क में टहल रही महिला से उसके बेटे का दोस्त बताकर उसकी सोने की अंगूठी उड़ा दी.
- 26 अक्टूबर 2022 को पिपराइच में एक बुजुर्ग से उसके विदेश में रहने वाले बेटे का दोस्त बताकर सोने की चेन और अंगूठी उड़ा दी.
- 22 दिसंबर को हरपुर बुदहट में एक महिला घर से उसकी सोने की लाकेट उड़ा दी.

### इस तरह सावधानी बरतें

- घर पर खासतौर से महिलाएं सावधानी बरतें.
- जब पुरुष घर पर ना रहें तो उस समय किसी भी बाहरी से बातचीत ना करें.
- घर पर आकर सामान बेचने वालों से सावधान रहें.
- अंजान व्यक्ति को घर में प्रवेश बिल्कुल ना दें.
- अगर कोई आपके घर के सदस्य को दोस्त, दूर का रिश्तेदार बनकर आए उसपर तत्काल विश्वास ना करें. पहले अपने मोबाइल से घर के सदस्य से सत्यता जांच लें.



"त्योहार के समय महिलाओं को घर पर आए किसी अंजान पर विश्वास नही करना चाहिए. ऐसी कई गैंग पकड़ी गई है. जो लोगों को अपनी बातों में लेकर ठगी कर देते है.

कृष्ण कुमार बिश्नोई,
एसपी सिटी

**i CONNECT**

Gorakhpur city की real time खबरों से update रहने के लिए Twitter पर फॉलो करें @inextlive डायरेक्ट follow करने के लिए scan करें यह QR Code.

# शोभायात्रा के लिए सिक्योरिटी टाइट, एजेंसियां अलर्ट

**सीएम की शोभायात्रा में सुरक्षा के लिए डीएम-एसएसपी ने की पैदल पेट्रोलिंग, उड़ाया ड्रोन**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (5 March):** होली पर्व में निकलने वाली नरसिंह शोभा यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है. इसको लेकर पुलिस लाइन स्थित वाइट हाउस में एक मीटिंग ऑर्गनाइज की गई. आईजी रेंज जे. रविंद्र गौड़ और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने मीटिंग के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को जिम्मेदारी देते हुए अपने दायित्व को निवर्हन करने का निर्देश दिया. वहीं दूसरी ओर डीएम कृष्णा करुणेश और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने एरिया की सुरक्षा व्यवस्था परखी. एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने घंटाघर में ड्रोन उड़ाकर सुरक्षा का जायजा लिया. इसको लेकर खुफिया विभाग भी अलर्ट मोड में है. डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी समेत अन्य अफसरों ने शोभायात्रा रूट की पैदल पेट्रोलिंग की और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े आवश्यक निर्देश दिए.



डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण.



एसपी सिटी ने ड्रोन से परखी तैयारी.



## पुलिस जुटा रही डिटेल

नरसिंह यात्रा के दौरान जिन रास्तों से सीएम का काफिला गुजरेगा वहां की सभी दुकानों के मालिकों और कर्मचारियों के नाम, पते पुलिस पहले से जुटा रही है. सुरक्षा में कोई चूक न होने पाए इसे लेकर रिहर्सल भी कराने का फैसला किया गया है. जुलूस मार्ग सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन की मदद से निगरानी की जाएगी. पांडेय हाता से हर साल निकलने वाले होलिका जुलूस में सीएम शामिल होते आए हैं. इसको देखते हुए जुलूस मार्ग पर क्यूआरटी, पीएसी, आरएएफ, एलआईयू और थाने की फोर्स तैनात की जाएगी.

# चमकाने के बहाने ले भागे गहने, एक को दौड़ाकर पकड़ा

**जालसाजी**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गहना चमकाने के बहाने स्वास्थ्यकर्मी व दवा व्यापारी की पत्नी के गहने लेकर गोरखनाथ इलाके से जालसाज भाग गए। महिलाओं के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने एक आरोपित को पकड़ लिया वहीं दूसरा जालसाज पांच लाख कीमत के गहने लेकर फरार हो गया। गोरखनाथ पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है।

गोरखनाथ के शास्त्रीपुरम विस्तार कालोनी में शनिवार की शाम दो व्यक्ति साधु के वेष में पहुंचे। कालोनी में रहने वाले स्वास्थ्य कर्मी अनूप श्रीवास्तव की पत्नी नीलम श्रीवास्तव और उनके किराएदार दवा व्यापारी अमरेंद्र की पत्नी सीमा सिंह को झांसा देकर सोने व चांदी के गहने साफ करने के लिए ले लिया।

दोनों को बातों में उलझाकर पानी गरम करने के लिए कीचन में भेज दिया। महिलाओं के अंदर जाते ही दोनों जालसाज गहने लेकर फरार हो गए। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने दौड़ाकर एक जालसाज को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान पिपराइच के महमूदाबाद निवासी चैतू के रूप में हुई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित की तलाश चल रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट पुलिस ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान बुदहट गांव निवासी सूरज विश्वकर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने रविवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

# दूसरी महिला से की शादी, पत्नी ने कराया केस

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के चरगांवा निवासी रीना देवी ने शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरे पति ने अपने मामा की लड़की से शादी कर ली है और उसी की वजह से उन्हें मारपीट घर से निकाल दिया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर शनिवार को पुलिस ने पति और सास-ससुर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रीना देवी ने तहरीर में लिखा है कि गोंडा के पुरे देवनाथ गोसाईपुरवा मनकापुर निवासी पति अरविंद गिरी हमेशा मारते पीटते हैं।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने रविवार को चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान बांसगांव के जमौली खुर्द निवासी विशाल सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को जेल भिजवा दिया। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी की एक बाइक बरामद की है।

# न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कराई मुनादी

गोरखपुर। कुशीनगर जनपद के डॉ. मनोज कुमार जैन द्वारा गुलरिहा क्षेत्र में एक जमीन के नाम पर धोखाधड़ी का मुकदमा 2021 में पंजीकृत कराया गया था। इसमे न्यायालय के आदेश पर मेडिकल चौकी प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने आरोपित रीमा यादव पत्नी अजय यादव निवासी परसोहिया थाना बखिरा संतकबीरनगर के घर पहुंच कर नोटिस चस्पा करते हुए मुनादी कराई है।

# विवाहिता की हत्या कर शव को जलाया, केस दर्ज

खजनी, हिसं। खजनी के महुआडाबर चौकी क्षेत्र के ग्राम कन्दराई से रहस्यमय हालत में एक विवाहिता के लापता होने का मामला सामने आया है।

मायका पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या कर शव का अंतिम संस्कार करने का आरोप लगाते हुए हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया है। हालांकि आरोपित पक्ष अभी हत्या की बात कबूल नहीं कर रहा है। घटना के बाद से घर के पुरुष फरार हैं। गगहा थाना क्षेत्र के कोठा भलुआन गांव निवासी जयनाथ चौरसिया ने अपनी बेटी कुसुम की शादी खजनी थाना क्षेत्र के कंदराई गांव निवासी धर्मवीर चौरसिया के साथ की थी। पुलिस को दिए तहरीर में पिता ने बताया कि धर्मवीर चौरसिया ने शनिवार की रात में फोन कर बताया कि कुसुम अब इस दुनिया में नहीं रही। हमलोग जब उसके बेटी के ससुराल पहुंचे तो घर के पुरुष फरार थे।

# पेट दर्द के साथ बिगड़ी तबीयत, उल्टियों से हाहाकार

फूड प्वाइजनिंग का कहर

गोरखपुर, हिन्दुस्तान टीम। पिपराइच क्षेत्र के एक मैरिज हॉल में रविवार की रात शादी समारोह में भोजन के दौरान एक-एक कर लोगों के पेट में दर्द शुरू हुआ और उल्टियां होने लगीं। अचानक बड़ी तादाद में लोगों की तबीयत बिगड़ने से हाहाकार मच गया। जिला अस्पताल में 20 और बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 15 लोगों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। वहीं प्रशासन की टीम ने खाद्य सामग्रियां जब्त कर जांच के लिए नमूने भेजे हैं। वहीं दूसरी तरफ आनन-फानन में रस्में पूरी कर दुल्हन के साथ बारात विदा कर दी गई।

पिपराइच क्षेत्र के गोपालपुर निवासी युवती की शादी महराजगंज के परतावल में हो रही है। वर पक्ष ने गोदावरी मैरिज हॉल बुक करके सभी इंतजाम किए थे। रविवार की रात करीब नौ बजे मैरिज नाश्ते के साथ ही भोजन शुरू हो गया। रसमलाई नाश्ते के साथ भोजन के बाद भी दी जा रही थी। बताया जा रहा है कि रसमलाई खाने के बाद ही एक-एक करके लोग बीमार पड़ने लगे। सबसे पहले बच्चों के पेट में दर्द शुरू हुआ। करीब 10 मिनट में ही डेढ़ दर्जन से अधिक बच्चे मैरिज हाउस में पेट दर्द, उल्टी से बेहाल होने लगे। वयस्कों की भी हालत बिगड़ने लगी। बताया जाता है कि करीब सवा सौ लोग तब तक भोजन कर चुके थे। जिसमें आधे से अधिक बीमार हो गए।



रविवार रात पिपराइच सीएचसी पर मरीजों और तीमारदारों की भीड़ जमा रही।



शादी समारोह में बीमार हुईं अंजू।



फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोगों के पहुंचने पर जिला अस्पताल में रही अफरा-तफरी।

**36** बेड का विशेष वार्ड जिला अस्पताल में तैयार हुआ

**20** बेड का वार्ड बीआरडी मेडिकल कॉलेज में बनाया गया

"फूड प्वाईजनिग का मामला है। ज्यादा मरीजों की हालत खतरे से बाहर है। कुछ मरीजों का जिला अस्पताल और बीआरडी में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की स्पेशल टीमें तैनात हैं।"
डॉ. आशुतोष दुबे, सीएमओ

"यह फूड प्वाइजनिग का मामला है। प्रशासन को मामले की सूचना दे दी गई है। प्रशासन की टीम ने खाद्य सामग्री कब्जे में ले ली है। उसकी सैंपलिग की जाएगी। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही होगी।"
मनोज अवस्थी, एसडीएम

### फूड सैम्पलिंग की

जिला प्रशासन के निर्देश के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग भी हरकत में आ गया है। देर रात मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह के अगुआई में फूड इंस्पेक्टरों की टीम मैरेज हाउस पहुंची। उनके साथ सीएमओ मौजूद रहे। टीम ने मैरेज हाउस से रसमलाई के साथ ही दूसरी खाद्य सामग्री का सैम्पलिंग किया। बताया जाता है कि नौनवेज का भी इंतजाम था। उसका भी नमूना लिया।

### मच गई चीख पुकार

घटना में बीमार सुमेर सागर निवासी अंजू श्रीवास्तव ने बताया कि पारिवारिक समारोह में शामिल होने पहुंची थी। बारात आने को थी। नाश्ते के दौरान रसमलाई खाया। उसके बाद तबीयत बिगड़ने लगी। पांच मिनट बाद ही सिर में दर्द, चक्कर आने लगा। कुछ ही देर में चीख-पुकार मच गई। लोग उल्टी करने लगे। हर व्यक्ति अपने परिजनों को संभालने में जुट गया।

### इनकी हालत गंभीर

शवि श्रीवास्तव( 10), दीपांशी ( 8), वैष्णवी ( आठ माह), पल्लवी ( 23), निपेन्द्र ( 30), खुशी ( 20), ललिता ( 58), टगई ( 60), अनुज्ञा ( 23), रिंकू ओझा ( 28), अंजू श्रीवास्तव ( 55), दिलीप ( 14), कमला ( 70), रामबचन लाल ( 72), माधुरी ( 70), अजय कुमार ( 20), शेखर ( 22), पवन लाल ( 18), नीतिन कुमार ( 35), मोहर्रम अली( 35), गोविन्द कुमार ( 19), सन्नी ( 16), संजीव पासवान ( 16), सुशील भारती ( 18), अखिलेश गुप्ता ( 17), गोपाल सिंह ( 25), सुनील राय ( 24), अनिल प्रजापति ( 30)

### हरकत में आया स्वास्थ्य महकमा

पिपराइच। रात करीब पौने दस बजे सीएमओ डॉ. आशुतोष दुबे को सीएचसी प्रभारी ने घटना की सूचना दी। इसके बाद तो हड़कंप मच गया। सीएमओ ने फौरन एडिशनल सीएमओ डॉ नंदकुमार को पिपराइच भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने 102 और 108 सेवा के आठ एम्बुलेंस को पिपराइच जाने के निर्देश दिया। इसके साथ ही जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अंबुज को अस्पताल में कम से कम 20 बेड का इंतजाम करने के निर्देश दिए।

### जिला अस्पताल में तलब किए गए डॉक्टर

पिपराइच से मरीजों के रेफर होने की सूचना के बाद जिला अस्पताल में हाई अलर्ट हो गया। अस्पताल में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर के तौर पर सर्जन डॉ. बीबी मल्ल की ड्यूटी थी। इंतजाम व्यवस्थित करने के लिए रात करीब साढ़े 10 बजे सीएमओ और चिकित्सा अधीक्षक भी इमरजेंसी पहुंचे। बालरोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव चंद व फिजिशियन डॉ. महेश चौधरी को भी तलब कर लिया गया। आनन-फानन में 36 बेड का वार्ड तैयार किया गया। पैरामेडिकल टीम में तीन फार्मासिस्ट, पांच वार्ड ब्वाय और चार स्टॉफ नर्सों की भी ड्यूटी लगाई गई।

### सीएचसी में 55 मरीजों के नाम दर्ज

घटना के बाद मरीजों की सही संख्या को लेकर असंजस रहा। प्रदत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 100 लोग बीमार हुए। कुछ लोग निजी अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे। सीएचसी पर 55 मरीज पंजीकृत हुए। इसमें से 35 को रेफर किया गया। 22 को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। 15 बीआरडी मेडिकल कालेज और 20 जिला अस्पताल में भर्ती हैं। सीएचसी पर कोई मरीज भर्ती नहीं है।

मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि देंगे सीएम योगी आदित्यनाथ, शिक्षा, स्वास्थ्य व संस्कृति की डोर मजबूत करेंगे मुख्यमंत्री

# योगी आज 17 पीकू का करेंगे शुभारंभ

# शाम को शोभायात्रा में शामिल होंगे

**82** बच्चों को लैपटॉप, 20 महिला मंगल दलों को देंगे स्पोर्ट्स किट

**11** बजे पूर्वाह्न योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में एक कार्यक्रम में जाएंगे

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को गोरखपुर आएंगे और अलग-अलग कार्यक्रमों में शिक्षा, स्वास्थ्य व संस्कृति की डोर मजबूत करेंगे। वह गोरखपुर में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 82 लाभार्थी बच्चों को बेहतर अध्ययन के लिए लैपटॉप गिफ्ट करेंगे। दो सीएचसी के लिए पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीकू) का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा होलिका दहन शोभायात्रा के सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होंगे।

सीएम सोमवार को गोरखपुर पहुंचेंगे। गोरखपुर दौरे के दौरान वह जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सीएम योगी 11:30 बजे तारामंडल क्षेत्र स्थित योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में जाएंगे। यहां कोरोना काल मे निराश्रित बच्चों, मेधावी छात्र-छात्राओं को संबोधित करेंगे।

**20 महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट देंगे सीएम :** सीएम योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ही मेधावी विद्यार्थियों में पुरस्कार धनराशि का चेक तथा 20 महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट वितरित करेंगे।



सोमवार को पांडेयहाता से होलिका दहन उत्सव समिति की ओर से निकलने वाली शोभायात्रा में सीएम योगी के शामिल होने के मद्देनजर रविवार को ड्रोन से सुरक्षा का जायजा लेते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई व अन्य अधिकारी। • हिन्दुस्तान

### लंबे समय से शोभा यात्रा में शामिल होते रहे हैं योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को गोरखपुर आएंगे। वह गोरखनाथ मंदिर पहुंचेंगे और बाबा गोरखनाथ का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद महानगर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री देर शाम को पांडेयहाता से निकलने वाली पारंपरिक होलिका दहन शोभायात्रा में सम्मिलित होंगे। पांडेयहाता में हर साल परम्परागत ढंग से होलिका दहन होता है। पांडेयहाता में होने वाला यह आयोजन काफी प्रसिद्ध है। यहां पूरे महानगर से लोग होलिका दहन के दौरान पहुंचते हैं। यहां से निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लम्बे समय से यहा निकलने वाली शोभयात्रा में शामिल होते रहे हैं।

### शोभायात्रा के मार्गों की ड्रोन कैमरे से निगरानी

गोरखपुर। भगवान नृसिह शोभा यात्रा की तैयारी में जुटी पुलिस ने रविवार को यात्रा के मार्गों का ड्रोन कैमरे से निगरानी कर उपद्रवी तत्वों के खिलाफ सख्ती का निर्देश दिया। वहीं जुलूस के मार्ग पर पुलिस अफसरों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा का जायजा लिया।

# हर सीएचसी में मिनी पीआईसीयू होगी, 24 घंटे इलाज की सुविधा

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जिले को बड़ी सौगात देंगे। सोमवार को वह सीएचसी में पीडियाट्रिक आईसीयू का उद्घाटन करेंगे। मुख्य कार्यक्रम जंगल कौड़िया सीएचसी में होगा।

मॉडल तौर पर जंगल कौड़िया और चरगांवा सीएचसी खुटहन में निर्माण पूरा हो चुका है इसके अलावा 15 अन्य सीएचसी में इसका निर्माण चल रहा है। इन पीडियाट्रिक आईसीयू का निर्माण एचयूआरएल करवा रहा है। सोमवार को सीएम जंगल कौड़िया में उद्घाटन करेंगे। मुख्य कार्यक्रम दोपहर तीन बजे होगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग जिला प्रशासन और एचयूआरएल अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। हर सीएचसी में मिनी पीआईसीयू तीन बेड का होगा। तीनों बेड पर वेंटिलेटर और ऑक्सीजन के सुविधा होगी। सभी पीआईसीयू में बाल रोग विशेषज्ञों के साथ पैरामेडिकल स्टाफ तैनात रहेंगे। यहां 24 घंटे इलाज की सुविधा मरीजों को मिलेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को इलाज के लिए शहर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। खासतौर पर एक महीने से लेकर 16 साल उम्र के बच्चे का इलाज यहां मिल सकेगा।

**01** माह से लेकर 16 साल उम्र के बच्चे का यहां मिल सकेगा इलाज

### 82 बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आज देंगे लैपटॉप

उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बालसेवा योजना 2022 के तहत ऐसे बच्चों की मदद की जा रही है जिसके माता-पिता कोरोना संक्रमण काल में असमय काल के गाल में समा गए। इस योजना के तहत जिले में 563 छात्र-छात्राओं को चिह्नित किया गया है। इन बच्चों की परवरिश के लिए शासन से आर्थिक मदद दी जा रही है। इन बच्चों में से 82 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लैपटॉप दिया जा रहा है। सीएम योगी सोमवार को 11:30 बजे योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में उनके हाथों मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में आच्छादित 82 बच्चों को लैपटॉप का उपहार देंगे।

# अवैध अस्पतालों के संचालन से जुड़े हैं बीआरडी के डॉक्टर

## हद है

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। यह दो मामले बानगी हैं। जिले में अवैध अस्पतालों का संचालन करने वालों में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर भी शामिल हैं। बड़ी संख्या में कॉलेज के डॉक्टर अपंजीकृत अस्पतालों से जुड़े हैं। हाल ही के दिनों में हुई पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई में यह सामने आया है। गुलरिहा के सत्यम अस्पताल के फर्जी पंजीकरण के मामले में गिरफ्तार डॉक्टर का भी बीआरडी से नाता रहा है। इसके अलावा भटहट के बांसस्थान पर सील किए गए दो अपंजीकृत अस्पतालों से भी बीआरडी के दो डॉक्टर जुड़े रहे।

**प्राइवेट प्रैक्टिस से है पुराना नाता**: बीआरडी मेडिकल कॉलेज पूर्वी यूपी में इलाज का सबसे बड़ा केंद्र है। यहां पर करीब 160 शिक्षक समेत 400 से अधिक डॉक्टर तैनात हैं। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस का रोग लंबे समय से लगा हुआ है। यहां के क्लीनिकल विभागों के ज्यादातर डॉक्टर प्रतिष्ठित अस्पतालों में सेवाएं देते हैं। उसी राह पर जूनियर डॉक्टर भी चल रहे हैं। नए डॉक्टर अधोमानक अस्पतालों से जुड़ने लगे हैं। गुलरिहा, भटहट, खजांची, मेडिकल कॉलेज कैंपस के आसपास, पादरी बाजार, खोराबार, चौरीचौरा, ब्रह्मपुर, खजनी, बरगदवा में अस्पताल का संचालन करने वाले कुछ डॉक्टर बीआरडी से जुड़े हैं।



- बीआरडी के एक डॉक्टर पर लगा सोनबरसा में अपंजीकृत अस्पताल चलाने का आरोप
- ब्रह्मपुर में विवादित अस्पताल के संचालक के तार देवरिया मेडिकल कॉलेज से जुड़े

### केस 1

सोनबरसा में प्रशासन की टीम ने तीन अपंजीकृत हॉस्पिटल को सील किया। इनमें से एक हॉस्पिटल के संचालन से बीआरडी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर जुड़े हैं। आरोप है कि वह हॉस्पिटल में मरीज भर्ती करते। यहां पर एक सीएचसी से भी डॉक्टर इलाज करने आते हैं। खास बात यह है कि ग्रामीणों ने प्रशासन को इसकी जानकारी दी।

### केस 2

ब्रह्मपुर स्थित आरपी हॉस्पिटल का विवाद इन दिनों सुर्खियों में है। इस अस्पताल के संचालक के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने मुकदमा दर्ज कराया है। जिला प्रशासन ने इसे पांच दिन पहले ही सील किया था। बताया जा रहा है कि इस अस्पताल के संचालन से जुड़े डॉक्टर इन दिनों देवरिया मेडिकल कॉलेज में तैनात हैं।

> निजी या अवैध अस्पताल में प्रैक्टिस करना अपराध है। ऐसे मामलों में चिकित्सकों को पहले ही चेतावनी दी जा चुकी है। कोई भी सरकारी चिकित्सक निजी अस्पताल में प्रैक्टिस नहीं कर सकता। अब उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में जिस डॉक्टर भी नाम सामने आएगा, उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होगी।
>
> – **डॉ. गणेश कुमार, प्राचार्य, बीआरडी मेडिकल कॉलेज।**

# अंतरराज्यीय चोर गैंग पर लगाया गैंगस्टर एक्ट

- राजघाट, चिलुआताल के दो बदमाशों पर इनाम
- वीरेन्द्र कसौधन मोहरीपुर का निवासी है

गोरखपुर। गोरखनाथ पुलिस ने चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के तीन बदमाशों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। इन बदमाशों में तंजीम अली निवासी मोमिनाबाद थाना लिसारीगेट जिला मेरठ, आजाद उर्फ सलमान निवासी सरवानी थाना बाबूगढ़.जनपद हापुड़ और मनीष कुमार निवासी सरवानी थाना बाबूगढ़.जनपद हापुड़ के विरुद्ध थाना गोरखनाथ पर गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक तंजीम अली गैंग का लीडर है। उसके ऊपर दिल्ली के अलावा अलग-अलग जिलों में 24 से ज्यादा केस दर्ज हैं। जबकि आजाद उर्फ सलमान के खिलाफ 11 और मनीष पर एक मुकदमा दर्ज है।

वहीं राजघाट और चिलुआताल इलाके के दो बदमाशों पर एसएसपी ने 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। दोनों बदमाशों में से एक बदमाश गैंगस्टर के आरोप में पिछले एक साल से फरार है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए उन पर इनाम घोषित किया गया है। राजघाट पुलिस ने मोहम्मद जफार उर्फ अज्जू निवासी निकट जामा मस्जिद थाना कोतवाली जो वर्तमान समय में राजघाट थाने से वह फरार चल रहा है। उसके ऊपर 15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। वहीं, चिलुआताल पुलिस ने वीरेन्द्र कसौधन निवासी मोहरीपुर पर गैंगस्टर के तहत केस दर्ज किया था। वह एक साल से फरार चल रहा है। उसके ऊपर भी 15 हजार का पुरस्कार घोषित किया है।

# फर्जी आईडी लगा कराया बैनामा, केस

सहज़नवा। थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत भीटीरावत में फर्जी आईडी लगाकर लाखों की जमीन का बैनामा करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित अजय श्रीवास्तव ने शनिवार को सहज़नवा थाने में बैनामा कराने वाले जालसाज और बैनामा गवाहों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने इस मामले में शनिवार को भीटीरावत निवासी जालसाज उमेश चंद श्रीवास्तव, बैनामा गवाह सुभाषचंद निवासी भपसा और अर्जुन पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# मोबाइल लूट का आरोपी गिरफ्तार

पीपीगंज। थानाक्षेत्र में 11 फरवरी को बाइक सवार बदमाश ने महराजगंज जनपद के फरेंदा थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी उमाकांत मिश्रा का मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने इस मामले में विशाल साहानी नामक एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने लूट का मोबाइल व लूट में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया है।

# जालसाजी के दो आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। बैंक से रुपये निकालकर साइकिल से लौट रहे बुजुर्ग सत्यप्रकाश को कार में बैठाकर 30 हजार रुपये उड़ा लेने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपये भी बरामद कर लिए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुशीनगर के रामकोला थाना क्षेत्र के खुटही निवासी अभिषेक यादव और उसी गांव के सचिन यादव के रूप में हुई।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

चौरीचौरा। झंगहा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी एक युवक को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी अरबाज को पुलिस ने जेल भेज दिया। झंगहा थानेदार गौरव राय कन्नौजिया ने बताया कि चौरीचौरा क्षेत्र के डुमरी खुर्द निवासी अरबाज को गिरफ्तार किया गया। अरबाज का झंगहा क्षेत्र के एक लड़की से प्रेम-संबंध था। लड़की उससे शादी भी करना चाहती थी। लड़के ने शादी से मना किया और फ़ोटो वीडियो को वायरल करने की धमकी दी थी।

# किशोरी को किया अगवा, मुकदमा दर्ज

सहजनवा। थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला जो नौसढ़ में चाय की दुकान चलाती है, पीड़ित 25 फरवरी की शाम को वह किसी कार्यवश घर गई थी, चाय की दुकान पर उसकी नाबालिग बेटी मौजूद थी। एक युवक जो उससे पुरानी रंजिश रखता है, उसकी बेटी को अगवा कर लिया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर शनिवार को गीडा पुलिस ने आरोपी रंजीत पर केस दर्ज कर किया है।

# दो जालसाज गिरफ्तार

गोरखपुर। कूटरचित दस्तावेज के आधार पर जमीन बैनामा कराने वाले दो जालसाजों को चिलुआताल पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। चिलुआताल थाने में जालसाजी के आरोपितों पर केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने इस मामले में आरोपित रामचन्दर और रामकान्द सियारामपुर कुन्दरिहा थाना गुलरिहा को गिरफ्तार किया गया।

# दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

बांसगांव। बांसगांव पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर और एटीएम क्लोनिंग करके धोखाधड़ी से रुपये निकालने वाले दो शातिर बदमाशों को रविवार को गिरफ्तार कर उनके पास 24 एटीएम कार्ड, मोबाइल, पल्सर बाइक तथा नकदी बरामद किया है। बांसगांव कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने बताया कि आकाश मिश्रा निवासी ग्राम गोविंदपुर और झउवा निवासी तेज प्रताप यादव है।

# पांच आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई

गोरखपुर। कैंट थानाक्षेत्र के सिंघड़िया इलाके में मॉडल शॉप से एक युवक का अपहरण कर दहशत फैलाने वाले गैंग पर कैंट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

इस गैंग का लीडर सचिन यादव है। आरोपितों ने कूड़घाट सिंघड़िया निवासी एक युवक को मारपीट के मामले में अगवा कर लिया था। पुलिस ने केस दर्ज कर सभी आरोपितों को जेल भिजवा दिया था। इस गैंग में शक्तिधर निवासी पररुआ खण्डेसर थाना घुघली महाराजगंज, विकेश शुक्ला निवासी झरना टोला, अंशुमान गौड़ उर्फ विनायक निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना कैंट गोरखपुर और शिवम निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना कैंट शामिल हैं।

फ[illegible] गाड़ियों की मदद से गुलरिहा थाना परिसर और एसबीआई में आग पर पाया गया काबू

# थाना परिसर में लगी आग, छह गाड़ियां जलीं

**हादसा**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गुलरिहा थाना परिसर के पीछे रविवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों से झाड़ियों में आग लगने से लगभग आधा दर्जन गाड़ियां आंशिक रूप से जल गईं।

पुलिसकर्मियों एवं फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुलरिहा थाने के पीछे एक एकड़ 10 डिस्मिल सरकारी जमीन है जिसमे झाड़ियां उग आई है।

खाली जगह में विभिन्न मुकदमों से संबंधित चार पहिया गाड़ियां खड़ी की गई हैं। रविवार की अपराह्न तीन बजे थाने के पीछे से धुआं निकलते पुलिस कर्मियों ने देखा। झाड़ियों में लगी आग खड़े गाड़ियों को चपेट में ले ली। इसमे लगभग आधा दर्जन चार पहिया मैजिक गाड़ियां आंशिक रूप से जल गईं। उधर पुलिस कर्मियों ने पानी एवं हरे पौधो के तनों की सहायता से आग को रोका। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।



गुलरिहा थाना परिसर में रखी गाड़ियों में आग लगने से काफी नुकसान हुआ।



गुलरिहा थाना परिसर में लगी आग को बुझाते कर्मचारी। • हिन्दुस्तान

## एसबीआई खजांची शाखा में आग लगने से नुकसान

- रविवार की सुबह शॉर्ट सर्किट के कारण लग गई थी आग
- बैंक से धुंआ निकलता देख स्थानीय लोगों ने दी सूचना

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के खजांची चौराहे पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में रविवार की सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रविवार की वजह से बैंक बंद था। स्थानीय लोगों ने बैंक से धुंआ निकलता देख बैंक के अधिकारियों के साथ ही अग्निशमन विभाग को सूचना दी। बैंक में आग की सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग लगने से एक कम्प्यूटर व अन्य उपकरण जल कर राख हो गए हैं। शाखा प्रबंधक ने बताया कि आग से नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# अपहरण कर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गीडा के सेक्टर 22 निवासी सूरज यादव के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

# अचेतावस्था में महिला को सड़क के किनारे फेंका

- ऑटो चालक महिला को फेंककर हुआ फरार
- पुलिस ने महिला को बीआरडी में भर्ती कराया

**पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** गुलरिहा इलाके के पादरी बाजार स्थित एसबीआई बैंक के बगल में रविवार की रात आठ बजे ऑटो चालक ने 35 वर्षीय महिला को सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पादरी बाजार चौकी इंचार्ज चंदन कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर महिला को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। महिला बेहोशी की हालत में है या नशे में पुलिस जांच कर रही है।

पादरी बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के बगल में रविवार रात 8 बजे एक ऑटो चालक ने महिला को सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गया। राहगीरों की नजर महिला पर पड़ी जिसके बाद लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने देखा कि महिला बेहोशी की हालत में है। काफी प्रयास के बाद भी महिला होश में नहीं आई। सूचना मिलते ही शाहपुर थाने की पादरी बाजार पुलिस पहुंच गई। महिला की पहचान के लिए प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।

# शोभायात्रा के मार्गों की ड्रोन कैमरे से निगरानी

गोरखपुर। भगवान नृसिंह शोभा यात्रा की तैयारी में जुटी पुलिस ने रविवार को यात्रा के मार्गों का ड्रोन कैमरे से निगरानी कर उपद्रवी तत्वों के खिलाफ सख्ती का निर्देश दिया। वहीं जुलूस के मार्ग पर पुलिस अफसरों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा का जायजा लिया।

# होलिका दहन को लेकर आज बदले रहेंगे शहर के रूट

गोरखपुर। होलिका दहन को लेकर छह मार्च सुबह दस बजे से समाप्ति तक यातायात परिवर्तित रहेगा। इसके साथ ही आठ मार्च को होली को निकलने वाले नरसिंह यात्रा को लेकर भी डायवर्जन कर दिया गया। उस दिन घोष कंपनी और कई रास्तों से आवागम प्रतिबंधित रहेगा।

- नौसढ़ से आने वाले भारी वाहन महराजगंज एवं सोनौली जाने वाले ट्रांसपोर्टनगर, पैडलेगंज, मोहद्दीपुर, जेल बाईपास, खजांची होकर जाएंगे
- देवरिया से आने वाले भारी वाहन खोराबार बाईपास, तारामंडल, पैडलेगंज तिराहा होते हुए जाएंगे
- सोनौली की तरफ से आने वाले वाहन बरगदवां, भगवानपुर स्पोर्ट कॉलेज, खजांची चौक, मोहद्दीपुर, पैडलेगंज, होते हुए जाएंगे
- महराजगंज से आने वाले सभी वाहन स्पोर्ट कॉलेज, खजांची चौक, मोहद्दीपुर, पैडलेगंज होते हुए जाएंगे
- कुशीनगर की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन कोनी, रामनगर करजहां, खोराबार बाईपास, तारामंडल, पैडलेगंज तिराहा होते हुए जाएंगे

## होली के दिन ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

- नार्मल टैक्सी स्टैंड से पांडेयहाता, घंटाघर तक सभी वाहन, साइकिल व रिक्शा सभी प्रतिबंधित रहेंगे
- हुमायूंपुर रेलवे क्रॉसिंग से गंगेज चौराहा, अलीनगर, बक्शीपुर, घंटाघर की तरफ दो पहिया, तीन पहिया सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे
- अग्रसेन तिराहा से बक्शीपुर तक सभी वाहन प्रतिबंधित
- विजय चौक से अलीनगर, चरन लाल चौक की तरफ वाहन प्रतिबंधित
- बक्शीपुर से खूनीपुर, साहबगंज तक वाहन, रिक्शा प्रतिबंधित
- दुर्गाबाड़ी, लाडिग्गी से गीता प्रेस, जटाशंकर तिराह से अलीनगर की तरफ भी सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे

# पिपराइच में विषाक्त भोजन से 60 बीमार

## शादी समारोह में रसमलाई खाने से बिगड़ी तबीयत, 30 से अधिक गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराए गए

**अफरातफरी**



रविवार को शादी समारोह में रसमलाई खाने के बाद तबीयत बिगड़ने पर पीड़ितों को सीएचसी पिपराइच में भर्ती कराया गया।

- एक साथ इतने लोगों के बीमार होने से प्रशासन में हड़कंप मचा
- विभाग ने खाद्य पदार्थ के नमूने जांच के लिए कब्जे में लिए
- महराजगंज से आई थी बारात बीमारों में महिलाएं-बच्चे ज्यादा

**पिपराइच (गोरखपुर), हिन्दुस्तान टीम।** गोरखपुर के पिपराइच के एक मैरेज हाउस में रविवार रात विवाह समारोह के दौरान दूषित रसमलाई खाने से 60 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। उल्टी-दस्त के साथ चक्कर आने लगे। एक-एक कर लोग मैरेज हाउस में दर्द से तड़पने लगे। सीएचसी से 35 मरीजों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल और बीआरडी मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है। फूड पॉयजनिंग के शिकार लोगों में महिलाओं और बच्चों की संख्या सर्वाधिक है।

**पिपराइच संवाद के मुताबिक** गोदावरी मैरेज हाउस में गोपालपुर के एक परिवार की पुत्री का रविवार रात विवाह समारोह चल रहा था। बारात महराजगंज के बनकटिया से आई थी। खबर है कि रात करीब 9 बजे रसमलाई खाने के बाद बारातियों और घरातियों को परेशानी शुरू हुई। चंद मिनट बाद ही लोगों का जी मिचलाने लगा। कुछ लोग मौके पर ही उल्टी करने लगे। मौके पर अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में घरातियों ने बाइक और ऑटो से बीमार लोगों को लेकर पिपराइच सीएचसी पहुंचाना शुरू किया। कई लोगों को निजी अस्पतालों में भी ले जाया गया। एक साथ इतने लोगों के फूड पॉयजनिंग का शिकार होने की खबर से प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी, एएसपी मानुष पारीक, एडिशनल सीएमओ डॉ. नंदकुमार पिपराइच मौके पर पहुंचे। एडिशनल सीएमओ का कहना है कि 42 लोगों को सीएचसी लाया गया था जहां से 20 लोगों को जिला अस्पताल और 15 को बीआरडी रेफर कर दिया गया। शेष को प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने दिया गया। वहीं, खाद्य विभाग ने जांच के लिए खाद्य पदार्थ के नमूने लिए।

> संबंधित खबर P08

# अपहरण करने वालों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

- माडल शाप के मैनेजर ने साथियों संग युवक का अपहरण कर की थी पिटाई
- महानगर के कैंट थाना क्षेत्र के सिंघडिया मोहल्ले का है मामला

**जासं. गोरखपुर:** युवक का अपहरण कर पिटाई करने वाले आरोपितों पर कैंट थाना पुलिस ने रविवार को गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सिंघड़िया माडल शाप के मैनेजर ने अपने साथियों संग युवक का अपहरण कर पिटाई कर दी थी।

इस मामले में कैंट थाना पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट ने आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश को रिपोर्ट भेजी थी। अनुमति मिलने के बाद रविवार को थाना प्रभारी शशिभूषण राय ने गिरोह के सरगना गिरधरगंज निवासी सचिन यादव, माडल शाप के कर्मचारी शक्तिधर सिंह, देवरिया के गौरीबाजार निवासी विकेश शुक्ल, आवास-विकास कालोनी निवासी अंशुमान गौड़ उर्फ विनायक और शिवम सिंह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया।

# युवक पर अपहरण का मुकदमा

**पिपराइच** : थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को भगाने के आरोप में पुलिस ने आरोपित प्रदीप सिंह के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। किशोरी के पिता ने रविवार को दी तहरीर में बताया की तीन मार्च की रात घर में घुसकर उसकी पुत्री को आरोपित भगा ले गया। साथ में पुत्री 20 हजार का जेवर भी उठा ले गई। (जासं)

# फर्जी तरीके से करा लिया बैनामा, मुकदमा

**सहजनवां** : थाना क्षेत्र के अजय श्रीवास्तव ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। अजय ने बताया कि वह प्रयागराज में नौकरी करते हैं। मां की मृत्यु नौ वर्ष पहले हो गई है। मां के नाम से कुछ भूमि थी। आरोपित उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने जून 2016 में दूसरी महिला को खड़ा कर फर्जी तरीके से भूमि बैनामा करा लिया। इस दौरान सुभाष चंद्र और अर्जुन ने गवाही की।

# पति समेत तीन पर दर्ज कराया उत्पीड़न का मुकदमा

भटहट : पिपराइच थाना क्षेत्र के अतरौलियां निवासी रीना देवी ने तहरीर देकर रविवार को पति समेत सास, ससुर पर मारपीट व उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया। पीड़िता ने बताया कि 23 फरवरी को पति रंजीत यादव के साथ सास आशा देवी व ससुर महातम यादव ने मारपीट कर घर से भगा दिया था। कई बार सुलह समझौते का प्रयास किया गया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। थाना प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

# अभेद्य सुरक्षा, चप्पे-चप्पे की होगी निगरानी

- **नरसिंह शोभायात्रा की सुरक्षा में लगी 1800 की ड्यूटी**
- **आइजी ने पुलिस लाइन में की बैठक डीएम-एसएसपी ने की गश्त**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** होली के दिन भगवान नरसिंह शोभायात्रा की सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। शोभायात्रा मार्ग के दोनों तरफ घरों, दुकानों के मालिकों व किराएदारों की पुलिस व खुफिया एजेंसियों ने जानकारी जुटा ली है। रविवार की दोपहर में आइजी रेंज जे. रविन्दर गौड ने पुलिस लाइन में अधिकारियों संग बैठक कर सुरक्षा-व्यवस्था पर मुहर लगाई। शाम को शोभायात्रा मार्ग पर ड्रोन से निगरानी करने के साथ ही डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने फोर्स के साथ पैदल गश्त की।



पुलिस लाइन में अधिकारियों संग बैठक करते आइजी जे. रविन्दर गौड●सौ. इंटरनेट मीडिया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर भगवान नरसिंह की महाआरती कर शोभायात्रा के रथ पर सवार होकर होली खेलते हैं। शोभायात्रा के मार्ग पर सड़क से सटे एक हजार मकान और 500 से अधिक दुकाने हैं। एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) के साथ ही स्थानीय थाने की पुलिस मकान में रहने वाले परिवार व किराएदारों का सत्यापन कर चुकी है। शोभायात्रा मार्ग की सुरक्षा में छह एडिशनल एसपी, 15 सीओ, 70 निरीक्षक, 200 दारोगा, 800 सिपाही, 120 महिला सिपाही, छह कंपनी पीएसी, एक कंपनी एसएसबी, तीन ड्रोन, 18 सीसी कैमरे लगाए गए हैं। लखनऊ से एटीएस कमांडो का दस्ता भी गोरखपुर पहुंच गया है।

**आज से शुरू हो जाएगी शोभायात्रा मार्ग की निगरानी :** पांच किमी लंबी इस शोभयात्रा का नेतृत्व गोरक्षपीठाधीश्वर करते हैं। रास्ते में घरों की छतों से शहरवासी उन पर रंग बरसाते हैं। पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री भी हैं, लिहाजा पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। सोमवार से ही पुलिस शोभायात्रा मार्ग की सुरक्षा में मुस्तैद हो जाएगी। सादे कपड़े में भी पुलिस के जवान लगाए जा रहे हैं। शोभायात्रा को सुरक्षा के लिहाज से सात जोन और 19 सेक्टर में बांटा गया है।

# बदली रहेगी शहर की यातायात व्यवस्था



**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** होलिका दहन को लेकर सोमवार को शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। सुबह 10 बजे से होलिका दहन तक कई रास्तों पर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इसे लेकर यातायात पुलिस ने तैयारी कर ली है। आठ मार्च को होली के दिन निकलने वाले नरसिंह यात्रा को लेकर भी डायवर्जन लागू रहेगा। शोभायात्रा के समय घंटाघर की तरफ वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

## होली के दिन ऐसी रहेगी यातायात व्यवस्था

- नार्मल टैक्सी स्टैंड से पांडेयहाता, घंटाघर तक दो पहिया, चार पहिया, तीन पहिया, साइकिल व रिक्शा सभी प्रतिबंधित रहेंगे
- हुमायूंपुर रेलवे क्रासिंग से गंगेज चौराहा, अलीनगर, बक्शीपुर, घंटाघर की तरफ दो पहिया, तीन पहिया सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे
- अग्रसेन तिराहा से बक्शीपुर तक सभी वाहन प्रतिबंधित
- विजय चौक से अलीनगर, चरनलाल चौक की तरफ वाहन प्रतिबंधित
- बक्शीपुर से खूनीपुर, साहबगंज तक वाहन, रिक्शा प्रतिबंधित
- दुर्गाबाड़ी, लालडिग्गी से गीता प्रेस, जटाशंकर तिराह से अलीनगर की तरफ भी सभी वाहन, रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे

## इधर से जाएंगे वाहन

- नौसढ़ से आने वाले भारी वाहन महराजगंज एवं सोनौली जाने के लिए ट्रांसपोर्टनगर, पैडलेगंज, मोहद्दीपुर, जेल बाईपास, पादरीबाजार चौकी, खजांची होकर जाएंगे।
- देवरिया की तरफ से आने वाले भारी वाहन खोराबार बाईपास, तारामंडल, पैडलेगंज तिराहा होते हुए जाएंगे।
- सोनौली की तरफ से आने वाले वाहन बरगदवां, स्पोर्टस कालेज, खजांची चौक, मोहद्दीपुर, पैडलेगंज, अमर उजाला तिराहा होते हुए जाएंगे।
- महराजगंज से आने वाले सभी वाहन स्पोर्टस कालेज, खजांची चौक, मोहद्दीपुर, अमर उजाला होते हुए जाएंगे।
- कुशीनगर की तरफ से आने वाले भारी वाहन कोनी, रामनगर करजहां, खोराबार बाईपास, तारामंडल होते हुए जाएंगे।

# युवक को गोली मारने के मामले में चार लोगों पर मुकदमा

**सहजनवां :** सुरगहना निवासी युवक मान सिंह यादव को गोली मारने के मामले में पिता रामकरन की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। सहजनवां थाना क्षेत्र के सुरगहना निवासी मान सिंह यादव शनिवार को दोपहर 12:30 बजे बाइक से सहजनवां के लिए निकला था। आरोप है कि टिकरिया बांध के पास तीन बाइक सवारों ने गोली चला दी। गोली बाएं जंघा में लगने से वह गिर गया। आसपास के लोग इलाज के लिए सीएचसी सहजनवां लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था, जहां इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में पंचम, सिब्बन, अयोध्या पुत्र रामप्रीत और विनय यादव पुत्र रामसागर के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।



एडी चौक बैंकरोड पर होलिका दहन समिति के सदस्यों को कंडे देते कोतवाली के पुलिसकर्मी •जागरण

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मृत्यु, हत्या का मुकदमा

**उनवल** : खजनी थाना क्षेत्र के कंदराई में शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने पति समेत ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। गगहा थाना क्षेत्र के कौड़ीराम निवासी जयनाथ चौरसिया ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि पुत्री कुसुम की शादी 14 वर्ष पहले कंदराई निवासी धर्मवीर चौरसिया से की थी। शादी के बाद से ही पति समेत ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। इसी बीच पुत्री पैदा होने पर उसे घर से निकाल दिया। चार वर्ष तक वह मायके में रही। उसके बाद ससुराल के लोग विदाई कराकर ले गए। उसे एक पुत्र भी हुआ। चार मार्च की रात कुसुम के ससुर ने फोन कर मृत्यु की सूचना दी। वहां पहुंचने पर कुसुम की 10 वर्षीय पुत्री खुशी और छह वर्षीय पुत्र आदर्श ने बताया कि बुआ के 500 रुपये गायब होने पर चाचा ने रस्सी से बांधकर मम्मी को बहुत मारा है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए थानों पर रहेगी एंबुलेंस

**गोरखपुर** : होली के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों का उपचार पुलिस तत्काल कराएगी। इसके लिए हर थाने पर चार दिनों तक एक-एक एबुंलेंस की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों की मांग पर पहली बार यह व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम प्रबंधक एबुंलेंस ने जिले के 28 थानों पर 108 नंबर की एबुंलेंस व चालक के सीयूजी नंबर के साथ सूची जारी कर दी हैं। जो छह मार्च को थाने पर पहुंच जाएंगे और नौ मार्च तक मौजूद रहेंगे। थानेदार इन वाहनों को अपने साथ लेकर चलेंगे। त्योहार के दौरान कहीं मारपीट या कोई दुर्घटना होती है तो पुलिस तत्काल घायलों को प्राथमिक उपचार दिलाते हुए नजदीक के अस्पतालों में भिजवाएगी।

# महिला को सड़क किनारे फेंक भागा आटो चालक

**जासं. पादरी बाजार :** आटो चालक रविवार की रात एसबीआइ की पादरी बाजार शाखा के पास महिला को अचेतावस्था में सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे बीआरडी मेडिकल कालेज ले गई। महिला की पहचान नहीं हुई है। गुलरिहा थाना पुलिस आटो चालक की तलाश कर रही है। रविवार की रात में आठ बजे आटो लेकर चालक बैंक की शाखा के पास पहुंचा। कुछ देर रुकने के बाद आटो में पड़ी महिला को सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गया। राहगीरों की नजर पड़ी तो पानी और नीबू का रस महिला के मुंह में डाला, लेकिन होश नहीं आया, जिसके बाद सूचना पुलिस को दी। शाहपुर व गुलरिहा थाना पुलिस ने महिला की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन वह कुछ बोल नहीं पा रही थी। शरीर पर चोट का निशान होने की वजह से अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि महिला के होश में आने पर ही पता चलेगा कि उसके साथ क्या हुआ। आटो चालक की तलाश चल रही है।

# महिला को मारपीट कर घर से निकाला, मुकदमा

**पादरी बाजार :** शाहपुर थाना क्षेत्र के चरगांवा निवासी रीना गिरी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। उन्हें मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, सास-ससुर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि गोंडा के पुरेदेवनाथ गोसाईपुरवा मनकापुर निवासी अरविंद गिरी से उसकी शादी हुई थी।

# एसएसपी के निर्देश पर आठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**भटहट :** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष पासवान ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ब्लाक मुख्यालय सभागार में 24 फरवरी को प्रशिक्षण के दौरान मारपीट मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। संतोष ने बताया कि डीपीआरओ के संबोधन का वीडियो बना रहे थे। चिलबिलवां निवासी सुग्रीव सिंह, आशीष उर्फ सिंटू और पप्पू सिंह के साथ अन्य लोगों ने मोबाइल छीनते हुए मारापीटा। गाली देते हुए जेब में रखे रुपये भी निकाल लिए। थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# युवक पर अपहरण का मुकदमा

पिपरौली : गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने रविवार को रंजीत के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने तहरीर में बताया कि आरोपित 25 फरवरी की शाम को उसकी 14 वर्षीय पुत्री को नौसढ़ स्थित चाय की दुकान से भगा ले गया। (जासं)

## दो पक्षों में मारपीट, तीन पर मुकदमा

पादरी बाजार : शाहपुर थाना क्षेत्र के चारपुरवा और केवटहिया टोला में शनिवार की रात हुई मारपीट में विजय, साधू, सुनील समेत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। चारपुरवा की उर्मिला देवी ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कुंदन और अनिकेत शनिवार की देर शाम मंदिर में बैठकर बात कर रहे थे। इसी दौरान बगल गांव के युवक वहां पहुंचे और लाठी-डंडे से मारपीट कर फरार हो गए। (जासं)

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

झंगहा : चौरी चौरा थाना पुलिस ने रविवार को दुष्कर्म के आरोपित अरबाज को मोतीराम अड्डा से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। (जासं)

# बस में चोरी हुए महिला के जेवर, दो पर केस

**जासं, सहजनवां** : गीडा थाना पुलिस ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के जटेपुर उत्तरी निवासी संगीता राय की तहरीर पर अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने तहरीर में बताया है कि 28 फरवरी को गाजीपुर डिपो से बस से गोरखपुर के लिए निकलीं। नौसढ़ चौराहे पर उतरने पर बैग में रखे 50 हजार रुपये नगद और डेढ़ लाख रुपये कीमत के जेवर गायब थे।

संगीता का कहना है कि बस में बगल की सीट पर एक महिला बैठी थी। बड़हलगंज के पटना तिराहे पर उसने अपनी बेटी को भी बैठा लिया। बातचीत में महिला ने बताया कि वह बेतियाहाता स्थित अस्पताल में दिखाने जा रही है। उनके बताए अस्पताल पहुंचने पर दोनों महिलाएं मिल गईं। उनके पास से गायब 50 हजार रुपये बरामद हुए।

मौके पर पहुंची कैंट पुलिस उन्हें थाने ले गई। वहां से गीडा थाना भेज दिया। थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्र ने बताया कि दो अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## चलती ट्रेन में चोरी कर भागने वाला बदमाश गिरफ्तार

जासं.गोरखपुर : चलती ट्रेन में सामान व मोबाइल फोन चोरी करके कूदकर भागने वाले बदमाश को जीआरपी थाना प्रभारी ने रविवार की सुबह रेलवे स्टेशन के पास गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। एसपी रेलवे डा.अवधेश सिंह ने बताया कि जीआरपी थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह रविवार की सुबह सिपाहियों संग स्टेशन परिसर में चेकिंग कर रहे थे। सर्कुलेटिंग एरिया में पीपल के पेड़ के पास खड़े युवक को सिपाहियों ने टोका तो भागने लगा। घेराबंदी कर सिपाहियों ने दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में उसकी पहचान कुशीनगर जिले के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र स्थित बतरौली निवासी पप्पू उर्फ जफीरुल के रूप में हुई। पकड़े गए बदमाश पर सात मुकदमे दर्ज हैं। उसके विरुद्ध गैंगस्टर की भी कार्रवाई हो चुकी है।

## मोबाइल लूटने वाला आरोपित गिरफ्तार

पीपीगंज: थाना पुलिस ने बाइक से मोबाइल फोन लूटने वाले आरोपित को रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से लूट का मोबाइल फोन व एक बाइक भी बरामद किया। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि दोनों आरोपित रायपुर निवासी विशाल साहनी के विरुद्ध लूट मामले में कई मुकदमे दर्ज हैं। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

**एटीएम बदलकर रुपये निकालने वाले दो गिरफ्तार**: बांसगांव : थाना पुलिस ने रविवार को एटीएम बदल कर रुपये निकालने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी बासगांव विज्ञानकर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित आकाश मिश्रा सिकरीगंज थाना के ग्राम गोविंदपुर और तेज प्रताप यादव झउवा के रहने वाले हैं। दोनों के पास से 24 एटीएम कार्ड, सोने की चेन, एक बाइक और 29 हजार 500 रुपये बरामद हुए हैं।

# चमकाने के बहाने ले भागे गहने, एक को लोगों ने पकड़ा

## गोरखनाथ क्षेत्र में शनिवार की शाम को हुई घटना, मुकदमा दर्ज, पिपराइच का रहने वाला है आरोपित

**जासं, गोरखपुर :** चमकाने के बहाने स्वास्थ्यकर्मी व दवा व्यापारी की पत्नी के गहने लेकर जालसाज फरार हो गए। महिलाओं के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने एक आरोपित को पकड़ लिया। दूसरा जालसाज पांच लाख रुपये कीमत के गहने लेकर भागने में सफल रहा। गोरखनाथ थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है।

गोरखनाथ के शास्त्रीपुरम विस्तार कालोनी में शनिवार की शाम दो व्यक्ति साधु वेष में पहुंचे। कालोनी में रहने वाले स्वास्थ्यकर्मी अनूप श्रीवास्तव की पत्नी नीलम और उनके किराएदार दवा व्यापारी अमरेंद्र की पत्नी सीमा सिंह को झांसा देकर सोने-चांदी के गहने साफ करने के लिए ले लिया। बातों में उलझाकर उन्हें पानी गर्म करने के लिए भेज दिया। महिलाओं के अंदर जाते ही जालसाज गहने लेकर फरार हो गए। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने दौड़ाकर एक जालसाज को पकड़ लिया। उसकी पहचान पिपराइच के महमूदाबाद निवासी चैतू के रूप में हुई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपित की तलाश चल रही है।

## जालसाजी कर रुपये चुराने वाले गिरफ्तार, जेल भेजा

- भूमि दिखाने के नाम पर कार में बैठाकर चुरा लिए थे रुपये
- दो मार्च को पिपराइच क्षेत्र में हुई थी घटना, कुशीनगर के हैं आरोपित

**जासं.गोरखपुर:** भूमि दिखाने का झांसा देकर बुजुर्ग की जेब से 30 हजार रुपये निकालने वाले दो आरोपितों को पिपराइच थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। कुशीनगर जिले के रहने वाले आरोपितों के कब्जे से चोरी के 30 हजार रुपये बरामद हुए। दोपहर बाद आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।



पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते एसपी नार्थ मनोज अवस्थी • जागरण

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने रविवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिपराइच के महरी गांव निवासी सत्यप्रकाश दो मार्च को पंजाब नेशनल बैंक की पिपराइच शाखा से 30 हजार रुपये निकालकर साइकिल से घर जा रहे थे। रास्ते में बड़ेगाव के पास काले रंग की कार से आए दो युवकों ने सत्यप्रकाश की साइकिल रखवाकर सस्ते दर पर भूमि दिखाने का झांसा देकर गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद रास्ते में थूकने के बहाने कई बार खिड़की की तरफ झुकने के दौरान सत्यप्रकाश की जेब में रखे 30 हजार रुपये निकाल लिए। जालसाजी कर चोरी करने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस दोनों आरोपितों की तलाश कर रही थी।

रविवार की सुबह कुशीनगर के रामकोला थाना क्षेत्र के खुटही निवासी अभिषेक यादव और उसी गांव के सचिन यादव को पिपराइच थानेदार सूरज सिंह ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

**एटीएम कार्ड बदलकर नौ हजार रुपये निकाले: सहजनवां :** थाना क्षेत्र के लुचुई निवासी प्रिंस सिंह ने अज्ञात के खिलाफ एटीएम कार्ड बदलकर नौ हजार रुपये निकालने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में प्रिंस ने बताया कि संतकबीर नगर जिले के मेंहदावल शाखा में उसका खाता है। 30 जुलाई 2022 को सहजनवां कस्बा स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में पैसा निकालने गया था। इसी दौरान मौजूद एक व्यक्ति ने एटीएम कार्ड बदलकर नौ हजार रुपये निकाल लिए।

### जमीन देने के नाम पर हड़पे 16 लाख, मुकदमा

जासं, सहजनवां : गीडा पुलिस ने लखनऊ में जमीन देने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। रविवार को थाना क्षेत्र के विश्वामित्र यादव ने तहरीर देकर बताया कि उनके पिता रेलवे में लखनऊ में नौकरी करते थे। भाई देशमित्र के जरिये विनय यादव नाम के युवक ने लखनऊ में 45 लाख रुपये में जमीन का सौदा किया। सितंबर 2020 और फरवरी 2021 तक 16 लाख रुपये आरोपित को दिए गए। इसके बाद आरोपित आनाकानी करने लगा। पैसा भी वापस नहीं कर रहा है। थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर गोंडा जिले के कोतवाली थाना के खैरा नई बस्ती निवासी विनय यादव, मुंशी यादव, सुशील यादव और संजय यादव के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बीडीसी सदस्यों के प्रशिक्षण के दौरान मारपीट में केस दर्ज

## 24 फरवरी को हुई थी घटना, एसएसपी के आदेश पर कार्रवाई

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। भटहट विकास खंड परिसर में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण के दौरान सदस्य से मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। एसएसपी के आदेश पर तीन नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मारपीट, बलवा, लूट, एससीएसटी की धारा में केस दर्ज कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर 2 के परसिहवा टोला निवासी संतोष पासवान वर्तमान में वार्ड संख्या 48 से क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। 23 फरवरी को ब्लॉक में दो दिवसीय क्षेत्र पंचायत का प्रशिक्षण था।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन 24 फरवरी को जिला पंचायती राज अधिकारी एवं प्रमुख प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर के संबोधन के समय वीडियो बनाते समय दोपहर 1:20 पर प्रमुख प्रतिनिधि के ड्राइवर सुग्रीव सिंह निवासी आराजी चिलबिलवा, आशीष उर्फ सिंटू निवासी भटहट, पप्पू सिंह तथा पांच अज्ञात लोग जानलेवा हमला कर दिए।

मना करने पर गालियां देते हुए पीड़ित को पटक दिया और मारा पीटा। यह भी आरोप है कि जेब में रखे पांच सौ रुपये भी छीन लिए।

# बहन से छेड़खानी करने पर भाई पर रिपोर्ट दर्ज

## गोरखनाथ इलाके की घटना, पुलिस कर रही जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** गोरखनाथ पुलिस ने युवक पर बहन से छेड़खानी करने और पीटने का केस दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि शराब के नशे में रोजाना रात में भाई मारपीट करता है और छेड़ता भी है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही।

युवती ने तहरीर में लिखा है कि शराब के नशे में घर आने के बाद बड़ा भाई उसको पीटता है। बचाव करने पर मां को भी प्रताड़ित करता है। दो मार्च की रात कमरे में आकर छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर पीटने लगा। आसपास के लोग पहुंचे तो फरार हो गया।

**घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी** : गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी से छेड़खानी का मामला सामने आया है। पुलिस जांच कर रही। किशोरी के पिता ने तहरीर में लिखा है कि शनिवार रात गांव का ही युवक घर में घुस गया और छेड़खानी करने लगा। शोर सुनकर घरवाले जग गए तो वह फरार हो गया। ब्यूरो

### प्रधानाचार्य ने रचाई दूसरी शादी, पत्नी ने दर्ज कराया केस

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** शाहपुर इलाके के चरगांवा निवासी रीना देवी ने अपने पति अरविंद गिरी पर केस दर्ज कराया। आरोप है कि उनके प्रधानाचार्य पति उन्हें मारते पीटते थे, अब उन्होंने बिना तलाक दूसरी कर ली। पुलिस तहरीर के आधार पर पति और सास-ससुर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के चरगांवा निवासी रीना देवी ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गोंडा के पुरे देवनाथ गोसाईपुरवा मनकापुर निवासी पति अरविंद गिरी हमेशा मारते पीटते हैं। अब वह अपने सगे मामा की लड़की से शादी कर लिए हैं, जिससे एक बच्ची भी है। कई बार ससुराल जाने की कोशिश की गई तो पति, सास व ससुर ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पति गोंडा स्थित एक विद्यालय में प्रधानाचार्य हैं।

# दो पक्षों में मारपीट, तीन के खिलाफ केस

## शाहपुर इलाके के चारपुरवा और केवटहिया टोले के बीच हुई घटना में चले ईंट और पत्थर

अमर उजाला ब्यूरो

**पादरी बाजार।** शाहपुर इलाके के चारपुरवा और केवटहिया टोला में शनिवार की रात दोनों गांव के लोगों में मारपीट हो गई। ईंट-पत्थर चले, जिसमें कुंदन का सिर फट गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**एक युवक का सिर फटा**
**पीड़ित की तहरीर पर कार्रवाई**

जानकारी के मुताबिक, जंगल सालिकराम स्थित चारपुरवा निवासी कुंदन और अनिकेत शनिवार की रात गांव में स्थित मंदिर पर बैठकर आपस में बात कर रहे थे। आरोप है कि बगल के गांव के तीन चार युवक पहुंचे और किसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर फोन से अपने दोस्तों को बुला लिया।

कुछ देर में दोनों गांव के दर्जनों युवक व महिला आमने-सामने हो गए। ईंट-पत्थर और डंडे चले। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी फरार हो गए। चारपुरवा निवासी उर्मिला देवी की तहरीर पर पुलिस ने विजय, सुनील, साधू और तीन-चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।





घटना के बाद पिपराइच सीएचसी में भर्ती मरीजों का इलाज करते चिकित्सक और हालचाल लेते परिजन। संवाद

# फूड प्वाइजनिंग : बरातघर की सील तोड़कर कराई शादी

## रंग में भंग - रसमलाई खाने के बाद सौ लोगों की हालत बिगड़ी तो दूल्हा-दुल्हन की महज बीस मिनट में करा दी शादी

महेंद्र तिवारी

**पिपराइच।** रसमलाई खाने से सौ से अधिक लोगों के बीमार पड़कर अस्पताल में भर्ती होने से शादी की खुशियां चीख-पुकार में बदल गईं। जिस मैरिज हॉल में डीजे बजने से शोर था, उसमें देखते ही देखते सन्नाटा पसर गया।

यही नहीं, घटना के बाद सील मैरिज हॉल को देर रात करीब एक बजे खुलवाकर दूल्हा-दुल्हन की 20 मिनट में शादी करा दी गई। बिना शहनाई बजे और मंगलगीत गूंजे दूल्हा-दुल्हन ने सात फेरे लिए तो कई अपने नाराज हो गए।

गोदावरी मैरिज हॉल में रविवार को शादी समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। समारोह में शामिल होने के लिए हर कोई सज-धजकर तैयार था। डीजे पर तेज गति से गाने बज रहे थे। कई लोग थिरक रहे थे तो कई एक-दूसरे से बातचीत में मशगूल थे। इसी बीच रसमलाई खाने से कुछ लोग उल्टी-दस्त करने लगे। धीरे-धीरे मरीजों की संख्या बढ़ने लगी तो बरात घर में अफरातफरी मच गई। लोग मरीजों को लेकर अस्पताल भागने लगे। डीजे का शोर थम गया। कुछ ही देर में जिस मैरिज हॉल में शहनाई गूंजनी थी वहां सन्नाटा पसर गया।

उधर, सीएचसी में हर तरफ चीख-पुकार मची रही। कोई उल्टी कर रहा था, तो कोई पेट दर्द की शिकायत करते हुए कराह रहा था।



पिपराइच सीएचसी में भर्ती मरीजों को देखने आए लोग। संवाद

### जिला अस्पताल में इनका चल रहा इलाज

जिला अस्पताल में पिपराइच के रहने वाले दिलीप, विकास, पवन यादव, गोविंद, शेखर कुमार, अखिलेश, सनी, कमला देवी श्रीवास्तव, माधुरी श्रीवास्तव, राम बटन श्रीवास्तव, दिव्या श्रीवास्तव, लक्ष्य, अजय, अंजू श्रीवास्तव का इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल में बीमार मरीजों का हाल जानने देर रात सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे और अस्पताल अधीक्षक डॉ. अंबुज पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि मरीजों की हालत खतरे से बाहर है।

### मैरिज हॉल के आसपास बेहोश मिले लोग

**मैरिज** हॉल के आसपास खेतों में कुछ लोग बेहोशी की हालत में मिले। ग्रामीणों ने बेहोशी की हालत में पड़े लोगों की सूचना पुलिस को दी। पिपराइच थानाध्यक्ष सूरज और आनंद कुमार ने एंबुलेंस की मदद से मरीजों को सीएचसी भिजवाया।

किसी को बेड नहीं मिल रहा था तो किसी को बेहोशी आ रही थी। इसी अफरातफरी के बीच सील मैरिज हॉल को खुलवाकर मोनी और अमित की शादी करवा दी गई।

शादी के बाद बिना किसी तैयारी के दूल्हा और दुल्हन महराजगंज चले गए। उनकी शादी ऐसी हुई कि कई रिश्तेदारों को पता भी नहीं चला। शादी की जानकारी रिश्तेदारों को हो रही थी तो उन्हें यकीन नहीं हो रहा था। दूसरी तरफ, जब शादी हो गई तो पुलिस ने राहत की सांस ली। संवाद

### महराजगंज के परतावल से आई थी रसमलाई

**बताया** जा रहा है कि जिस रसमलाई को खाने से सौ से अधिक लोग बीमार हुए हैं वह महराजगंज के परतावल के एक मिठाई के दुकान से मंगाई गई थी। बची हुई रसमलाई का सैंपल फूड इंस्पेक्टर ने ले लिया है।



### गर्मी में दूध की मिठाई ज्यादा खतरनाक

**सीएमओ** डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि रस वाली मिठाई खासकर दूध से बनी मिठाई इस मौसम में ज्यादा खतरनाक होती है। इस समय मौसम सर्द और गर्म दोनों तरह का है। ऐसे में दूध के खराब होने की आशंका रहती है। इसी वजह से फूड प्वाइजनिंग का खतरा रहता है। इस मामले में भी दूध के खराब होने के चांस ज्यादा हैं। रसमलाई में दूध ज्यादा होता है, जो इस मौसम में अक्सर खराब हो जाता है।

**कवरेज**
**रात 1:00 बजे**







गोदावरी बरातघर में सजा मंडप, पसरा सन्नाटा। सीएचसी में भर्ती मरीज व घटना स्थल पर आई पूलिस । संवाद

# जालसाजी करने के दो आरोपी दबोचे जेल भेजे गए

गोरखपुर। पिपराइच इलाके में बैंक से रुपये निकालकर लौट रहे सत्यप्रकाश को कार में बैठाकर 30 हजार रुपये चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 30 हजार रुपये भी बरामद किए गए। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुशीनगर के रामकोला थाना क्षेत्र के खुटही निवासी अभिषेक यादव और उसी गांव के सचिन यादव के रूप में हुई है। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाश के बारे में जानकारी दी।

एसपी नार्थ ने बताया कि महरी गांव निवासी सत्यप्रकाश दो मार्च को पंजाब नेशनल बैंक पिपराइस से 30,000 रुपये निकाल कर साइकिल से घर जा रहे थे। संवाद

## जालसाजी के दो आरोपी गिरफ्तार

चिलुआताल। पुलिस ने जमीन के नाम पर जालसाजी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान गुलरिहा के कुन्दरिहा निवासी रामचन्दर निषाद और रामकान्द के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## मारपीट व दुष्कर्म का आरोपी धराया

गोरखपुर। गोला पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट व दुष्कर्म करने के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान गोला के चिकनिया निवासी विक्की के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## पिकअप की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

बेलघाट। इलाके के शंकरपुर तिराहे पर रविवार को पिकअप की चपेट में आने से साइकिल सवार 70 वर्षीय बुजुर्ग महावीर शुक्ला की मौत हो गई। बघाड़ निवासी महावीर शुक्ला होली का बाजार करने शंकरपुर साइकिल से आए थे। दोपहर 12 बजे शंकरपुर तिराहे पर थे कि पिकअप ने रौंद दिया जिससे मौत हो गई। ब्यूरो

## दो बदमाशों पर इनाम घोषित

गोरखपुर। राजघाट और चिलुआताल थाने में दर्ज केस में फरार चल रहे दो आरोपियों पर एसएसपी ने 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। जामा मस्जिद निवासी मोहम्मद जफार उर्फ अज्जू हत्या की कोशिश का आरोपी है। दूसरा बदमाश मोहरीपुर का वीरेंद्र कसौधन है। उसके खिलाफ चिलुआताल थाने में गैंगस्टर का केस दर्ज है। एसएसपी ने दोनों पर इनाम घोषित किया है। ब्यूरो

# चमकाने के बहाने आभूषण लेकर फरार, एक हिरासत में

## गोरखनाथ इलाके में जालसाजों ने की घटना, मुकदमा दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखनाथ इलाके में जालसाज दवा व्यापारी की पत्नी का गहना चमकाने के बहाने लेकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को दौड़ा कर पकड़ लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

शास्त्रीपुरम विस्तार कालोनी में शनिवार शाम दो व्यक्ति साधु के वेष में पहुंचे। कालोनी में रहने वाले स्वास्थ्य कर्मी अनूप श्रीवास्तव की

**शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने दौड़ाकर एक जालसाज को पकड़ लिया**

पत्नी नीलम श्रीवास्तव और उनके किराएदार दवा व्यापारी अमरेंद्र की पत्नी सीमा सिंह को झांसा देकर सोने व चांदी के गहने साफ करने के लिए ले लिए।

दोनों महिलाओं को बातों में उलझाकर पानी गरम करने के लिए किचन में भेज दिया। महिलाओं के अंदर जाते ही दोनों जालसाज गहने लेकर फरार हो गए।

शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने दौड़ाकर एक जालसाज को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान पिपराइच के महमूदाबाद निवासी चैतू के रूप में हुई।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बस से आ रही महिला की नकदी, जेवर चोरी

अमर उजाला ब्यूरो

**पिपरौली।** गाजीपुर से बस से नौसड़ पहुंची महिला का 50 हजार रुपये और डेढ़ लाख रुपये कीमत का जेवर से भरा बैग गायब हो गया। पीड़िता की तहरीर पर गीडा पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ थाना क्षेत्र के जटेपुर उत्तरी निवासी संगीता राय ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि 28 फरवरी को गाजीपुर से गाजीपुर डिपो की बस में सवार होकर गोरखपुर के लिए चलीं। उनके बगल की सीट पर एक महिला बैठी थी। महिला बड़हलगंज पहुंचने पर पटना तिराहे पर खड़ी अपनी बेटी को बैठा ली।

संगीता नौसड़ चौराहे पर उतरीं तो बैग से रुपये व जेवर गायब थे। बस में बैठी अन्य महिलाओं के बताने पर वह एक अस्पताल पर पहुंचीं तो दोनों वहां मिल गईं और उनके पास से चुराए गए 50 हजार रुपये भी मिल गए।

गीडा थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने कहा कि पीड़ित संगीता राय की तहरीर पर दो अज्ञात महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-03-2023

## सब्जी बिक्रेता हत्या काण्ड : युवती समेत चार हिरासत में

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** पांच दिन पूर्व घर से गायब सब्जी बिक्रेता की शनिवार सुबह नकटा नाला के समीप बोरा में शव मिला था। इस मामले में रुद्रपुर पुलिस घटना के करीब पहुंचकर एक युवती समेत चार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस साक्ष्य की तलाश में जगह-जगह तलाशी ले रही। उल्लेखनीय है कि रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी नूर मुहम्मद पुत्र अली शेख 28 फरवरी की रात को घर से निकला था। जहां उसकी हत्या कर बोरे में शव को ले जाकार नकटा नाला के समीप फेक दिया था। पुलिस मोबाईल काल डिटेल्स के जरिये हत्या का खुलासा कर रही है।

रा० सहारा दि०-06/03/23

## भाजपा नेता को धमकी देने के मामले में एक को जेल

**सलेमपुर(एसएनबी)।** सलेमपुर, देवरिया बिहार के पूर्णिया जिला कारागार में बंद शातिर बदमाश सतीश सिंह समेत तीन नामजद और पांच अज्ञात सहित कुल आठ लोगो के खिलाफ स्थानीय कोतवाली में दर्ज मुकदमे धारा 383/506/507 एवं 120ठ में एक नामजद प्रदीप गुप्ता को आज कोतवाली पुलिस ने जेल भेज दियाद्य उसे तीन दिन पूर्व कोतवाली पुलिस ने स्थानीय रेलवे स्टेशन से हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी।

बताते है कि सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम हड़ुआ उर्फ औरंगाबाद के रहने वाले गोरख प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष हैद्य गोरखो प्रसाद के मकान के बगल में उनकी खाली भूमि है उसके बगल में प्रदीप गुप्ता की भी जमीन है दोनो में काफी दिनों से विवाद चल रहा हैद्य वैसे राजस्व विभाग की टीम ने प्लट का पैमाईश कर सीमांकन भी कर दिया है इसके बावजूद यह विवाद दिन प्रतिदिन गर्म होता जा रहा है इस मामले में गोरख प्रसाद का आरोप था की दूसरे पक्ष के लोगो ने विवाद के चलते एक शातिर बदमाश से संपर्क किया जो इस समय बिहार के पूर्णिया जेल में बंद है 28 फरबरी की रात में उनके मोबाइल नंबर से एक फोन आया फोन करने वालें ने धमकी देते हुए कहा कि मैं जेल में बंद सतीश सिंह बोल रहा हूं प्रदीप गुप्ता की जमीन इस समय मेरे कस्टडी में है उसे खाली कर दो वरना दो माह बाद जेल से निकलते ही क्या अंजाम होगा समझ लेनाद्य जेल से निकलते ही तुम्हे और तुम्हारे परिवार को जान म मरवा दूंगाद्य पुलिस ने भाजपा नेता के तहरीर पर शातिर बदमाश सतीश सिंह निवासी भरौली वार्ड नंबर 1, प्रदीप गुप्ता निवासी कस्बा सलेमपुर, तेज प्रताप निवासी हरैया वार्ड नंबर 8, तीन नामजद के अलावा पांच अज्ञात सहित कुल आठ के विरुद्ध धमकी देने सहित उपरोक्त गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

उक्त कें संबंध में जब सलेमपुर के कोतवाल गोपाल पाण्डेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद से इसकी विवेचना चल रही थी इस मामले में आज एक व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है शेष को पकड़ने के लिए जांच छापामारी अभियान जारी है वही इसकी विवेचना भी चल रही हैद्य उन्होंने बताया कि सतीश सिंह सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 भरौली का रहने वाला कुख्यात बदमाश है उसके खिलाफ बलिया, देवरिया और कुशीनगर के अलावा बिहार के कई थानों में अनेकों मुकदमे दर्ज हैंद्य 17 मार्च 2012 को मऊ जेल से हत्या के मामले में सतीश को पेशी के लिए देवरिया लाया गया थाद्य वापस लौटते समय सतीश के साथियों ने पेशी में सुरक्षा में आए सिपाही सुखराज सिंह को गोली मारकर सतीश हथकड़ी समेत छुड़ा लिया था।

**संक्षिप्त खबर**

रा० सहारा दि०-06/03/23

## 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

**देवरिया(एसएनबी)।** रविवार को थाना सुरौली पुलिस द्वारा ग्राम कोइलगड़हा ताल क्षेत्र में दबिश देकर 20 कुन्तल लहन व 9 भट्ठियों को नष्ट किया गया। साथ ही 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया। इस मामले में थाना सुरौली पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गयी।

## कच्ची के खिलाफ कार्रवाई

**बनकटा/अकटही बाजार (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के गाढ़ा स्थित ईट भट्ठा पर कच्ची दारु के खिलाफ आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामारी कर 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की शिनाख्त अभिषेक उराव उर्फ कर्मा उराव पुत्र कुलदीप उराव थाना भण्डरा जिला लोहरदग्गा तथा दूसरे अभियुक्त की शिनाख्त पंचम उरांव पुत्र रामजीवन उराव ग्राम मेरले जुमरा टोला थाना किसको जिला लोहरदग्गा झारखंड के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 60ईक्स के तहत कार्रवाई की है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह कांस्टेबल प्रमोद यादव राकेश तिवारी सहचालक कांस्टेबल नामवर सिंह यादव महिला कांस्टेबल नेहा सिंह आबकारी निरीक्षक श्याम नारायण आबकारी सिपाही नसीम अहमद नरसिंह तिवारी शामिल रहे।

## आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहलादपुर मरकड़ी निवासी सन्नी पुत्र अजय सिंह ने कोर्ट से 18 नवम्बर 2022 को मुकदमा लिखवाया था। दिये गये तहरीर में वादी सन्नी ने कहा था कि प्रतिवादी इन्द्रा देवी पत्नी स्व. जगत नारायण की दो शादी इन्द्रा देवी व शांति देवी से हुई थी। स्व. जगत नारायण सिंह आर्मी से रिटायर्ड होने के बाद तथाकथित दूसरी पत्नी शांति देवी उनके हर दस्तावेज जमीन, मकान आदि पर इन्द्रा देवी का हस्ताक्षर कर रह रही थीं। जिसके खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 का मुकदमा लिखा गया था। इस मामले में आरोपी महिला फरार चल रही थीं। कोर्ट से फरार महिला के खिलाफ धारा 82 के तहत नोटिस जारी किया। रुद्रपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक अंजनी कुमार यादव अपने हमराही सिपाही के साथ जाकर उसके घर नोटिस चस्पा किये। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2023 तक हाजिर न होने तक घर की कुर्की कर ली जायेगी।

रा० सहारा दि०-06/03/23

# कच्ची शराब के साथ एक धराया

**बरहज ।** विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत के तहत डी एम के निर्देश पंकज विवेक आबकारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष द्वारा परसिया देवार में संयुक्त दबिश दी गई। दबिश के दौरान 35 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद की गई । तथा एक कुंतल लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया है। पुलिस ने दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर एक व्यक्ति का जेल भेजा दिया है। यह अभियान होली पर को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए चला गया होली पर्व पर किसी प्रकार की उद्दंडता करने व रंग में भंग डालने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से निकले निपटेगी ।

दै० ([illegible]) दि० 06/03/23

# चोरी के तीन दिन बाद भी नहीं हुआ पर्दाफाश

**सलेमपुर।** भलुवनी थाना क्षेत्र के ग्राम सोनाडी में तीन दिन पूर्व हुवे लाखो रुपए की चोरी के मामले में भलुवनी पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही चोरी का पर्दाफाश कर पाई हैद्य मनोज कुमार शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर चोरी का पर्दाफाश कराने की मांग किया है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में मनोज कुमार शर्मा पुत्र केदार नाथ शर्मा ने दिए गए तहरीर में कहा है कि मेरे घर के बगल के पटीदार और मेरे चाचा मनोज लाल शर्मा के मकान में दो मार्च की रात में चोरों ने नकब काटकर 15000 रुपए नगद एवं सोने चांदी के जेवरात जिसकी कीमत 10 लाख रुपए से अधिक बताई जाती है चुरा ले गए थे दूसरे दिन तहरीर देने के बाद भी अब तक न ही मुकदमा कायम किया गया नही चोरी का कोई पर्दाफाश किया गयाद्य उन्होंने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

# पांच के खिलाफ हत्या व मारपीट का मुकदमा

**खुखुन्दू।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा मिश्र गांव के रहने वाले अनिल चौबे नई दिल्ली में एक आटो कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। होली के अवसर पर शनिवार की सुबह गांव आए थे। इसी बीच बगल के लोगों से गाय बांधने को लेकर विवाद होने लगा, इसी बीच विवाद बढ़ गया और प्रदीप के परिवार के लोग उनके दरवाजे पर लाठी डंडा गड़ासा व कुल्हाड़ी लेकर पहुंच गए और मारने पीटने लगे, जिससे सिर व शरीर के अंग में पर गंभीर चोटें आई, इलाज के दौरान महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कलेज में मृत्यु हो गई। मृतक अनिल चतुर्वेदी अपने पीछे पत्नी बंदना चतुर्वेदी एक पुत्र अर्पित चतुर्वेदी और एक पुत्री मृत्यु के बाद परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस गांव पहुंच गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मृतक की बहन कल्पना चतुर्वेदी की तहरीर पर गांव के प्रदुम्न उर्फ प्रदीप, रमेश, शिल्पी, आशीष व सूरज के खिलाफ हत्या व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि गाय बाधने को लेकर हुई हत्या के मामले में मृतक के बहन के तहरीर पर पाच लोगों के खिलाफ हत्या व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**सलेमपुर।** शब-ए-बारात एवं होली के त्यौहार के मध्य नजर तथा दोनो त्यौहार को शांत पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कोतवाल गोपाल पाण्डेय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने कम्बिंग करते हुए रोड मार्च किया तथा बाइक जुलूस निकालकर लोगो को शांत पूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने के लिए अपील किया। स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र के कस्बा सलेमपुर, नवलपुर ,मझौली सहित निभिन्न स्थानों पर आज पुलिस ने रोड मार्च कर लोगो को शांत पूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील कियाद्य कोतवाल गोपाल पाण्डेय ने कहा कि किसी को कानून के साथ खेलवाड़ नही करने दिया जाएगा और जो भी व्यक्ति त्यौहार में उतपाद मचाएगा एवं त्यौहार में विघ्न डालने का काम करेगा उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जायेगीद्य पुलिस का रोड मार्च एवं बाइक मार्च देख कर लोगो में दहशत पैदा हो गया था और लोग बरबस देखने को बाध्य हो गएद्य रोड मार्च में भारी संख्या में पुलिस के जवान सशस्त्र वर्दी में चल रहे थे।

राष्ट्रीय स्व० 06/03/23

हिन्दुस्तान दि०- 04/03/24

# सब्जी विक्रेता की हत्या मामले में युवती सहित चार हिरासत में

हि फॉलोअप

- रुद्रपुर थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव का रहने वाला था नूर मोहम्मद
- जांच में प्रेम प्रसंग में हत्या की बात आई सामने, साक्ष्य जुटाए गए



साक्ष्य की तलाश में रविवार को पुलिस ने खेतों में पहुंचकर छानबीन की। • हिन्दुस्तान

रुद्रपुर/रामलक्षन, हिन्दुस्तान संवाद। पांच दिनों पूर्व रात में घर से निकले सब्जी विक्रेता की बेरहमी से हत्या के मामले में रुद्रपुर पुलिस ने एक युवती समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को हत्याकांड में अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस साक्ष्य की तलाश में बागीचा और गेंहू के खेतों में जाकर छानबीन की। पुलिस ने युवक के मोबाइल कॉल डिटेल से लास्ट काल करने वाली युवती से लम्बी पूछताछ की है। युवती ने हत्या के बाद मोबाइल से काल डिटेल और फोटो सब डीलिट कर दिया है।

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर का रहने वाला नूर मोहम्मद (28) पुत्र स्व.अलीशेर रामलक्षन चौराहे पर सब्जी की दुकान लगाता था। 28 फरवरी की रात में नूर मोहम्मद के मोबाइल पर फोन आया। इसके बाद वह अपने भतीजे से कुछ देर में आने की बात कहकर घर से निकला। उसके बाद वह वापस लौट कर घर नहीं आया। शनिवार की दोपहर में गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बाकी स्थित नकटा नाला के पुल के नीचे बोरी में सब्जी विक्रेता का शव मिला। रुद्रपुर पुलिस ने मृतक के मोबाइल के कॉल डिटेल को खंगाला तो आखिरी काल वाली युवती से युवक की पहले कई बार बात हुई थी। पुलिस ने उस नम्बर को ट्रेस किया तो वह स्वीच आफ बता रहा था। पुलिस ने उस बंद नम्बर का पहले का लोकेशन ट्रेस किया तो वह उसके पड़ोस का ही निकला। रुद्रपुर पुलिस ने रविवार की भोर में मृतक के घर से कुछ दूरी पर एक मकान में छापेमारी किया। घर में मौजूद युवती, उसकी मां और दो पुरुषो को हिरासत में लेकर अपने साथ गई। हत्या में प्रयुक्त सामान और कारण के बारे में युवती ने बताया है। हिरासत में लिए गए युवती और अन्य लोगों द्वारा बताए जाने वाले स्थान पर पुलिस पहुंची। रामलक्षन गांव के पीछे एक पुआल के टीले में कुछ खून के धब्बे मिले है, जिसे पुलिस ने सेम्पल ले लिया है। पुलिस टीम ने गांव के बाहर कोमल गुप्ता के गेंहू की खेत में घंटो तलाशी अभियान चलाया है। पुलिस ने पुल के समीप से बोरे को भी कब्जे में लिया।

> सब्जी विक्रेता की हत्या के मामने में एक युवती समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। गांव में खेल और खाली स्थान पर कुछ खून का धब्बा बरामद हुआ है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।
>
> **पंचम लाल**, सीओ रुद्रपुर देवरिया

**एसपी ने रुद्रपुर कोतवाल को दिया मुकदमा दर्ज करने का निर्देश:** सब्जी कारोबारी का शव शनिवार को बांकी पुलिया के नीचे मिले नूर मोहम्मद के शव को मिलने के 30 घंटे बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था। मृतक रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है। युवक की हत्या रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में करने के बाद शव को गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बांकी में फेंक दिया था। शव मिलने के 30 घंटे बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसे एसपी संकल्प शर्मा ने गंभीरता से लेते हुए रुद्रपुर कोतवाल को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का निर्देश दिया। इसके बाद रुद्रपुर कोतवाली ने मामले में सक्रियता दिखाई है।

---

# चौराहे पर गई किशोरी का अपहरण, मुकदमा दर्ज

देवरिया, हिन्दुस्तान संवाद। चौराहे पर गई किशोरी का अपहरण हो गया। परिजनों की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात अपहरणकर्ता के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी शनिवार की शाम को चौराहे पर गई थी। जहां से कुछ अपहरणकर्ताओं ने उसका अपहरण कर लिया। किशोरी देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजन उसे खोजने लगे। लाख कोशिश के बाद भी किशोरी का पता नहीं चल सका। किशोरी के भाई ने घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

# विवाद में नोटिस किया चस्पा

रुद्रपुर। पारिवारिक विवाद में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर अहलादपुर मरकड़ी गांव में रविवार को एक मकान पर नोटिस चस्पा किया है। यहां दो पट्टीदारों के भूमि बंटवारा को लेकर बीच विवाद चल रहा है।

एसआई अश्वनी कुमार यादव ने बताया है कि अहलादपुर मरकड़ी गांव के रहने वाले सन्नी सिंह पुत्र अजय सिंह ने न्यायालय के निर्देश पर 18 नवम्बर 2022 को मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने धोखाखड़ी का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने उनके परिवार की ही इन्द्रा देवी पत्नी स्वं.जगत नारायण सिंह पर केस दर्ज किया था। लेकिन इन्द्रा देवी न्यायालय में हाजिर नहीं हो रही है। एक अप्रैल तक इन्द्रा देवी कोर्ट में हाजिर नहीं होंगी तो धारा 83 के तहत घर की कुर्की की कार्रवाई कर दी जाएगी।

हिन्दुस्तान दि० 06/03/23

## सभी पांच सर्किल में शांति व्यवस्था के लिए सतर्क रहेगी पुलिस

# जिले के 1912 स्थानों पर आज होगा होलिका दहन

**तैयारी**

**देवरिया, निज संवाददाता।** जिले के 1912 स्थानों पर सोमवार की शाम को होलिका दहन होगा। इसके लिए पुलिस विभाग ने विशेष तैयारी किया था। जिसे के सभी पांच सर्किलों में विवादित स्थानों पर पुलिस की मुस्तैदी में ही होलिका दहन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए एसपी ने सख्त निर्देश मातहतों को दिया गया है।

देवरिया जिले के 22 थाना क्षेत्रों 1912 स्थानों पर होलिका दहन होगा। जिसमें सबसे अधिक 128 तरकुलवा में तो सबसे कम 29 बनकटा थाने में है। जिले में होलिका दहन का कार्यक्रम सोमवार की देर शाम को होगा। इसके लिए गांव गांव में होलिका जलाने के लिए तैयारी चल रही है। जिले के कुछ स्थानों पर होलिका दहन को लेकर पिछले कुछ वर्षो से विवाद रहता है। इसे देखते हुए पुलिस ने ऐसे स्थानों को चिन्हित किया था। इसके लिए पुलिस ने पहले ही थाने में दोनों पक्षों को बुलाकर त्यौहार को शांतिपूर्व मनाने की तैयारी किया है। वहीं शांति पूर्वक होलिका दहन के लिए पुलिस पूरे जिले में मुस्तैद रहेगी।

एसपी ने सभी सीओ ओर थानेदारों को सख्त निर्देश दिया है कि होलिका दहन में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। इसके लिए पुलिस अपने अपने क्षेत्रों में गश्त करें। त्यौहार में खलल डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। जिले के ऐसे स्थान जहां होलिका दहन के दौरान विवाद होंगे ऐसे स्थानों पर पुलिस स्वंय मुस्तैद रहेगी।



पुलिस लाइन स्थित सम्मत पर कंडा रखते हुए पुलिस अधीक्षक।

- **जिलेभर में पुलिस को सतर्क रहने के दिए गए हैं निर्देश**
- **विवादित स्थानों पर पुलिस की मुस्तैदी में होगा होलिका दहन**

## एसपी ने पुलिस लाइन सम्मत के लिए रखा कंडा

पुलिस लाइन में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार की देर शाम का होलिका दहन का आयोजन होगा। इसके लिए परिसर में सम्मत रखा गया है। रविवार को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा और पुलिस लाइन के सीओ जिलाजीत ने सम्मत पर कंडा रखा। इसके लिए विधी विधान से पूजा किया गया।

## सभी 22 थानों में चिह्नित किए गए हैं स्थान

देवरिया जिले के सदर कोतवाली में 75, रामपुर कारखाना थाने में 75,तरकुलवा थाने में 128, बघौचघाट थाने में 91,महुआडीह थाने में 93,रुद्रपुर कोतवाली में 121,गौरीबाजार थाने में 119,मदनपुर थाने में 90,एकौना थाने में 48, सलेमपुर कोतवाली में 83, लार थाने में 113, खुखुन्दू थाने में 119, बरियारपुर थाने में 46, बरहज थाने में 118, मईल में 67, भलुअनी थाने में 73, सुरौली थाने में 64,भाटपाररानी थाने में 90, भटनी थाने में 105,खामपार थाने में 76, बनकटा थाने में 29 और श्रीरामपुर थाने में 89 स्थानों पर होलिका दहन पूरे जिले में होगा।

हिन्दुस्तान दि०-06/03/22

# जेल से धमकी मामले में एक को भेजा जेल

**कार्रवाई**

- पूर्णिया जेल में बंद बदमाश ने भाजपा नेता को दी थी धमकी
- सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के औरंगाबाद के रहने वाला है पीड़ित

सलेमपुर (देवरिया), हिसं। बिहार के पूर्णिया जिला कारागार में बंद शातिर बदमाश सतीश सिंह ने एक भाजपा नेता को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी मिली मामलें में तीन दिन पूर्व पुलिस ने तीन नामजद समेत पांच लोगों के विरुद्ध धमकी देने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बदमाशो की गिरफ्तारी को तीन दिन से छापेमारी कर रही थी।

पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सलेमपुर निवासी एक व्यक्ति प्रदीप गुप्त को नगर स्थित हरैया उसके घर पर छापेमारी कर रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र ग्राम औरंगाबाद के हड़हवा टोला के रहने वाले गोरख प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष हैं। गोरख प्रसाद के मकान के बगल में उनकी खाली भूमि है। उसके बगल में प्रदीप गुप्ता की भी जमीन है। उनसे इनका विवाद चलता है। राजस्व विभाग की टीम द्वारा जमीन पैमाइश कर सीमांकन भी करा दिया गया। गोरख प्रसाद का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने विवाद के चलते एक बदमाश से सम्पर्क किया। 28 फरवरी की रात में मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने धमकी देते हुए कहा कि मैं जेल में बंद सतीश सिंह बोल रहा हूं। प्रदीप गुप्ता की जमीन इस समय में मेरी कस्टडी में है। उसे खाली कर दो, वरना दो माह बाद जेल से छूटते ही क्या अंजाम होगा समझ लेना। जेल से निकलते ही तुम्हे और तुम्हारे परिवार को जान से मरवा दूंगा। पुलिस ने भाजपा नेता की तहरीर पर सतीश सिंह, प्रदीप गुप्ता निवासी कस्बा सलेमपुर, तेज प्रताप निवासी हरैया वार्ड नम्बर आठ और पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी थी। वही कोतवाली पुलिस केस दर्ज एक व्यक्ति प्रदीप गुप्त को रविवार को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया जेल से मिली धमकी मामलें एक व्यक्ति प्रदीप गुप्त को हरैया उनके आवास से गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई।

हिन्दुस्तान दि०-06/03/22

# अवैध सीमेंट बिहार से यूपी में उतारने पर पहुंची पुलिस

लार, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र में एक चौराहे पर शनिवार की देर रात बिहार से अवैध सीमेंट लाकर यूपी में उतारने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने माल सहित वाहन को कब्जे में लेकर थाने पहुंच गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। उधर पुलिस को सूचना देने वाले को जान से मारने की धमकी मिल रही है।

लार क्षेत्र के पिंडी निवासी सुनील कुमार जायसवाल की पिंडी चौराहे पर दुकान है। शनिवार की देर रात मुखबिर ने जानकारी दिया कि थाना क्षेत्र में एक बिल्डिंग मटेरियल व्यवसाई के दुकान पर बिहार गाड़ी नंबर लिखा हुआ एक ट्रक से अवैध सीमेंट लाकर चोरी चोरी उतारा जा रहा है। उन्होंने इसकी जानकारी अपने कंपनी में देते हुए लार पुलिस को सूचना दे दिया। कुछ देर बांद सुनील जायसवाल स्वयं मौके पर पहुंचकर ट्रक से उतर रही माल के बारे में पूछताछ करने लगे।

# दम घुटने से हुई मृत्यु, अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

## प्रेम प्रसंग समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही पुलिस, लक्ष्मीपुर गांव निवासी नूर मोहम्मद की हत्या का मामला

**फालोअप**

- मां की तहरीर पर रुद्रपुर कोतवाली में दर्ज हुआ मुकदमा
- घर से मात्र दो सौ मीटर गेहूं के खेत में घटना को दिया था अंजाम

**जासं, रुद्रपुर/गौरीबाजार:** रुद्रपुर क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले नूर मोहम्मद की मृत्यु दम घुटने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। रविवार की देर रात मृतक की मां फातमा खातुन की तहरीर पर रुद्रपुर कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस प्रेम प्रसंग समेत अन्य बिंदुओं को खंगाल रही है। दोनों थानों की पुलिस व एसओजी घटना की कड़ी जोड़ने में लगी है। इस मामले में युवती समेत चार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के रहने वाले 22 वर्षीय नूर मोहम्मद उर्फ गोलू पुत्र स्व.अली रामलक्षन चौराहे पर सब्जी बेचते थे। 28 फरवरी की रात करीब आठ बजे नूर मोहम्मद घर से निकले। उसके बाद उनका पता नहीं चला। चार मार्च को गौरीबाजार थानाक्षेत्र के बांकी गांव के नकटा नाला पुल के पास बोरी में भरा शव मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण दम घुटने से होने की पुष्टि हुई। घर से मात्र दो सौ मीटर गेहूं के खेत में घटना को अंजाम दिया गया था। एसपी के निर्देश पर एसओजी व पुलिस टीमें जांच में लगी हैं। पुलिस युवक के प्रेम प्रसंग समेत अन्य बिंदुओं को खंगाल रही है। स्वजन ने प्रेमप्रसंग में हत्या की आशंका जताई। पुलिस छानबीन में पता चला कि युवक का किसी युवती से प्रेमप्रसंग चल रहा था। इस बिंदु के अलावा पुलिस युवक के दोस्तों समेत अन्य नजदीकियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

> रुद्रपुर कोतवाली में मृतक की मां के तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस प्रेम प्रसंग समेत सभी बिंदुओं की जांच कर रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।
>
> **संकल्प शर्मा**, एसपी

**रात में दफनाया गया शव**

रुद्रपुर: सब्जी विक्रेता नूर मोहम्मद का शव शनिवार की रात पोस्टमार्टम के बाद घर आया। स्वजन ने रात में गांव के समीप रामनगर में बने कब्रिस्तान में पिता के शव से कुछ दूरी पर उनके शव को दफनाया।

**स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल:** मृतक नूर मोहम्मद के दो बड़े भाई कुवैत में रहते हैं। भाई की मृत्यु की खबर सुनकर दोनों ने घर आने के लिए टिकट बुक कराकर चल दिए। माता फातमा खातून का रो-रो कर बुरा हाल है। बड़ी बहन मुन्नी व सलमा की शादी हो चुकी है। छोटी बहन सायदा अभी अविवाहित है। आसपास के लोगों ने बताया कि नूर मोहम्मद मिलनसार थे। पिता की मृत्यु के बाद सब्जी बेचकर परिवार की परवरिश कर रहे थे।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर आगे आया पुलिस विभाग, किया उपला दान






महिला थाना परिसर में दहन के लिए रखी गई होलिका में उपले डालतीं महिला थाने की निरीक्षक अर्चना सिंह एवं अन्य महिलाएं • जागरण



पुलिस लाइन रोड पर होलिका समिति के सदस्य नारायण मणि को उपला दान करते एसपी संकल्प शर्मा (बाएं), सीओ जिलाजीत (दाएं) व अन्य • जागरण

**जासं, देवरिया:** होलिका दहन के दौरान लकड़ी से दूषित होने वाले पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए दैनिक जागरण के पर्यावरण संरक्षण अभियान का असर रविवार को भी दिखा। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस लाइन रोड स्थित होलिका दहन समिति के सदस्य पंडित नारायण मणि को उपला दान कर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में भागीदार होती हुई जिले के सभी थाना क्षेत्रों में उपला दान कराया।

पुलिस लाइन के निकट ट्यूबेल कालोनी मोहल्ले के अलावा पुलिस लाइन तथा अधिकारी कालोनी के लोग होलिका दहन में लकड़ी का प्रयोग करते थे। लेकिन पुलिस अधीक्षक ने दैनिक जागरण के अभियान को संज्ञान में लेते हुए पुलिस कर्मियों के साथ होलिका समिति को उपला दान कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि दैनिक जागरण का पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाया जा रहा अभियान बहुत ही सराहनीय कदम है। होलिका में प्रतिवर्ष हजारों क्विंटल लकड़ियां जल जाती थीं, जिससे पर्यावरण को नुकसान होता था। उपला (कंडा) जलाने से पर्यावरण संरक्षित होगा तथा पेड़ पौधे भी बचेंगे। इस तरह के अभियान से लोग प्रेरित होंगे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइंस जिलाजीत चौधरी, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह के अलावा पुलिस लाइन के कर्मचारी व पुलिस के जवान मौजूद रहे। सलेमपुर में सीओ देव आनंद एसडीएम अरुण कुमार ने उपला दान किया।

- उपला दान को लेकर सभी थानाक्षेत्रों में उत्साहित दिखे पुलिसकर्मी
- पर्यावरण संरक्षण को लेकर दैनिक जागरण का अभियान सराहनीय : एसपी

## थाना प्रभारियों ने किया उपला दान

दैनिक जागरण के अभियान से प्रेरित होकर पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी 22 थाना क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिया कि सभी जगह उपला दान किया जाए। उसके बाद सभी स्थानों पर थाना प्रभारियों ने होलिका समितियों को उपला दान कर पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आए। इसने सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, महिला थानाध्यक्ष अर्चना सिंह, थानाध्यक्ष लार नवीन चौधरी, थानाध्यक्ष गौरी बाजार नवीन सिंह आदि शामिल रहे।

दैनिक जागरण दि० 06/03/23

# बीस लीटर कच्ची बरामद

**बनकटा :** क्षेत्र के गाढ़ा स्थित ईंट भट्ठे से पुलिस और आबकारी के संयुक्त टीम ने छापेमारी कर बीस लीटर कच्ची बरामद किया। साथ ही अभिषेक उराव पुत्र कुलदीप उरांव ग्राम भीरी थाना भंडरा जिला लोहरदंगा झारखंड, पंचम उरांव पुत्र जीवन उरांव ग्राम जुमरा थाना किसको जिला लोहरदंगा झारखंड को गिरफ्तार किया।

दैनिक जागरण दि० 06/03/23

# कच्ची के विरुद्ध पुलिस ने चलाया अभियान

- 30 लीटर कच्ची बरामद, दो क्विंटल लहन भी टीम ने किया नष्ट
- आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने परसिया देवार में की कार्रवाई

**जासं, बरहज:** होली को लेकर पुलिस व आबकारी टीम ने कच्ची के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया है। रविवार को आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने परसिया देवार में कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान 30 लीटर कच्ची बरामद की गई। दो क्विंटल लहन नष्ट किया गया। दो के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक, प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी के नेतृत्व में सुबह में ही परसिया देवार के कच्ची के अड्डों पर पुलिस पहुंच गई। लगभग दो घंटे तक अभियान टीम ने चलाया। पुलिस ने एक मौके से गिरफ्तार कर लिया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।



कच्ची के साथ गिरफ्तार आरोपित ● जागरण

दैनिक जागरण दि० 06/03/23

## पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा

**जासं, रामपुर कारखाना:** संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की हुई मृत्यु के मामले में पुलिस ने पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। कुशीनगर जनपद के हाटा के ढांढा बुजुर्ग गांव के रहने वाले योगेश गुप्ता ने अपनी बहन नीलू गुप्ता की शादी दो मई वर्ष 2022 को रामपुर कारखाना के गौरा गांव के रहने वाले हरे कृष्ण गुप्ता से किया था। आरोप है कि जब से नीलू अपने ससुराल गई, तभी से ससुराली दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी, वह इस समय छह माह की गर्भवती थी। इस मामले में पुलिस ने योगेश की तहरीर पर पति हरेकृष्ण गुप्ता, सास दुर्गावती देवी, ननद प्रियंका, वंदना व नंदनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पांच पर मारपीट का मुकदमा

जासं, तरकुलवा : क्षेत्र के खैराट गांव में मारपीट को लेकर पुलिस ने पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। मंजू देवी की तहरीर पर रमेश, राम गोविंद, गुड्डू, गोलू समेत पांच पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

# कुर्की का नोटिस चस्पा

जासं, रुद्रपुर : क्षेत्र के अलहादपुर मरकड़ी के एक धोखाधड़ी के मामले में नामजद इंदिरा देवी के घर पर पुलिस ने नोटिस चस्पा किया है। महिला पर कोतवाली में पिछले वर्ष सन्नी सिंह ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया कराया था।

दैनिक जागरण दि०-06/03/23

# भाजपा नेता को धमकी के मामले में एक गिरफ्तार

**जासं, सलेमपुर:** कोतवाली पुलिस ने भाजपा नेता को मोबाइल से धमकी दिलाने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति ने ही भूमि के लिए बिहार के बेतिया जेल में बंद अपराधी सतीश सिंह से फोन कराया था।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हंडुआ उर्फ औरंगाबाद गांव निवासी गोरख प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष हैं। उनकी कीमती भूमि पर माफिया की नज़र लगी हुई है। उस भूमि को खाली कराने के लिए 28 फरवरी की रात करीब नौ बजे उनके मोबाइल पर फोन आया था। फोन करने वाले ने बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया जेल में बंद सलेमपुर का रहने वाला बदमाश सतीश सिंह बताया था। उसने कहा कि प्रदीप गुप्ता नामक व्यक्ति की भूमि अब मेरे कस्टडी में है। उसे खाली कर दो। अब मेरे सजा का समय पूरा हो गया है। यदि भूमि खाली नहीं करते हो तो जब मैं जेल से रिहा होने के बाद सलेमपुर आऊंगा तो तुम अपने बारे में समझ लेना। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में गोरख प्रसाद की तहरीर पर शातिर अपराधी सतीश सिंह, कस्बा सलेमपुर गांव निवासी प्रदीप गुप्ता, तेज प्रताप समेत पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज का जांच शुरू कर दी। इसमें से एक आरोपित प्रदीप गुप्ता को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने कहा कि आरोपित की बदमाश सतीश सिंह से बातचीत होती थी। इसकी पुष्टि हो गई है। इसलिए गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## एक नज़र में

# मारपीट में छह का चालान

**महुआडीह :** भूमि विवाद को लेकर रविवार को नेरुई अमवा के वर्तमान व पूर्व प्रधान के बीच मारपीट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया। जिसमें मोहम्मद थारूक सिद्दीकी, विनोद, सुनील, अभिषेक, लोरिक, श्रवण शामिल हैं। (जासं)

# धमकी देने का मुकदमा

**खुखुंदू :** फोन पर भूमि विवाद में जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने लखना के ग्राम प्रधान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही मामले की जांच करने में जुट गई है। गांव के दीनानाथ कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान प्रदीप मौर्या ने बैनामे की भूमि से जबरिया पेड़ कटवा कर सड़क बनवा दिएया। साथ ही फोन पर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। (जासं)

# आरोपित के दरवाजे पर चस्पा किया गया नोटिस

रामपुर कारखाना : फरार आरोपित के दरवाजे पर रविवार को पुलिस ने 82 का नोटिस चस्पा कर दिया। इसके साथ ही गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। रुस्तमपुर गांव के रहने वाले दीपक मिश्र के विरुद्ध पुलिस ने धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय ने बताया कि आरोपित के दरवाजे पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

दैनिक जागरण 20-08/8/2023

# देवरिया में गुरुग्राम की कंपनी के महाप्रबंधक की हत्या


अनिल चतुर्वेदी ● फाइल फोटो

● खुखुंदू में शनिवार रात हुई वारदात
आरोपित चाचा समेत पांच गिरफ्तार

जासं, देवरिया : मारपीट की तहरीर देकर थाने से घर लौटे बहुराष्ट्रीय कंपनी के महाप्रबंधक अनिल चतुर्वेदी की पट्टीदारों ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। शनिवार की रात हुई वारदात से दो घंटे पहले तक महाप्रबंधक मां-बहन से हुई मारपीट के मामले में कार्रवाई के लिए तीन घंटे तक थाने में बैठे रहे थे। हत्या के बाद खुखुंदू पुलिस ने चाचा, चचेरे भाई, चचेरी बहन समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

खुखुंदू के पिपरा मिश्र निवासी 46 वर्षीय अनिल गुरुग्राम के ईस्टमैन कंपनी में जीएम थे। वह गाजियाबाद के गोविंदपुरम स्थित जैन सोसाइटी के फ्लैट नंबर 29-बी में रहते थे। मां उषा देवी गांव में रहती हैं। विवाहित छोटी बहन कल्पना मायके से गांव आई थीं। शुक्रवार को गाय बांधने को लेकर चचेरे भाई प्रद्युम्न उर्फ प्रदीप ने अनिल की मां व बहन की पिटाई कर दी थी। अनिल शनिवार को गांव पहुंचे और तीन बजे खुखुंदू थाने में जाकर आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। स्वजन का आरोप है कि शाम 6.30 बजे तक अनिल थाने में रहे, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। रात करीब 8.30 बजे चचेरे भाई प्रद्युम्न, चाचा रमेश, चचेरी बहन शिल्पी, गांव के आशीष उपाध्याय उर्फ अमित व सूरज ने अनिल पर कुल्हाड़ी, गंडासा व लाठी-डंडे से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आईं मां व बहन भी घायल हो गईं। अनिल को मेडिकल कालेज ले जाया गया, लेकिन डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि आरोपितों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अमर उजाला बस्ती 06/03/023

# सब्जी विक्रेता की हत्या में कथित प्रेमिका सहित चार लोग हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर/रामलक्षन। बंद बोरे में मिले सब्जी विक्रेता के शव के हत्यारोपियों की तलाश में रविवार को दिन भर रुद्रपुर और गौरीबाजार की पुलिस जुटी रही। पुलिस मृतक की कथित माशूका सहित चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मृतक युवक के मोबाइल पर गांव के ही एक घर से अंतिम कॉल आई थी। आशंका जताई जा रही है कि गांव के पीछे एक खेत में घटना को अंजाम दिया गया, जहां पुलिस को एक पुआल पर खून के निशान मिले हैं। शनिवार को रामलक्षन के सब्जी विक्रेता नूर मोहम्मद उर्फ गोलू का शव गौरीबाजार थाना के बांकी पुल के नीचे बंद बोरे में मिला। हत्यारोपियों ने उसकी आंखें निकाल लीं थी और चेहरा अधजला था।



सब्जी विक्रेता की हत्या के हत्या के साक्ष्य खेत में ढूंढती पुलिस। संवाद

युवक 28 फरवरी की रात को घर से मोबाइल पर बात करते निकला था। पुलिस ने मृतक के मोबाइल पर आई कॉल के जरिये हत्यारोपियों की तलाश शुरू की। नूर मोहम्मद के मोबाइल पर गांव के ही एक घर से अंतिम फोन आया था।

अमर उजाला दि० 06/03/23

# होली मिलन में बरसे लोक रंग

## सराबोर हुई फिजा, कार्यक्रम में पहुंचे डीएम, एसपी और सीडीओ





होली मिलन समारोह में मौजूद डीएम, एसपी और विधायक। लोक कलाकारों ने कहरुआ नृत्य की दी प्रस्तुति। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। रविवार को पूर्व मंत्री और विधायक जयप्रकाश निषाद की ओर से रुद्रपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में लोक रंग बरसता रहा। लोक गीत, नृत्य और लोक कला के कलाकारों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें क्षेत्रीय कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

करीब चार घंटे तक चले कार्यक्रम में डीएम जेपी सिंह, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ रविंद्र कुमार और एडीएम गौरव श्रीवास्तव मौजूद रहे। उन्होंने लोक कलाकारों की प्रस्तुति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में हंसी-ठिठोली के बीच लोगों ने एक-दूसरे पर जमकर अबीर और गुलाल लगाया।

### पिंजरे वाली मुनिया गीत पर विधायक ने बजाया हारमोनियम
### हंसी-ठिठोली के बीच उड़े गुलाल

विधायक जयप्रकाश निषाद पिंजरे वाली मुनिया गीत पर हारमोनियम बजाने लगे। कार्यक्रम में लोक गीत गायक और जिला पंचायत सदस्य अमित रजक ने फाग का राग छेड़कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

हास्य व्यंग्य के साथ लोक गीत प्रस्तुत कर पूर्वांचल के बिरहा गायक प्रमोद यादव ने लोगों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। वह गीतों के बीच में पुलिस प्रशासन और नेताओं पर काव्य तीर छोड़कर महफिल लूटते रहे।

धर्मवीर पासवान, अभिषेक निषाद, बद्री प्रसाद आदि लोक कलाकारों, कहरउआ गीत, इद्राशनी नृत्य, धोबी गीत, फरुवाही और फाग प्रस्तुत कर लोक परंपराओं को जिंदा कर दिया। महिला और पुरुष कलाकारों के बीच हुआ फगुआ के मुकाबले ने लोगों में रोमांच भर दिया।

डीएम ने कहा कि लोक परंपराएं हमारी धरोहर हैं। इसे संरक्षित करने के लिए शासन विशेष प्रयास कर रहा है। सांस्कृतिक मंचों से जुड़े कलाकारों के लिए जिला प्रशासन अनेक अवसर उपलब्ध कराता रहा है।

समारोह में विश्वविजय निषाद, राजीव गुप्ता, कमलेश सिंह, संगमधर, महेश मणि, मोहन, केके सिंह आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि.- 06/03/23

# सोलर पैनल लगाते समय छत से गिरकर युवक की जान गई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सलेमपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के हरनही गांव के युवक की कोलकाता के झालग्राम में सोलर पैनल लगाते समय शनिवार की देर रात छत से गिरने से मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हरनही गांव निवासी दीपक कुमार (26) पुत्र राम अवध प्रसाद कोलकाता के झालग्राम में सोलर पैनल लगाने का काम करते थे।

शनिवार की देर रात वह एक छत पर चढ़कर सोलर पैनल लगा रहे थे। इसी बीच उनका पैर फिसल गया। इससे वह छत से नीचे गिर गए। इसके बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

रविवार की सुबह परिवार के लोगों ने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी।

# एसडीएम ने दिए मनबढ़ पर कार्रवाई के निर्देश

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सलेमपुर।** एसडीएम की सुरक्षा में लगे एक होमगार्ड के साथ बदसलूकी करने वाले मनबढ़ पर अब कार्रवाई होगी। होमगार्ड ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अरुण कुमार ने कोतवाल को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

होमगार्ड कौशल किशोर मिश्र एसडीएम की सुरक्षा में तैनात हैं। आरोप है कि संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील क्षेत्र के महुआंव गांव निवासी प्रद्युम्न यादव उच्चाधिकारियों से ऊंची आवाज में बात कर रहा था। होमगार्ड के बार-बार मना करनें के बावजूद वह नहीं मान रहा था।

जब इसका विरोध किया गया तो मनबढ़, होमगार्ड से अभद्र व्यवहार करते हुए अपशब्द का प्रयोग करने लगा।

इस मामले में होमगार्ड ने एसडीएम को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अरुण कुमार ने कोतवाल को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले में कार्रवाई की जाएगी।

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 06-03-2023

# वांछित को पुलिस ने भेजा जेल

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने रविवार को वांछित अनुज मोदनवाल निवासी बोदरवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार कुछ दिनों पूर्व स्थानीय थाने में अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज था और तभी से वह फरार चल रहा था। इसके लिए पुलिस की टीम तलाश में जुटी हुई थी। एसओ पंकज गुप्ता ने बताया कि गंभीर धाराओं में दर्ज केस के मामले में वांछित अनुज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## अवैध शराब की 12 से अधिक भट्ठियां तोड़ी गईं, दो पर केस दर्ज

# एसडीएम ने कच्ची शराब के ठिकानों पर मारे छापे

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव व सीओ कुंदन कुमार सिंह ने टीम के साथ क्षेत्र के भैंसहा हेतिमपुर में कच्ची शराब के ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान अवैध शराब की 12 से अधिक भट्ठियां तोड़ी गईं और काफी मात्रा में लहन नष्ट किया गया। 50 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। मौके से दो अवैध शराब के कारोबारी पुलिस टीम के हाथ लगे। उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस के दबिश से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया।



कच्ची शराब के ठिकानों पर छापा मार कर लहन नष्ट कराती एसडीएम। • हिन्दुस्तान

होली के त्योहार को देखते हुये अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। रविवार की सुबह करीब 6 बजे एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, सीओ कुंदन कुमार सिंह के अलावा पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीम ने भैंसहा हेतिमपुर सदर टोला में संचालित अवैध शराब के कई ठिकानों पर छापा मारा। टीम छोटी गंडक नदी के रेगवनियां घाट, पासी टोला सहित अन्य स्थानों पर नदी के किनारे दबिश दी। सीओ ने बताया कि इस दौरान अवैध शराब की 12 से अधिक भट्ठियां तोड़ी गईं। 5000 किग्रा लहन नष्ट किया गया तथा करीब 50 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। दो अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ आबकारी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस का कच्ची अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## खड्डा पुलिस ने सीओ की मौजूदगी में नष्ट कराई अवैध शराब

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय थाने की पुलिस ने रविवार को सीओ संदीप वर्मा की मौजूदगी में पुलिस द्वारा अब तक जब्त की गई लगभग 3450 लीटर अवैध शराब को नष्ट कर दिया गया।

पुलिस ने बरामद सभी शराब को जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर उसमें नष्ट कराया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस द्वारा क्षेत्र के भेड़ी जंगल, महदेवा, गैनही जंगल समेत आदि गांवों व शराब तस्करों के पास से पकड़ी गई लगभग 3450 लीटर अवैध शराब थाना परिसर में काफी दिनों से रखी गयी थी, जिसे रविवार को परिसर में जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदवाकर नष्ट कर दिया गया।

# संयुक्त टीम ने लहन को किया नष्ट

कुबेरस्थान। स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार की देर शाम क्षेत्र के गांव सखवनिया टोला झुंगवां में छापेमारी कर 750 लीटर लहन नष्ट कर दिया।

आबकारी निरीक्षक कसया द्वितीय अरुण कुमार व एसओ कुबेरस्थान राघवेंद्र सिंह की संयुक्त टीम ने सूचना पर थाना क्षेत्र के सखवनिया गांव के झुंगवां टोला में रविवार की देर शाम अचानक दबिश दी।

# बंद घर का ताला तोड़कर हुई चोरी

हाटा। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग में शनिवार की रात चौराहे पर स्थित एक बंद घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की है। सुबह इसकी जानकारी होने के बाद पीड़ित भवन स्वामी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली के रामपुर बुजुर्ग निवासी लियाकत ने तहरीर देकर बताया कि चेचेरे भाई बिस्मिल्लाह पुत्र सरदार जो रोजी-रोटी के सिलसिले में परिवार समेत मुंबई में रहते हैं। शनिवार की रात में घर के मेन दरवाजे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अंदर दाखिल हो गए।

# एसडीएम ने पीड़ित का दर्ज किया बयान

पनियहवा। छितौनी में रविवार को हुए जमीनी रंजिश में आगजनी की घटना के बाद एसडीएम खड्डा भावना सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान एसडीएम ने पीड़ित पक्ष का बयान दर्ज किया, जिसमें पीड़ित पक्ष ने लेखपाल और कई अन्य पर गंभीर आरोप लगाया। जिस पर एसडीएम ने सांत्वना देते हुए कहा कि कोई भी दोषी बक्शा नहीं जाएगा।

पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा घटना की जांच के लिए स्पेशल टीम का गठन कर मौके पर भेजा जाएगा। पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए वह तत्पर हैं।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत छितौनी का मामला

# मनबढ़ों ने झोपड़ी फूंकी मासूम झुलसी, 11 पर केस

**दुस्साहस**

पनियहवा, हिन्दुस्तान संवाद। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत छितौनी में जमीनी विवाद को लेकर मनबढ़ों ने एक रिहायशी झोपड़ी फूंक दी। इससे झोपड़ी में सो रही डेढ़ साल की एक मासूम बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई तो वहीं झोपड़ी में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह ने घटना की जानकारी ली और मामले में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। इन आरोपियों में से पुलिस ने छह को गिरफ्तार भी कर लिया है।

नगर पंचायत छितौनी के निवासी पट्टू पुत्र गुंजा भारती व रामवृक्ष पुत्र भभूति के बीच आबादी की जमीनी को लेकर दो दशक से विवाद चल रहा है। इस मामले में संबंधित अधिकारियों की उदासीनता के चलते विवाद का अब तक निपटारा नहीं हो पाया है। रविवार को पट्टू के परिजन कहीं बाहर गए थे। घर में पट्टू की नतिनी प्रतिभा उम्र डेढ़ वर्ष झोपड़ी में सो रही थी। जबकि उसकी बहू लालसा दरवाजे पर काम कर रही थी। आरोप है कि परिजनों के नहीं होने का फायदा उठाकर रामवृक्ष के परिजनों ने रंजिशवश पट्टू की रिहायशी झोपड़ी में आग लगा दी। इससे घर में रखे कपड़ा, राशन, गहना आदि लाखों रुपये के घरेलू कीमती सामान जलकर राख हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से मासूम को उपचार के लिए निजी वाहन से सीएचसी तुर्कहा ले जाया गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी रितेश सिंह और सीओ खड्डा संदीप वर्मा भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों से जानकारी लेने के बाद एसओ हनुमानगंज रामसहाय चौहान को मामले में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया।



घटनास्थल पर पहुंच जानकारी लेते एडिशनल एसपी रितेश सिंह व सीओ संदीप वर्मा।

## 11 के खिलाफ केस दर्ज, छह गिरफ्तार

घटना में हनुमानगंज पुलिस ने श्रवण पुत्र जगलाल, रामवृक्ष पुत्र जीउत, गोविंद पुत्र परसन, बालेश्वर पुत्र रामवृक्ष, सिंगासन पुत्र रामवृक्ष, गब्बू पुत्र रामवृक्ष, उमेश पुत्र रामवृक्ष, रेनू पत्नी चंद्रमणि, पन्ना पत्नी सिंगासन समेत 11 के खिलाफ बलवा, आगजनी समेत विभिन्न मामलों में केस दर्ज किया है। आरोपियों में छह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अन्य की धरपकड़ के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

# होली और शब-ए-बरात को लेकर हुई बैठक

मथौली बाजार, हिसं। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली पुलिस चौकी पर रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में क्षेत्र के प्रधान, समाजसेवी व प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि पर्व कोई भी हो उसे शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ मनायें। किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। सौहार्द बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों को किसी भी दशा में बक्सा नहीं जायेगा। अगर होलिका दहन वाले स्थल पर किसी प्रकार की समस्या हो तो पुलिस के साथ मिलकर हल करा लें। होली के दिन अश्लील गाने पर सख्त रोक है, डीजे हल्की आवाज में बजाए, अगर अश्लील गाना बजाते कोई भी पकड़ा गया तो कार्रवाई किया जाएगा। इस दौरान उप निरीक्षक सीबी पांडेय, उप निरीक्षक धनन्जय राय, एसआई रामभवन यादव, एसआई शैलेष यादव, शैलेंद्र सिंह, महेंद्र यादव, अरुण राकेश यादव, अलाऊद्दीन, बृजेश उपाध्याय आदि रहे।

## त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई

अहिरौली बाजार। थाना परिसर में रविवार को होली व शब-ए-बरात त्यौहार को देखते पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी पंकज कुमार गुप्ता ने सभी नागरिकों से भाईचारा बनाए रखने और शांति व्यवस्था में सहयोग की। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से उनके गांव में होलिका दहन व जानकारी लेते हुये कहा कि रंगों का पर्व होली आपसी भाईचारा के बीच में मनाएं। होली के साथ शब-ए-बरात त्योहार है। इसलिए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

# बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश, आठ लिफ्टर बरामद

रामकोला, हिन्दुस्तान संवाद। रामकोला पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने गोरखपुर व कुशीनगर जिले से चुराई गई चार बाइकों के साथ चार चोरों को गिरफ्तार किया है और उनकी निशानदेही पर उनके घर से चार और बाइकों को बरामद कर अंतर्जनपदीय बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश किया। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गैंग में शामिल दो अन्य चोरों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

चोरी व बरामदगी का खुलासा करते हुए रविवार को रामकोला एसएचओ एके सिंह ने बताया कि शनिवार की रात करीब 9 बजे सूचना मिली कि धर्मसमधा मंदिर के पास चार लोग चार बाइकों के साथ खड़े हैं और आपस में कोई प्लान बना रहे हैं। सूचना मिलते ही एसएचओ अपने साथ एसआई मृत्युंजय सिंह, हेड कांस्टेबल अमित सिंह व लक्ष्मण सिंह, सिपाही शिवा सिंह व शुभेन्दु उपाध्याय के साथ मौके पर पहुंचे और उन्हें पकड़ लिया। पुलिस उनकी निशानदेही पर उनके घर से चार और बाइकों को बरामद की। एसएचओ का कहना था कि चोरों ने बताया कि यह सभी बाइकें पडरौना और गोरखपुर से चोरी की गई हैं। चारों चोरों ने बताया कि यह चोरियां अपने आर्थिक लाभ व अय्याशी के लिए करते हैं। गिरफ्तार किए गए चोरों की पहचान नफीस आलम रामकोला, गोविन्द ग्राम पपऊर थाना रामकोला, अभिषेक गौतम ग्राम बिहुली सोमाली टोला जोगवलिया व अमित कुशवाहा ग्राम परोरहा के रूप में हुई।




रविवार को पकड़े गए बाइक चोरों के साथ रामकोला पुलिस टीम। • हिन्दुस्तान

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार



रामकोला थाना परिसर में बरामद बाइक व पकड़े गए लिफ्टरों के साथ खड़ी पुलिस टीम • जागरण

**जासं, रामकोला:** कस्बे से सटे धर्मसमधा मंदिर के समीप रामकोला पुलिस ने रविवार सुबह अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी की चार बाइक बरामद हुईं। चोरों की निशानदेही पर चोरी की चार अन्य बाइकें भी बरामद की गईं। बरामद बाइकों की कीमत छह लाख रुपये बताई जा रही है।

एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह मातहतों संग सुबह 11 बजे कस्बे में गश्त पर थे। इस बीच सूचना मिली कि अंतरजनपदीय वाहन चोरों का गिरोह धर्मसमधा मंदिर के पास मौजूद है। टीम वहां पहुंची तो चार बाइक चालक संदिग्ध हाल में मिले। पुलिस ने चारों से बाइक का कागजात मांगा तो वे नहीं दे सके। सख्ती बरतने पर चारों ने बताया कि बाइकें चोरी की हैं। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। उनकी पहचान नफीस आलम निवासी वार्ड संख्या तीन रामकोला, गोविंद निवासी पपउर, अभिषेक कुमार गौतम निवासी जोगवलिया टोला बिहुली सोमली व अमित कुशवाहा परोरहा थाना रामकोला के रूप में हुई। एसएचओ ने बताया कि लिफ्टरों की निशानदेही पर नफीस आलम के घर से भी चोरी की चार बाइकें बरामद की गईं। लिफ्टरों ने बताया कि बरामद बाइकें पडरौना नगर तथा गोरखपुर शहर से चुराई गई हैं।

# सावित्री बन निशा ने बचाई पति की जान

**जासं, नेबुआ नौरंगिया:** आधुनिकता के दौर में मामूली बात को पति-पत्नी के रिश्ते दरकने की घटनाएं सामने आ रही हैं तो कई मामलों में तो संबंध भी विच्छेद हो जा रहे हैं। ऐसे माहौल में विशुनपुरा ब्लाक के पकहां गांव के मुसहरी टोला की एक महिला अपने पति की जान बचाने के लिए सावित्री की भूमिका निभाई है। उसने पति की जान बचाने के लिए अपनी जिंदगी दांव पर लगा दी है। अपनी किडनी का प्रत्यारोपण कराकर उसने साबित किया है कि पति-पत्नी का रिश्ता जीवन से ऊपर है।



अपने पत्नि के साथ ओमप्रकाश।

- **पति ओमप्रकाश को अपनी किडनी देकर कराया प्रत्यारोपण**
- **डा.राममनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहा है उपचार**

मुसहरी टोला के जगदीश यादव के पुत्र ओमप्रकाश की शादी दो वर्ष पहले एकवनही भागवतपुर के व्यास यादव की पुत्री निशा से हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था, दोनों से एक पुत्र अर्नव भी है। पिछले वर्ष 32 वर्षीय ओमप्रकाश अचानक बीमार हुए तो उन्हें जिला अस्पताल में दिखाया गया। स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर स्वजन मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार कराया। वहां जांच में पता चला कि ओमप्रकाश की दोनों किडनी खराब हो गई हैं। चिकित्सकों ने पीजीआइ या डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल में दिखाने की सलाह दी। डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि दोनों किडनी खराब हो चुकी है, जीवन अंतिम स्टेज पर है। अगर परिवार का कोई सदस्य अपनी किडनी दे तो इनका जीवन बचाया जा सकता है। पत्नी निशा ने पति की जिंदगी बचाने का निर्णय लिया। पति के हिस्से की पैतृक भूमि को बेचकर 12 लाख रुपये की व्यवस्था की और अपनी एक किडनी पति के शरीर में प्रत्यारोपित कराया। 15 फरवरी को ओमप्रकाश को भर्ती कराया गया। प्रत्यारोपण से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद 22 को आपरेशन हुआ, जो पूरी तरह सफल रहा। अभी ओमप्रकाश अस्पताल में ही हैं, चिकित्सकों ने कुछ दिन और रहने की सलाह दी है। पति की जिंदगी बचने पर निशा काफी खुश हैं। उनके इस प्रयास की क्षेत्र के लोग सराहना कर रहे हैं।

# शिक्षक को धमकाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**नेबुआ-नौरंगिया:** क्षेत्र के पिपरा बुजुर्ग स्थित मदरसा मोहम्मदिया हयातुल उलूम के प्रधानाचार्य कलीमुद्दीन ने गांव के ही युवक पर मदरसे के शिक्षकों को धमकाने का आरोप लगाया है। प्रधानाचार्य का आरोप है कि अजीमुल हक अकसर मदरसे में आकर शिक्षकों को धमकी देता है। एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

# बढ़ रही चोरी की घटनाएं पुलिस उदासीन

**जासं, रगड़गंज :** रामकोला थाने की पुलिस की उदासीनता से चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश नहीं हो पा रहा। इससे क्षेत्र के दुकानदार डरे हुए हैं तो चोरों का मनोबल बढ़ रहा है। रगड़गंज बाजार में पुलिस बूथ के समीप डीजे की दुकान में हुई चोरी की घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रही है।

कुस्महां गांव के बरियारपुर टोला के सदानंद कुशवाहा रगड़गंज पुलिस बूथ के समीप डीजे की दुकान चलाते हैं। नौ फरवरी की शाम वह दुकान बंदकर घर चले गए। सुबह किसी ने फोन कर सूचना दी कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। कई हजार के सामान गायब थे। उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। 21 फरवरी को कुस्महां चौराहे पर मोबाइल की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया था। छह मार्च 2022 को विजयपुर चौराहे पर डीजे की दुकान में हुई चोरी का भी पुलिस पर्दाफाश नहीं कर सकी। सीओ संदीप वर्मा ने बताया कि शीघ्र ही सभी चारी की घटनाओं का पर्दाफाश करा दिया जाएगा।

# अफवाहों पर न दें ध्यान

**बड़हरागंज:** होली के मद्देनजर मिश्रौली चौकी परिसर में कोतवाली प्रभारी राजप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहार को सौहार्दपूर्वक मनाने पर जोर दिया गया। संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी ने कहा कि परंपरा से हटकर कोई कार्य न करें, इससे विवाद नहीं होगा। एक-दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें और संयम बरतें। उन्होंने कहा कि हुड़दंग मचाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। त्योहार में खलल डालने वाले लोगों को चिह्नित कर पुलिस को सूचित करें। कहा कि शबेबरात व होलिका दहन एक ही दिन है। नशा का सेवन कर जुलूस में शामिल न हों। बड़हरागंज गांव के लोगों ने होलिका दहन स्थल पर बिजली के ढीले तारों को ठीक कराने की मांग की। (जासं)

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार:** क्षेत्र के शेखपुरवा के समीप अहिरौली बाजार पुलिस ने रविवार को हत्या के प्रयास मामले में नामजद आरोपित को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान अनुज कुमार मोदनवाल निवासी बोदरवार थाना कप्तानगंज के रूप में हुई।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, हाटा:** कोतवाली पुलिस ने रविवार को नगर स्थित बस स्टेशन परिसर से तमंचा व कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान राम नारायण यादव निवासी रूपई टाड़ थाना धनहा जिला बगहा बिहार के रूप में हुई।

पुलिस टीम में दारोगा प्रविंद्र कुमार राय, कां.दीपक कुमार, सतीशचंद्र शामिल रहे।



कसया थानाक्षेत्र में छापामारी में शामिल एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, सीओ कुंदन सिंह व पुलिस ● जागरण

# कच्ची के विरुद्ध छापेमारी तीन घंटे चली कार्रवाई

## पुलिस व आबकारी टीम ने तोड़ीं भट्ठियां

**जासं, कसया :** एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव व सीओ कुंदन सिंह के नेतृत्व में पुलिस व आबकारी टीम ने रविवार की सुबह कसया के हेतिमपुर भैंसहां सदर टोला में कच्ची के गढ़ पर छापा मारा। छोटी गंडक के किनारे दूर-दूर तक बनाई गई सैकड़ों भट्ठियों को तोड़ा गया तो जमीन में ढककर छिपाए गए लगभग 60 क्विंटल लहन भी नष्ट किया गया। इस दौरान तीन घंटे चली कार्रवाई में काफी मात्रा में कच्ची बनाने का उपकरण भी बरामद हुआ। उसे वहीं नष्ट कर दिया गया।

होली पर्व को लेकर हुई इस कार्रवाई में सुबह सात बजे प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में टीम पहुंची तो हड़कंप मच गया। एसडीएम ने कहा कि अवैध धंधे को किसी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा।

सीओ ने कहा कि होली पर्व के नाम पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के साथ पुलिस कड़ाई से पेश आएगी।

प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष कुमार तिवारी ने कहा कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। कुशीनगर चौकी प्रभारी दुर्गेश राय, राजस्व निरीक्षक ब्रजेश मणि त्रिपाठी, लेखपाल नीलेश रंजन राव, शमसेर अली आदि मौजूद रहे।

### धंधेबाज नहीं लगे हाथ, उठ रहा सवाल

**कसया : एसडीएम** व सीओ के नेतृत्व में आबकारी व पुलिस टीम छापेमारी के लिए सज धजकर गई, लेकिन सैंकड़ों की संख्या में यहां धधकने वाली भट्ठियों के संचालक कोई धंधेबाज गिरफ्तार नहीं किया जा सका। टीम पहुंचने से पहले ही सभी फरार हो गए थे। भैंसहां सदर टोला कच्ची निर्माण व बिक्री के लिए दूर तक जाना जाता है। कार्रवाई में धंधेबाजों का हाथ नहीं लगना कई सवाल खड़ा कर रहा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब टीम खाली हाथ लौटी हो। भट्ठी व लहन तो मिल जाता है, लेकिन धंधेबाज फरार हो जाते हैं। कहने वाले तो यहां तक कहते हैं कि धंधेबाजों का हल्का पुलिस से सांठ-गांठ है। उन्हीं के संरक्षण में यह सब चलता है। जब कोई कार्रवाई होनी होती है तो वही संबंध काम आता है। धंधेबाजों को पहले ही जानकारी हो जाती है और वह फरार हो जाते हैं।

# कोर्ट के आदेश पर नष्ट की गई शराब

**जासं, खड्डा:** कोर्ट के आदेश पर रविवार को खड्डा थाने के मालखाने में रखी गई अंग्रेजी तथा देसी शराब नष्ट की गई। सीओ संदीप वर्मा, सहायक अभियोजन अधिकारी धर्मनाथ बिंद व एसएचओ अमित शर्मा की मौजूदगी में थाना परिसर में ही दोपहर में बुलडोजर से गड्ढे की खोदाई की गई। इसके पश्चात वर्ष 2019 से 2022 तक आबकारी एक्ट में दर्ज 321 मुकदमे में बरामद की गई 3480 लीटर अंग्रेजी तथा देसी शराब नष्ट कर दिया गया।

# बाइक रैली निकाल होली पर किया जागरूक

**जासं, बभनौली:** सेवरही पुलिस क्षेत्र के प्रमुख बाजार, चौराहा व विभिन्न गांवों में बाइक रैली निकाली और जगह-जगह रुक कर होली के त्योहार पर अमन चैन व आपसी सौहार्द बनाए रखने की लोगों से अपील की। रैली थाना परिसर से निकली और पुलिस सायरन बजाती हुई बनरहां, बभनौली, धुरिया ईमिलिया, धुरिया कोट, धुरिया हाता, अहिरौली हनुमान सिंह सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान प्रमुख बाजार एवं चौराहे पर पुलिस बैन में लगी ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से थानाध्यक्ष संजय कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि होली के त्योहार पर नकली शराब से बचने की जरूरत है। चौकी इंचार्ज मंगेश मिश्र, उप निरीक्षक सभाजीत सिंह, जीत बहादुर यादव, अजय पाल, चंदन कुमार, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल अवनीश दुबे, सुनील सिंह, विशाल गौड़, उमेश यादव, शमीम खान, रमेश यादव, सत्यप्रकाश तिवारी, महिला कांस्टेबल सुप्रिया पांडेय, रीता भारती सहित समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

**होली को भाईचारे के साथ मनाने का दिया संदेश: सलेमगढ़:** तरयासुजान के क्षेत्र के विभिन्न बाजार, कस्बों व गांवों में एसएचओ तरयासुजान आरके सिंह के नेतृत्व में बाइक रैली निकाल भाईचारे के साथ होली त्योहार मनाने के संदेश दिया गया।

# मिश्रित आबादी व कब्रिस्तान में तैनात रहेगी पीएसी

**जासं, पडरौना:** होली और शब-ए-बरात को लेकर पुलिस अलर्ट है। शहर और गांव में मिश्रित आबादी तथा कब्रिस्तान में पुलिस और पीएसी की तैनाती रहेगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस को भी सड़कों पर लगा दिया गया है। दोनों त्योहार एक साथ होने की वजह से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल रिजर्व में भी रखा गया है।

सात फरवरी को होलिका दहन है। इसी दिन शब-ए-बरात भी है। अगले दिन आठ फरवरी को रंगों का त्योहार होली मनाई जाएगी। इसके चलते ही एसपी ने सुरक्षा का खाका तैयार किया है। जिले को सात जोन तथा 25 सेक्टर में बांटा गया है।

शहर से लेकर गांव तक में मिश्रित आबादी में पीएसी की तैनाती की जाएगी। शहर में 150 और देहात में 11 सौ से अधिक जगहों पर होलिका रखी गई है। होलिका दहन से पूर्व ही सभी स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके साथ ही जनपद स्थित कब्रिस्तानों पर भी पुलिस बल की तैनाती होगी। दोनों समुदाय के धर्म गुरुओं से भी पुलिस ने बातचीत की है। पुराने सभी विवादों पर शांतिभंग की कार्रवाई की जा रही है।

********

**होली और शब-ए-बरात पर रहेगी कड़ी सुरक्षा, शहर में 150 व गांवों में 11 सौ से अधिक जगह पर रखी गई है होलिका**

## हुड़दंग मचाने वालों पर होगी सख्ती

होली के दिन दोपहर 12 बजे से पुलिस चेकिंग शुरू कर देगी। शराब पीकर वाहन चलाने वाले या फिर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह से शब-ए-बरात पर स्टंट करने वाले और आतिशबाजी करने वालों के खिलाफ भी सख्ती की जाएगी। इस संबंध में सभी सीओ और थानेदार को निर्देश दे दिया गया है।

एसपी ने सभी सीओ और थानेदारों को मुस्तैद रहने के आदेश दिए हैं। कहा है कि सीओ और थानेदार अभी से व्यवस्था को परख लें, ताकि कहीं पर विवाद नहीं होने पाए। होटलों, सार्वजनिक स्थलों, रेलवे, रोडवेज बस स्टेशनों पर चौकसी बढ़ा दी गयी है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थलों पर नजर रखी जा रही।

## लोगों को सलाह

- जिले में लागू है धारा 144, कड़ाई से करें अनुपालन
- होली के दिन किशारों के हाथ में बाइक न दें
- वाहन चलाते समय गति पर पूरी तरह नियंत्रण रखें
- बगैर हेलमेट पहने वाहन न चलाएं

## अपील

- यह मेल-मिलाप एवं भाईचारे का प्रतीक है। सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं
- होलिका दहन में किसी की झोपड़ी, छप्पर आदि न जलाएं
- परिवहन तथा लोगों पर रंग, कीचड़ व पत्थर न फेंके
- गुब्बारे में रंग व पानी भरकर फेंकने आदि की भी चेष्टा न करें
- जुलूस में ध्वनि विस्तारक यंत्रों में डीजे का प्रयोग न करें
- राहगीरों से जबरन चंदा वसूली न करें
- जहां विवाद की स्थिति हो वहां शांति समिति की बैठक कर उसे हल करा लें
- ऐसे रंग व रसायनों का प्रयोग न करें, जिसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़े

## होली तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी पर रोक

होली और शब-ए-बरात के त्योहार तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टी पर रोक लगा दी गई है। ज्यादा जरूरी काम के लिए ही छुट्टी प्रदान की जाएगी।

## एलआइयू को गोपनीय सूचना जुटाने के निर्देश

एसपी ने एलआइयू को गोपनीय सूचना जुटाने का निर्देश दिया है, ताकि पुलिस पहले से अलर्ट रह सके। थाने स्तर पर भी बीट के सिपाहियों को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर जानकारी जुटाने को कहा गया है।



**"होली और शब-ए-बरात को लेकर सभी थानों में शांति समिति की बैठक की जा चुकी है। कहीं कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं होगी। ऐसा करने वालों के साथ सख्ती से पेश आया जाएगा। व्यवस्था में खलल डालने वाले बख्शे नहीं जाएंगे।**

**धवल जायसवाल,** एसपी

# महिला समेत दो वारंटी गिरफ्तार

**पडरौना।** नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने रविवार को एक महिला सहित दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सौरहा बुजुर्ग गांव के दुबरहा टोला निवासी सुरेंद्र शर्मा और एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# रामकोला क्षेत्र में बाइक चोरी

**लक्ष्मीगंज।** रामकोला थाना क्षेत्र के खोटही गांव में गृह प्रवेश में पहुंचे एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बनकटा निवासी हिमांशु ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन मार्च की शाम केरवनिया चौराहे के पास एक व्यक्ति के घर गृहप्रवेश था। उसी आमंत्रण में बाइक से पहुंचे। दरवाजे पर बाइक खड़ी कर भोजन करने चले गए।आए तो बाइक नहीं थी। संवाद

# तमंचा, कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**पडरौना।** हाटा कोतवाली की पुलिस ने शनिवार की देर शाम बस स्टैंड के पास एक तमंचा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि बस स्टैंड के पास एक तमंचा और कारतूस के साथ बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र के रुपई गांव के निवासी राम नारायण यादव को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# पुलिस ने रूट मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**तमकुहीरोड/मथौली बाजार।** सेवरही पुलिस ने रविवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रूट मार्च किया। इसमें लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए होली और शब - ए - बरात का त्योहार शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।

एसओ संजय कुमार की अगुवाई में पुलिस ने तमकुहीरोड, तिवारी पट्टी, सुमही बुजुर्ग उर्फ मेहदीया, परसा उर्फ सिरिसिया, पिपरा मुस्तक़िल अगरवा, सुमही संतपट्टी, दुबौली, अवदान टोला, सिराज नगर, वेलवारी पट्टी, अजय नगर, पकड़ियार पूरबपट्टी, टिकुलिया, राजपुर, मिश्रौली, जगदीशपुर आदि गांव में रूट मार्च किया।

पुलिस ने दोनों समुदाय के प्रमुख लोगो से मुलाकात कर शांति व सौहार्द से त्योहार मनाए जाने की अपील की। एसओ ने कहा कि त्योहारों के लिए पुलिस-प्रशासन गंभीर है। सभी प्रमुख जगह पर पुलिस बल तैनात रहेगी।

मथौली बाजार क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर एसओ अनिल कुमार उपाध्याय की अगुवाई में पुलिस ने रूट मार्च किया। पुलिस ने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर धनंजय राय, एसआई विशाल सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# खड्डा में शराब नष्ट

**खड्डा।** चार वर्षों में दर्ज हुए 321 आबकारी अधिनियम के मुकदमों में बरामद 8.40 लाख रुपये की शराब रविवार को नष्ट की गई।

इस शराब का निस्तारण न्यायालय के आदेश पर किया गया। खड्डा थानाध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वर्ष 2019 से 2022 तक चार वर्षों में कुल 321 मुकदमे आबकारी अधिनियम में दर्ज किए गए थे। इसी क्रम में 3480.14 लीटर शराब बरामद हुई थी। उसे जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर मिट्टी से ढक दिया गया। संवाद

## बयान लेने छितौनी पहुंचीं एसडीएम

**छितौनी।** कस्बे में जमीन के विवाद में आगलगी की घटना के बाद एसडीएम भावना सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित पक्ष का बयान दर्ज किया।

पीड़ित पक्ष ने हल्का लेखपाल और कई अन्य पर गंभीर आरोप लगाया। एसडीएम ने आश्वासन देते हुए कहा कि कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। संवाद



बाजूपट्टी गांव में आग लगने से बुजुर्ग की मौत के बाद रोते परिजन। संवाद

# शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने सहयोग की अपील की

**अहिरौली बाजार।** थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें लोगों से होली व शब-ए- बरात के त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

एसओ पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि रंगों का त्योहार होली व शब-ए-बरात का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। होली और शब-ए-बरात त्योहार दोनों एक ही साथ पड़ने के कारण लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। इस दौरान एसआई रामदरश आर्या, एसआई मोहम्मद साजिद, जमिल खान, प्रेमचंद, सोनदेव यादव, शुभम यादव, ग्राम प्रधान बालकिशुन, राहुल सिंह, गामा, रियाजुद्दीन, शाकिर अली आदि मौजूद रहे। संवाद

# बाइक चुराने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के पास से आठ मोटरसाइकिलें बरामद कीं

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामकोला।** गोरखपुर एवं पडरौना कोतवाली क्षेत्र से बाइक चुराकर कर इधर-उधर बेचने वाले चार आरोपियों को रामकोला थाने की पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, ये पहले टोह लेते थे, फिर बाइक चुराते थे। चारों की निशानदेही पर चोरी की आठ मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कई जनपदों में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। इसमें शामिल दो और की तलाश की जा रही है।

रामकोला के थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि वाहन चोरों की तलाश की जा रही थी। रविवार का धर्मसमधा मंदिर के पास चार बाइकों पर बैठे युवक आपस में बातें कर रहे थे। संदेह होने पर उन सभी से पूछताछ की गई। चारों युवक बाइक का कागज नहीं दिखा पाए।

पूछताछ की गई तो चारों के बारे में जानकारी मिली। इनके साथ मिलीं चार बाइकों के अलावा इनके बताए स्थान से अन्य बाइकें भी बरामद की गईं। आरोपियों में रामकोला कस्बा के वार्ड नंबर तीन का नसीब आलम, पपउर निवासी गोविंद, जोगलिया गांव के बिहुली सोमाली टोला निवासी अभिषेक कुमार गौतम और परोरहा का रहने वाला अमित कुशवाहा शामिल है। सभी रामकोला थाना क्षेत्र के निवासी हैं।



पुलिस की पकड़ में आए बाइक चोरी के आरोपी। संवाद

### गिरोह के दो सदस्य बाहर

पुलिस की पूछताछ में चारों ने बताया कि ये चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य हैं। ये देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर सहित अन्य जनपदों में भीड़ वाले स्थानों पर रेकी कर बाइक को चुरा ले जाते थे। इसमें दो सदस्य बाहर के हैं। उनकी तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनमें से किसी ने आईटीआई किया तो कोई स्नातक की पढ़ाई कर रहा है। किसी ने इंटर तक पढ़कर छोड़ दिया है।

### चोरी की बाइक नेपाल बेच देता था

पकड़े गए अभिषेक कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि वह बाइक चुराने के लिए पहले रेकी करता था। उसके बाद चुराई गई बाइक को नेपाल में बेच देता था। उसका संपर्क बाइक चोरों के दूसरे गिरोह से भी है। इसके पहले वह कभी पुलिस के हाथ नहीं आया था।

# किडनी देकर निशा ने बचाया सुहाग

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंसाछापर।** क्षेत्र के पकहां गांव निवासी निशा यादव ने पति को अपनी एक किडनी देकर सुहाग बचा लिया। उनके इस कार्य की क्षेत्र के लोग सराहना कर रहे हैं।

लखनऊ में सफल किडनी ट्रांसप्लांट के बाद अब पति-पत्नी दोनों स्वस्थ हैं।

एक-दो दिन में दोनों को अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।



**ओमप्रकाश यादव और उनकी पत्नी निशा यादव।** (फाइल फोटो)

क्षेत्र के पकहां गांव के निवासी 32 वर्षीय ओमप्रकाश यादव पडरौना शहर में एक निजी अस्पताल में सिटी स्कैन करने का काम करते थे। पिछले वर्ष सात मई को उनकी तबीयत अचानक खराब हुई। गोरखपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया तो जांच में पता चला की उनकी दोनों किडनी खराब हो चुकी है।

यह सुनते ही परिवार पर आफत का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार के लोगों ने ओमप्रकाश को लखनऊ में स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# 'शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर करें सख्ती'

**पटहेरवा।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार की देर रात एएसपी ने तमकुहीराज सीओ सर्किल के थानेदारों के साथ बैठक की। उन्होंने त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्ती करने के लिए कहा। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी थानों की पुलिस त्योहार पर सतर्क रहे। गांव में होलिका दहन के दौरान जहां भी कोई गतिरोध हो तो उस पर विशेष नजर रखें। तमकुहीराज के सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने कहा कि पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ क्षेत्र में सघन गश्त और अपनी पहुंच बनाए रखे। पटहेरवा एसओ गिरिजेश उपाध्याय, तमकुही एसओ नीरज राय, सेवरही एसओ संजय कुमार, तरयासुजान एसओ राजेंद्र सिंह, विशुनपुरा एसओ महेंद्र राम प्रजापति, बरवापट्टी एसओ जितेंद्र सिंह चंदन आदि मौजूद रहे। संवाद

# कसया क्षेत्र में कच्ची शराब बरामद, भट्ठियां तोड़ी गईं

**कसया।** होली में कच्ची शराब की बिक्री रोकने के लिए रविवार को एसडीएम, सीओ और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने कसया क्षेत्र के भैसहां और हेतिमपुर में छापा मारा।

भनक लगते ही कच्ची शराब के धंधेबाज भाग निकले। टीम ने भट्ठियां तोड़ दीं तथा जमीन में दबाकर रखी गई कच्ची शराब बरामद की। कसया की एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, सीओ कुंदन सिंह और और आबकारी विभाग की टीम ने रविवार को भैसहां एवं हेतिमपुर में छापा मारा। काफी मात्रा में कच्ची शराब बरामद हुई। जमीन में छिपाकर रखी गई कच्ची शराब और लहन बरामद किया गया। टीम ने कच्ची शराब की भट्ठियां तोड़ दीं। पुलिस कच्ची शराब बनाने और बेचने वालों की तलाश में जुटी है। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

**रामकोला।** रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर पीटने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि छह माह पूर्व हुए दुष्कर्म के मामले फरार इस अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-03-2023

# महिला हेल्पलाइन के प्रति किया जागरूक

सिंदुरिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर रविवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदौर मिठौरा में इकल प्लेस इवेंट्स आयोजित हुआ।

महिला कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में जिला समन्वयक संजा देवी ने केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर एचईओ उमेश शाही, कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कुमार, जागृति सेवा संस्थान के प्रशिक्षक सुग्रीव वर्मा, बीपीएम नवनीत उपाध्याय, बीसीपीएम अवनीश पटेल, रीना त्रिपाठी शामिल रहे।

# मां से नाराज भाई-बहन पैदल ही निकल पड़े ननिहाल, पुलिस टीम को मिले

नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवा पुलिस ने रविवार की सुबह मां से नाराज होकर घर से निकले दो मासूम बच्चों को बरामद किया। दोनों बच्चे बैग को सिर रख पैदल ननिहाल जा रहे थे। पूछताछ में बच्चों की कहानी सुन पुलिस अवाक हो गई।

दोनों मासूम अपनी मां पर ही प्रताड़ित करने का आरोप लगा रहे थे। नौतनवा पुलिस ने दोनों बच्चों को सृष्टि सेवा संस्था व चाइल्ड लाइन को मौके पर बुलाकर सुपुर्द किया। परिजनों को काउंसलिंग के लिए थाने पर बुलाया। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को रविवार की सुबह करीब 4:30 बजे गांधी चौक पर गश्त के दौरान दो मासूम बच्चे बैग लिए दिखाई पड़े। दोनों बच्चों को थाने लाया गया। सात वर्षीय कुमारी अमृता एवं 6 वर्षीय अरुण कुमार पुत्र आजाद ने बताया कि कस्बे के बाल्मीकि नगर के रहने वाले हैं।

# सिर में चोट लगने से हुई थी रग्घू की मृत्यु

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई पुष्टि, चार आरोपित गए जेल
- शनिवार की भोर में मारपीट के दौरान हुई थी मृत्यु

**जासं, महराजगंज**: बरियारपुर टोला बगहियां में शनिवार की भोर में भूमि विवाद को लेकर हुई रग्घू गुप्ता की मृत्यु सिर में गंभीर चोट लगने से हुई थी। शनिवार की देर रात आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। मामले में चार आरोपितों को पुलिस ने जेल भी भेज दिया है।

बरियारपुर गांव में रग्घू और उनके भाई नंदू गुप्ता के बीच काफी समय से भूमि विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर शनिवार की सुबह दोनों पक्षों में जमकर लाठियां चलीं। रग्घू के सिर पर गंभीर चोटे आई, जिला अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपित नंदू गुप्ता समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट लगने से मृत्यु होना पाया गया है। मामले में विवेचना की जा रही है। जल्द ही आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया जाएगा।

**पौत्र आरुष ने दी मुखाग्नि**: मृतक रग्घु गुप्ता की छह बेटियां और बेटा हैं। बेटा सऊदी अरब कमाने गया है। पत्नी गंगोत्री ने बताया कि पांच बेटियों अनीता, मैना, सुमन, सुनीता और सोनमती तथा एक इकलौते बेटे शिव उर्फ पिंटू की शादी हो चुकी थी। छोटी बेटी सावित्री के हाथ पीले करने के सपने सजोए हुए थे। बेटा पिंटू वीडियो काल पर पिता की चिता को देख फफक रहा था। रग्घु के सात वर्षीय पौत्र आरुष ने बाबा को मुखाग्नि दी तो सबकी आंखें नम हो गईं।

# अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी तेज

**कार्रवाई**

- एसडीएम सदर और सीओ के नेतृत्व में टीम ने की कार्रवाई
- छापेमारी के दौरान 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**पनियरा, हिन्दुस्तान संवाद।** होली पर्व पर अवैध शराब की बिक्री व निर्माण पर रोकथाम के लिए डीएम व एसपी के निर्देश पर एसडीम सदर मो. जसीम व सीओ अजय सिंह चौहान ने सदर सर्किल के आबकारी टीम के साथ रविवार की शाम बेलासपुर नर्सरी में छापा मापेमारी किया। इस कार्रवाई में पचास लीटर अवैध कच्ची शराब मिली। छापेमारी में 70 कुंतल लहन भी बरामद हुआ। जिसे अवैध कच्ची शराब बनाने के लिए स्टोर किया गया था। पुलिस-प्रशासन की टीम ने बरामद लहन को मौके पर नष्ट करा दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से कच्ची शराब बनाने वाले मौके से फरार हो गए।



बेलासपुर नर्सरी में रविवार को पुलिस व प्रशासन की टीम ने लहन नष्ट किया।

एसडीएम मो. जसीम ने बताया कि कच्ची शराब बनाने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली लहन को खोज कर नष्ट किया गया है। पचास लीटर कच्ची शराब भी बरामद किया गया है। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी अधिकारी अमित दूबे व एस आई अमित राय भी शामिल रहे।

# छापेमारी में 50 लीटर कच्ची बरामद, सात टन लहन नष्ट

**जागरण टीम, महराजगंज** : होली के मद्देनजर कच्ची के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बेलासपुर नर्सरी व आस पास के जंगलों, झाड़ियों, बगीचों में छापेमारी की। इस दौरान सात टन लहन नष्ट करने साथ ही 50 लीटर कच्ची बरामद की गई।

पनियरा व बभनौली संवाददाता के अनुसार रविवार को दोपहर में एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम के नेतृत्व में टीम श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के बेलाशपुर नर्सरी व बनरहवा के पास पहुंची। टीम आने की आहट मिलते ही धंधेबाज फरार हो गए। अधिकारियों ने बनरहवां नाले से सटे 10-15 घरों, झाड़ियों व खेतों में तलाशी ली। झाड़ी में छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में लहन व कच्ची बरामद की गई। आबकारी निरीक्षक सदर अमित कुमार दूबे ने बताया कि सात टन लहन नष्ट कर 50 लीटर कच्ची बरामद की गई है। झाड़ियों में दो बड़ी भट्ठियां धधक रही थीं, उन्हें तोड़ दिया गया। मौके से कच्ची बनाने के कई



बिलासपुर नर्सरी के सामने लहन नष्ट करती आबकारी विभाग की टीम •जागरण

उपकरण भी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा में कार्रवाई करते हुए इस धंधे से जुड़े लोगों को पकड़ने के लिए विशेष टीम बनाई गई है। जल्द ही सभी को पकड़ कर जेल भेज दिया जाएगा। अभियान के दौरान उप निरीक्षक अमित राय, अनिल, उदय कुमार सहित आबकारी विभाग के कर्मी मौजूद थे।

# होलिका में लकड़ी कंडा जलाने की हुई पहल

**जासं, भिटौली**: खुशियों व सामाजिक समरसता के पर्व होली के अवसर पर इस बार लोग पर्यावरण संरक्षण का संकल्प ले रहें हैं। होलिका में लकड़ी का प्रयोग न करके कंडों का प्रयोग किया जाए, इसके लिए दैनिक जागरण के अभियान में भिटौली पुलिस ने भी पहल की है।

रंगोत्सव से एक दिन पूर्व जलाई जाने वाली होलिका अब पर्यावरण के अनुकूल होगी। होलिका दहन में लकड़ी की बजाय कंडे का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए कंडे दान करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आगे आ रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए दैनिक जागरण के अभियान 'एक मुहल्ला एक होलिका' से प्रेरित होकर भिटौली थानाध्यक्ष सुनील कुमार राय होलिका समितियों के पास जाकर कंडा दान कर रहे हैं। थानाध्यक्ष ने भिटौली होलिका समिति के अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष सुग्रीव चौबे सहित अन्य सदस्यों को कंडा देकर कहा कि वह अपने गांव में इस बार होलिका दहन के दौरान लकड़ियों का इस्तेमाल न करके गोबर के कंडों का इस्तेमाल करें। इससे एक तरफ जहां वन सम्पदा की बचत होगी, वहीं दूसरी तरफ वायुमण्डल में उड़ रहे बैक्टीरिया कंडे के धुंए से खत्म होंगे।

इससे पर्यावरण बेहतर होगा। इस मौके पर शिकारपुर चौकी प्रभारी मृत्युंजय उपाध्याय, उपनिरीक्षक अमित कुमार, मंगला प्रसाद, समिति के स्वामीनाथ गुप्ता, गोलू श्रीवास्तव,विनय यादव विनोद यादव, लड्डू यादव, मुन्ना यादव, विशाल यादव,किशन यादव,विक्की, आकाश, पंकज रौनियार मौजूद रहे।



होलिका समिति को कंडा देते भिटौली के थानाध्यक्ष कुमार सुनील राय व पुलिसकर्मी • जागरण

# होलिका में कंडों का करें अधिकाधिक प्रयोग

**जासं, आनंदनगर** : समय के साथ पुरानी परंपराओं की रस्म अदायगी होने लगी हैं। कभी एक गांव-एक मोहल्ले में एक ही होलिका जलाई जाती थी। धीरे-धीरे हर गली में होलिका दहन करने की परंपरा शुरू हो गई है। अगर हम अपनी पुरानी संस्कृति और परंपरा को अमल में लाएं तो एक मोहल्ला एक होलिका से निश्चित तौर पर सामाजिक समरसता और सौहार्द बढ़ेगा।

दैनिक जागरण के अभियान एक होलिका-एक मोहल्ला के फायदों पर बातचीत में बुजुर्गों एवं नौजवानों ने कहा कि इस मुहिम से एकता और सौहार्द को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान लोगों ने लकड़ी की जगह कंडों की होलिका जलाने का भी निर्णय लिया। कंडों की होलिका जलाने से पर्यावरण का भी सरंक्षण हो सकेगा।




पहले गांव हो या मोहल्ला एक होलिका जलाई जाती थी। होलिका दहन के साथ ही पूरा मोहल्ला एक दूसरे के गले मिलता था। आपसी बैर दूर हो जाते थे। लोगों को चाहिए आगे आएं और एक मोहल्ले में एक ही होलिका जलाने की मुहिम चलाएं।

**डा. राम नरायन चौरसिया**





अगर समाज के सभी लोग एकजुट होकर एक होलिका जलाएंगे तो सामजिक सौहार्द, एकता और भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा। पर्यावरण का संरक्षण भी होगा। प्रयास होगा कि एक ही होलिका जले तथा उसमें कंडों का अधिक से अधिक प्रयोग करें।

**पवन कुमार गौड़**

# 50 बोरी गेहूं व चार बोरी यूरिया के साथ दो धाराए

**जासं, नौतनवा** : नौतनवा पुलिस ने रविवार सुबह पैसिया बाबू पेट्रोल पंप के पास 50 बोरी गेहूं लदी पिकअप पकड़ लिया। इसके साथ गोविंद निवासी दुर्गापुर थाना नौतनवा को हिरासत में लिया गया। वहीं दूसरी तरफ हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार सिंह, मृत्युंजय तिवारी व संदीप गौतम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बैरियहवा गांव से नेपाल जा रहे एक युवक को चार बोरी यूरिया खाद के साथ पकड़ा है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपित सुमित गौड़ निवासी थाना सोनौली को कस्टम नौतनवा को सुपुर्द कर दिया गया है।

**50 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार: नौतनवा** : छपवा गांव के समीप नेपाल से भारत सीमा में नेपाली शराब की तस्करी करते एक व्यक्ति को 50 शीशी नेपाली शराब के साथ पकड़ा है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि आरोपित हीरालाल निवासी छपवा पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## जांच अभियान में 156 बोरी गेहूं बरामद

**कोल्हुई :** कोल्हुई क्षेत्र के जोगियाबारी तिराहे पर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। वाहन से 156 बोरी गेहूं बरामद कर करीमुद्दीन निवासी परमेशरापुर थाना कोल्हुई को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा पिकअप पर लदी 50 पेटी पाउडर, हेयर कलर, 14 पेटी टूथपेस्ट बरामद कर दो लोगों को हिरासत में लिया। तस्कर की पहचान अजीम निवासी नौतनवा के रूप में हुई। टीम में एसएसबी के उपनिरीक्षक जाकिर अली, मदन चंद्र राय उपनिरीक्षक संदीप वर्मा, जोगियाबारी चौकी इंचार्ज रमेश पूरी, मंजेश यादव आदि शामिल रहे।

# दूसरे समुदाय के व्यक्ति ने जलाई होलिका, चार को जेल

**जासं, बंगला चौराहा (महराजगंज)** : होली के हुड़दंग में बरगाहपुर गांव के उत्पाती युवकों ने शनिवार की रात दूसरे समुदाय के युवक के घर के बाहर रखी चौकी (तख्त) होलिका में डालने के लिए उठा लिया। रविवार की सुबह होलिका स्थल पर अपनी चौकी ढूंढ़ने निकले दूसरे समुदाय के युवक को जब चौकी नहीं मिली तो उसने होलिका में आग लगा दी। दूसरे समुदाय के युवक द्वारा होलिका जलाए जाने को लेकर गांव में तनाव उत्पन्न हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर फरेंदा एसडीएम व सीओ समेत बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची। आनन-फानन में पुलिस ने गांव के ही झिनक की तहरीर पर आरोपित ग्यासुद्दीन समेत चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें से नामजद चारों आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया वहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

गांव के निवासी गयासुद्दीन जब रविवार को सोकर उठे तो देखे कि उनका चौकी गायब है। उन्हें पता लगा कि कि गांव के ही कुछ उत्पाती युवकों ने उनकी चौकी को होलिका में डाल दिया है। इसके बाद वह अपने एक सहयोगी बालकिशुन, दो बेटियों मरियम और कुलशुम के साथ होलिका स्थल पर पहुंच गए, वहां काफी देर तक खोजने के बाद भी चौकी नहीं मिली तो आक्रोशित होकर होलिका में आग लगा दी। सूचना मिलते ही मौके पर फरेंदा के उपजिलाधिकारी मदन मोहन वर्मा व पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र भी पहुंच गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र ने बताया कि मुख्य आरोपित ग्यासुद्दीन समेत उसकी बेटी मरियम, कुलसुम और सहयोगी बालकिशुन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। इन चारों के अलावा गांव के ही बदरे आलम, रामलखन और समसुद्दीन को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहां से ग्यासुद्दीन, मरियम, कुलसुम और बालकिशुन को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि होली पर हुड़दंग कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कोल्हुई :** एक विवाहिता ने पति, सास, ससुर, ननद समेत 12 लोगों के विरुद्ध कोल्हुई थाने में दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार कोल्हुई की रहने वाली विवाहिता की शादी ग्राम जटमलपुर, पीपरपाती थाना बरियारपुर देवरिया के रहने वाले सोनू जायसवाल के साथ 2022 को हुई थी। ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रतिदिन मारने पीटने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। कोल्हुई पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ससुराल वालों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

# एक करोड़ से थानों में बनाए जाएंगे शौचालय

**जासं, महराजगंज**: जिले के समस्त थानों में आने वाली महिला फरियादियों और पुलिसकर्मियों के लिए अलग शौचालय का निर्माण होगा। इसके लिए शासन से एक करोड़ 56 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिली है। स्वीकृत धनराशि प्राप्त होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

जिले के 20 थानों में सिंदुरिया और भिटौली को छोड़कर समस्त 18 थानों में महिलाओं के लिए बेहतर वाशरूम और शौचालय के लिए जिला पुलिस की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि शौचालय निर्माण मद में धन स्वीकृत हो गया है।

# मां की मार से दुखी भाई-बहन निकल पड़े घर से

- **नौतनवा गांधी चौक पर बैग उठाए बच्चों को पुलिस ने रोका**
- **नाना को देखते ही दहाड़ मारकर रोने लगी नातिन**

**जासं, नौतनवा** : मां की डांट व मारपीट से आहत सात वर्षीय बहन व छह वर्षीय भाई बैग उठाए नाना के घर जाने के लिए रविवार सुबह चार बजे सो रही मां को छोड़ कर निकल पड़े। गांधी चौक पर गश्त के दौरान पुलिस ने उन्हें रोक लिया और पूछताछ की। दोनों कुछ बताने की स्थिति में नहीं थे। उनको थाने ले आकर सीओ अनुज कुमार सिंह ने बिस्किट टाफी खिलाई और रोते हुए बालक को दुलारते हुए गोदी में उठा लिया। थाना पर पहुंचे नाना शिवपूजन को देख बच्चे दहाड़ मारकर रोते हुए लिपट गए।

थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि परसामलिक थाना क्षेत्र के बनरहवा की रहने वाली ममता नौतनवा के परसोहियां मोहल्ले में किराए के मकान में रहती हैं। उनके पति आजाद चार माह से मुंबई में नौकरी कर रहे हैं। उनके तीन बच्चों में लड़की सात वर्षीय अमृता व पुत्र अरुण से पूछताछ में पता चला कि उनकी मां अक्सर डांटती-फटकारती



नौतनवा थाने में बालक को गोद में उठाकर दुलारते सीओ अनुज कुमार सिंह ● जागरण



नौतनवा थाना परिसर में नाना को देख रो पड़ी नातिन ● जागरण

और पापा से बात कराने को कहने पर मारती पीटती है। लड़की ने गर्दन पर जलने के निशान भी दिखाए। नाना-नानी का गांव पड़ौली थाना परसामलिक में है। बच्चों ने बताया कि पापा के मुंबई जाने से पहले नाना के घर रहते थे। वह उनसे बहुत प्यार करते हैं। उनके पास जाने के लिए रात में जब उनकी मां सो गई तो बैग में कपड़ा रख कर निकल पड़े। बच्चों के नाना ने बताया कि बच्चों से मारपीट की शिकायत कई बार नाती नातिन कर चुके हैं। बताया कि चाइल्ड लाइन की टीम ने मां को समझाया और भविष्य में अच्छा व्यवहार करने का सुझाव दिया। सीओ ने कहा पुलिस समय-समय से बच्चों से मिलती रहेगी।

# पुलिस ने पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास

**जासं, सिसवाबाजार :** होली व शब-ए-बारात के मद्देनजर स्थानीय पुलिस ने सिसवा कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। सिसवा चौकी प्रभारी अनघ कुमार के नेतृत्व में पुलिस के जवान थाना परिसर से निकलकर स्टेट बैंक चौराहा, श्याम मंदिर रोड, फलमंडी, प्रेमचित्र मंदिर रोड, सब्जी मंडी, मेन मार्केट, रामजानकी मंदिर रोड, अमरपुरवा, गोपालनगर तिराहा, इस्टेट चौक सहित कस्बे के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि विवाद होने पर तत्काल सूचना दें।

# लावारिस बच्चों को पुलिस ने उनके परिजनों से मिलााया

**नौतनवां।** नगर के गांधी चौक पर रविवार को भोर में लावारिस हालत में भटक रहे बालक-बालिका को पुलिस ने बरामद कर पूछताछ के बाद चाइल्ड लाइन कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में उनके परिजनों को सौंप दिया।

रविवार सुबह लगभग चार बजे नगर के गांधी चौक के पास एक बालक एक बालिका बैग लेकर लावारिस हालत में भटक रहे थे । पुलिस ने देखा तो दोनों लोगों को बुलाया और पूछताछ किया तो उन्होंने अपना नाम बताया। पुलिस दोनों बच्चों को थाने ले गई।

बच्चों ने बताया कि मां के मरने पीटने पर नाराज होकर अपने नाना के घर जा रहे थे। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि दोनों बच्चों को उनके परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया है। संवाद

# सीमावर्ती गांवों में धड़ल्ले से बेची जा रही नेपाली शराब

**सोनौली।** भारत-नेपाल के सीमावर्ती गांव में नेपाली शराब धड़ल्ले से बिक रही है। जिसमे नेपाली ब्रांड की शीशी 35 से 30 रुपये में मिल जाती है।

भारतीय देशी शराब देशी शराब 50 से 65 रुपये में मिलती है। सूत्रों के अनुसार भारत नेपाल के सोनौली, नौतनवां, भगवानपुर, हरदी डाली, खनूआ के सीमावर्ती गांवों में नेपाली शराब अधिक बिकती है।

क्षेत्राधिकारी नौतनवा अनुज कुमार सिंह ने बताया कि नेपाली शराब की तस्करी रोकने के लिए सीमावर्ती थाना व चौकी के पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है।

इस धंधे में लिप्त लोगों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# रघु हत्याकांड : जांच की जद में आ सकते हैं कई पुलिसकर्मी

## एक महिला की लोकेशन नोएडा में मिलने पर नहीं की गई कोई कार्रवाई, मामले के चार आरोपियों का चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** भिटौली थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में रघु गुप्ता हत्याकांड में शामिल चार आरोपी सलाखों के पीछे जा चुके हैं।

लापरवाही बरतने वाले बीट पुलिस अधिकारी को निलंबित किया जा चुका है। इस प्रकरण में किसी और की लापरवाही है या नहीं, इ स की जांच तेज कर दी गई है।



रघु गुप्ता (फाइल फोटो)

अमर उजाला फॉलोअप

होली के बाद कुछ और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है। जानकारी के अनुसार, बरियापुर गांव के रघु गुप्ता की गला दबाकर उनके भतीजे ने हत्या कर दी। इसमें

**होली के बाद इस प्रकरण की गहन जांच कर रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंपी जाएगी**

शामिल होने के आरोप में बृजेश, नन्दू, चंद्रवाती, मनीषा देवी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर चालान कर दिया गया। मनीषा का लोकेशन नोएडा में मिलने के कारण उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई नहीं करने के आरोप में बीपीओ अरविंद कुमार को निलंबित कर दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि होली के बाद इस प्रकरण की गहन जांच कर रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंपी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। अभी रिपोर्ट नहीं मिली है। प्रथम दृष्टया जिसकी लापरवाही मिली, उसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई कर दी गई।

अमर उजाला

पढ़ें, एक खबर के कई पहलू

दूसरे पोस्टमार्टम के बाद भी नहीं

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-03-2023

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नारायन लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना वाल्टरगंज पुलिस टीम द्वारा थाना वाल्टरगंज पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 69/2023 धारा 363/366/323/504/506 भादसं 3 (1)द, 3 (2)5 भादवि व 3/5 (1) उप्र विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से सम्बंधित वांछित अभियुक्त सहबाज पुत्र मशरफ को पड़िया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर सम्बन्धित अपहृता को बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण सहबाज पुत्र मशरफ खान निवासी पुरैना थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुभाष मौर्या थाना वाल्टरगंज , का.शिवानन्द सिंह थाना वाल्टरगंज ,महिला का. प्रियंका यादव थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती है।

# त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**विक्रमजोत (एसएनबी)।** होली एवं शब ए बरात त्यौहार को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए रविवार को विक्रमजोत चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता छावनी के थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने किया। थानाध्यक्ष ने लोगों से त्यौहार को



शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। उन्होने कहा कि समाज में अराजकता फैलाने वाले लोगो पर विशेष ध्यान रखें। किसी भी अराजक तत्व के बारे में जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। बैठक में चौकी प्रभारी राजीव सिंह, समाजसेवी विजय पाण्डेय, बच्चाराम यादव, देवदीन, अमरेन्द्र सिंह, संतोष कुमार शुक्ल, अभिषेक शर्मा, अमित यादव, मनोज यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नाबालिग को भगाने वाला धराया

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा नाबालिग लड़की को बरामद करते हुए उसको बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले अभियुक्त कोगिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह चौकी प्रभारी गांधीनगर थाना कोतवाली की टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 79/2023 धारा 363/366/504/506 भादसं में वांछित अभियुक्त अभिषेक कुमार पुत्र राजेश राम निवासी सोनबरसा थाना कोतवाली को महसों से गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण अभिषेक कुमार पुत्र राजेशराम निवासी सोनबरसा थाना कोतवाली है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम शशांक शेखर राय प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली , उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह चौकी प्रभारी गांधीनगर थाना कोतवाली,का. संजय कुमार चौकी गांधीनगर थाना कोतवाली , महिला का.ममता सिंह थाना कोतवाली , का.विजय यादव सर्विलांस सेल शामिल रहे।

# युवती को भगाने वाला वांछित गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**धर्मसिंहवा (एसएनबी)।** युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को मेंहदावल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपहृता को भी बरामद किया है। आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया गया। माजिद अली पुत्र नसीब अली निवासी सिकरी थाना धर्मसिंहवा के द्वारा दिनांक 01.02.2023 को वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके संबंध मे वादी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना धर्मसिंहवा पुलिस उ.नि. रामप्रवेश यादव ने कां. पवन यादव, म.कां. श्रेयांशी यादव के साथ महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए अपहृता को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

# सरकारी धन के बंदरबांट का लगाया आरोप

**जासं, रुधौली, बस्ती:** विकास क्षेत्र साऊंघाट के ग्राम पंचायत मझौआमीर के मोहम्मद नसीम पुत्र मोहम्मद सलीम ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ग्राम पंचायत में पूर्व प्रधान ने अपने 20 वर्ष के कार्यकाल में योजनाओं के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट किया है। अपात्र लोगों को आवास देकर धन का दुरुपयोग किया है।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार की टीम ने दिलवाया कब्जा

## नायब तहसीलदार तत्काल जेसीबी मशीन बुला कर तुड़वा दिया अतिक्रमण

## 11 साल बाद मिला आवंटी मालती देवी को भूमि पर कब्जा

**बस्ती (एसएनबी)।** विकास खण्ड कुदरहा के ग्राम पंचायत शंकरपुर में रविवार को ग्राम समाज की भूमि का सीमांकन कर आवंटी को कब्जा दिलवाया गया। ग्राम सभा खाते की भूमि आराजी नम्बर 281/1स 0.0130 हे. ग्राम समाज की भूमि पर मीना देवी पत्नी सुखराम चौधरी उर्फ सुक्खू द्वारा चरन, नाद खूटा, टीन शेड , शौचालय बना कर कब्जा कर लिया गया था। इस भूमि को 2012 में मालती देवी पत्नी लक्ष्मन को आवासीय पट्टा दिया गया था पर इनके बगलगीर मीना देवी द्वारा अतिक्रमण कर इस पट्टा शुदा भूमि पर कब्जा कर लिया गया था। इनको पहले भी हटाने के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी के न्यायालय द्वारा अतिक्रमकारी को निर्देशित किया गया था। लेखपाल विकास मौर्या द्वारा बताया गया कि उक्त अतिक्रमणकारियों द्वारा इसे हटाने के लिए नोटिस भी दिया गया था पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। उपजिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दूबे ने नायब तहसीलदार को निर्देशित किया। नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ल टीम के साथ ग्राम में पहुँच कर पहले ग्राम समाज की भूमि का सीमांकन करवाया फिर तत्काल जेसीबी बुला कर उक्त भूमि को खाली करवा दिया और मालती देवी को सिपुर्द कर दिया गया।

## मजदूर की मौत मामले में नामजद चिकित्सक पकड़ से दूर

**बस्ती (एसएनबी)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ब्लाक रोड पर डा.सुधाकर पांडेय केनिर्माणाधीन मकान मेंएक मजदूर का शव बरामद हुआ था। परिजनों ने हत्या का आरोप चिकित्सक पर लगाया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर डा.सुधाकर पांडेय केविरुद्ध हत्या का मुकदमा तो पंजीकृत कर लिया। मगर घटना के 72 घंटे बाद भी चिकित्सक की गिरफ्तारी न होने सेमृतक केपरिजन आहत हैं तोवहीं दूसरी तरफ पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालियां निशान लग रहे हैं।उल्लेखनीय है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के ब्लाक रोड पर डा.सुधाकर पांडेय का मकान बन रहा है। जहांरामफेर यादव पुत्र छेढ़े प्रसाद निवासी देईपारथाना पुरानी बस्ती शटरिंग का काम कर रहा था। बीतेतीन मार्च को वह चिकित्सक के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों मेंमृत अवस्था में पाया गया। जिसकी सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव कोअपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के बाद पहुंचेमृतक के परिजनों ने इस मामले में चिकित्सक सुधाकर पांडेय पर रामफेरयादव की हत्या करने का आरोप मढ़ा और कहा कि वह रामफेर की मजदूरी नहीं देना चाहते थे। लिहाजा उन्होंनेरामफेर की अपने ही मकान में हत्या कर दी और इसकी जानकारी भी पुलिस व परिजनोंको नहीं दिया। मृतक के परिजनों के दबाव के बाद उसी दिन कोतवाली में डा.सुधाकर पांडेय के विरुद्ध धारा 302 आईपीसी के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज करने के72 घंटे बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से जहां परिजनों में आक्रोश है वहीं देईपार केलोगों नेपूरे प्रकरण मेंपुलिसिया कार्यवाही पर सवालिया निशान लगाया है।

# सीएससी संचालक को गोली मारने में दो शातिर गिरफ्तार

**सफलता**

- पुलिस ने कब्जे से गोंडा से लूटी व अयोध्या से चोरी हुई दो बाइक बरामद
- हरिगांव में 27 फरवरी को सीएससी संचालक से लूट की कोशिश में मारी थी गोली
- 28 फरवरी को मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी शिवम सिंह हुआ था गिरफ्तार

**बस्ती/ परसरामपुर, हिन्दुस्तान टीम।** जिले के परसरामपुर थाने के हरिगांव स्थित सीएससी संचालक से लूट में नाकाम रहने पर गोली मारने की घटना के दो आरोपितों को पुलिस ने दबोच लिया है। इसके पहले 28 फरवरी को भोर में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने मुख्यारोपी शिवम सिंह उर्फ प्रियांशु सिंह निवासी पड़री बाबू थाना परसरामपुर को गिरफ्तार किया था। पुलिस पर फायरिंग कर भागते वक्त जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी थी।

थाना प्रभारी रामेश्वर यादव ने बताया कि गत 27 फरवरी को लूट की प्रयास की घटना में मुख्यारोपी शिवम सिंह के साथ आरोपी अमर कुमार यादव उर्फ पुजारी यादव निवासी सिरसहवा थाना परसरामपुर बाइक पर मौजूद था। विवेचना के दौरान सामने आया कि घटना के पहले इसी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी विकास यादव ने रेकी थी। इन दोनों की तलाश में पुलिस टीम जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर परसरामपुर थाना और एसओजी प्रभारी की टीम ने कोहराएं के आगे एक पुलिया के पास घेराबंदी की।

इस दौरान बाइक से गुजर रहे अमर कुमार यादव उर्फ पुजारी यादव और विकास यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। अमर के कब्जे से बरामद बाइक गोंडा जनपद के छपिया थानांतर्गत मस्कनवां से लूटी गई थी। जिसका मुकदमा छपिया थाने में पजीकृत है। इस बाइक की सीट के नीचे छिपाकर रखा गया घटना में प्रयुक्त नकाब भी बरामद कर लिया गया। जबकि आरोपी विकास यादव के कब्जे से बरामद अयोध्या जनपद से चुराई थी। इस आधार पर दोनों के खिलाफ चोरी व लूट का माल बरामदगी की धारा में भी अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

गिरफ्तार करने वाली टीम में परसरामपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव, एसएसआई श्याम मोहन त्रिपाठी, एसआई श्याम सुंदर, एसआई दिलीप, सिकंदरपुर चौकी इंचार्ज उमेश चंद्र वर्मा, देवेन्द्र निषाद के अलावा एसओजी टीम के प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह व उनकी टीम शामिल रही।

# रास्ते में रोककर युवक को पीटा

**बस्ती (एसएनबी)।** रास्ते में रोककर कुछ लोगो ने एक युवक को गालियां देते हुए लाठी डण्डे से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाली क्षेत्र के ब्लाक रोड क्षेत्र के रौता चौकी के पास अंकित कुमार चौधरी की बाइक कुछ लोगो ने रोक लिया और लाठी डण्डे से मारकर जख्मी कर दिया। मामले में घायल अंकित कुमार चौधरी के पिता हृदयलाल चौधरी पुत्र मंगल प्रसाद निवासी विशुनपुर थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विनय चौधरी उर्फ दुर्गा पुत्र रविन्द्र चौधरी , बृजेश चौधरी निवासीगण बड़ेबन थाना कोतवाली तथा आधा दर्जन अज्ञात लोगो के विरुद्ध धारा 147, 323, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आपसी रंजिश में मारपीट, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बानपुर गांव की रहने वाली सफिकुन्निशा को आपसी रंजिश के चलते उसके देवर, जेठानी ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता सफीकुन्निशा पत्नी अब्बास अली निवासी बानपुर थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवर शोहरत अली पुत्र मोहम्मद मुस्लिम व जेठानी शकीनाबानो पत्नी रज्जाक अली निवासीगण बानपुर थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दलित प्रधान को दवंगों ने धमकाया

**बभनान (एसएनबी)।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दिवाकरपुर की ग्राम प्रधान संजू देवी ने उप जिलाधिकारी हर्रैया को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह ग्राम पंचायत के सरकारी भूमि पर उगे झाड़ झंखाड को जेसीबी लगाकर साफ सफाई करा रही थी। विगत एक मार्च को शाम करीब 7:00 बजे मुकुंदपुर निवासी जीत बहादुर सिंह, विकास सिंह, आकाश सिंह, बबलू सिंह सहित 10 अन्य लोग पहुंचे और गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। प्रधान ने जिलाधिकारी ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग किया।

# बकरा काटने से मना करने पर पीटा

**बभनान (एसएनबी)।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के कुर्दा निवासी सईद अहमद पुत्र खर्शीद अहमद ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि विगत 3 मार्च को उनके विपक्षी मुस्तफीज अहमद पुत्र इकबाल अहमद व नदीम अहमद पुत्र अफजल अहमद अपने दो अन्य साथियों के साथ विवादित जमीन पर बकरा काट रहे थे। मना करने पर चारों ने उनकी पिटाई कर दी। जाते-जाते जान से मारने की धमकी दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों के विरूद्ध धारा 504, 352 एवं 506 आईपीस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# त्योहारों को लेकर पुलिस हाई अलर्ट

बस्ती। जिले में अबकी बार होलिका दहन व शब-ए-बरात दोनों सात मार्च को पड़ रहे हैं। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। दोनों त्योहार एक साथ होने से अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। त्योहार में सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए अलर्ट कर दिया गया है।

होली और शब-ए-बारात पर सुरक्षा बंदोबस्त के लिहाज से दो दिन पहले शुक्रवार को ही कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र ने सभी अधिकारियों की मीटिंग बुलाकर सबको त्यौहार के दौरान विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दे रखें हैं।

# पति समेत 4 पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में केस दर्ज किया है। सोनहा क्षेत्र की रहने वालीं किस्मतुन्निशा ने तहरीर में बताया कि उनकी शादीखम्हरिया पश्चिम निवासी अरमान के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में कार को लेकर प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने पति, ससुर जनाब अली, सास महजबीन व ननद शबनम पर केस किया।

# किशोरी बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। कोतवाली व वाल्टरगंज पुलिस ने बहला-फुसलाकर किशोरियों को भगा ले जाने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि अपहृत किशोरी को महसो थाना लालगंज के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया और आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया गया।

वाल्टरगंज पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भागने व धर्म परिवर्तन कराने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव के अनुसार पीड़िता के पिता का आरोप है कि उनकी बेटी को इसी थाना निवाीस आरोपी सहबाज बहला-फुसलाकर भगा ले गया। मारपीट कर धमकाया और धर्म परिवर्तन भी कराया। थानेदार ने बताया कि रविवार को एसआई सुभाष मौर्या, आरक्षी शिवानंद सिंह व प्रियंका यादव की टीम ने आरोपी सहबाज को पड़िया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# रेप का वीडियो बना ब्लैकमेल करने वाला हुआ गिरफ्तार

- रुधौली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दर्ज किया था मुकदमा
- शादी तय होने पर युवती के होने वाले पति को भेज दिया था अश्लील वीडियो

बस्ती, निज संवाददाता। युवती संग रेप करने के बाद उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोपी को रुधौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता के ही गांव का रहने वाला आरोपी श्रीकेश मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार था। रविवार को पुलिस टीम ने हनुमंता पुल के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

रुधौली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि उनके गांव का रहने वाले श्रीकेश उसी के ही बिरादरी का है। 2017 में एक दिन उसने अपने घर बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया। इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया था। परिजनों को कुछ बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसी बात का फायदा उठाकर वह उसने डरा धमका कर कई बार दुष्कर्म किया। बाद में शादी करने का झांसा देने लगा था।

करीब एक साल बाद घटना की जानकारी पीड़िता के पिता को होने के बाद बातचीत के आधार पर दोनों पक्षों ने सुलह कर लिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी श्रीकेश ने दूसरी लड़की से शादी कर ली। जब पीड़िता की शादी तय हो गई तो उसे तोड़वाने के मकसद से होने वाले पति व उसके परिजनों को अश्लील वीडियो श्रीकेश ने मोबाइल पर भेज दिया। इससे उसका रिश्ता टूट गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रुधौली संजय कुमार, हेकां. शैलेन्द्र दुबे, कां. मनोज मौर्य, जयप्रकाश शामिल रहे।

# मारने पीटने के मामले में मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली क्षेत्र के ब्लॉक रोड पर मारपीट का मामला सामने आया है। रुधौली थाने के विशुनपुर निवासी हृदयलाल चौधरी ने तहरीर देकर बताया है कि उनका बेटा अंकित कुमार चौधरी तीन मार्च को अपने काम से बस्ती शहर आया था। ब्लाक रोड के रास्ते घर लौट रहा था, तभी ब्लाक रोड पर कोतवाली के बड़ेवन निवासी विनय चौधरी उर्फ दुर्गा, बृजेश चौधरी व उनके साथ करीब आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने मिलकर रोक लिया और एक राय होकर लाठी-डंडे से बेटे को मारापीटा। जानमाल की धमकी दी। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# पति समेत चार पर उत्पीड़न का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थाना क्षेत्र की रहने वाली किस्मतुन्निशा ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी शादी इसी थाने के खम्हरिया पश्चिम निवासी अरमान के साथ हुई है। आरोप लगाया कि ससुराल में चारपहिया गाड़ी मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति के अलावा ससुर जनाब अली, सास महजबीन और ननद शबनम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है।

## कोल्ड ड्रिंक बेचने को लेकर विवाद

**बस्ती:** हर्रैया पुलिस को तहरीर देकर तेनुआ निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया है कि कोल्ड ड्रिंक बेचने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने केशवापुर के पास उनके भाई विष्णु सिंह के पैर पर गाड़ी चढ़ा दी।

अपशब्द कहते हुए धमकाया और मारने के लिए दौड़ लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अंकुश पांडेय, विकास मिश्र, अनुराग सिंह निवासी तेनुआ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# युवती को अपहृत करने वाला किया गया गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** वाल्टरगंज पुलिस ने युवती को अपहृत करने वाले एससीएसटी एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही युवती को सकुशल बरामद भी किया है। एसओ वाल्टरगंज नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित सहबाज पुत्र मशरफ को रविवार को पड़िया तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के खिलाफ अपहरण व एससीएसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सुभाष मौर्या, कांस्टेबल शिवानन्द सिंह व महिला कांस्टेबल प्रियंका यादव शामिल रहीं।

# गोली मारने में वांछित दो बदमाश गिरफ्तार

## अयोध्या से चोरी हुईं दो बाइकें बरामद

- हरिगांव में 27 फरवरी को सीएससी संचालक को मारी थी गोली
- सीट के नीचे छिपाकर रखा गया घटना में प्रयुक्त नकाब भी बरामद

**जासं, परशुरामपुर, बस्ती:** परशुरामपुर थानाक्षेत्र के हरिगांव स्थित सीएससी पर लूट की कोशिश के दौरान संचालक को गोली मारने की घटना के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 28 फरवरी की भोर में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने मुख्यारोपित शिवम सिंह उर्फ प्रियांशु सिंह निवासी पड़री बाबू थाना परशुरामपुर को गिरफ्तार किया था।

27 फरवरी को थानाक्षेत्र के हरिगांव स्थित सीएससी को बदमाशों ने लूटने का प्रयास किया था। कैश काउंटर की चाबी न देने पर संचालक हरिगांव के निवासी वीरेंद्र कुमार को बदमाशों ने गोली मार दी थी। गोली वीरेंद्र के पैर में लगी थी। मुख्यारोपित को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। घटना में अन्य वांछितों की पुलिस तलाश कर रही थी।

प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर रामेश्वर यादव ने बताया कि घटना के समय मुख्यारोपित शिवम सिंह के साथ आरोपित अमर कुमार यादव उर्फ पुजारी यादव निवासी सिरसहवा थाना परशुरामपुर बाइक पर मौजूद था। विवेचना के दौरान सामने आया कि घटना के पहले इसी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी विकास यादव ने रेकी थी। इन दोनों की तलाश में पुलिस टीम जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर परशुरामपुर पुलिस और एसओजी की टीम ने कोहराएं के पास एक पुलिया पर घेराबंदी की।

इस दौरान बाइक से गुजर रहे अमर कुमार यादव उर्फ पुजारी यादव और विकास यादव को दबोच लिया गया। अमर के कब्जे से बरामद बाइक गोंडा जनपद के छपिया थानाक्षेत्र के मसकनवां से लूटी गई थी। जिसका मुकदमा छपिया थाने में पंजीकृत है। बरामद बाइक की सीट के नीचे छिपाकर रखा गया घटना में प्रयुक्त नकाब भी बरामद कर लिया गया। जबकि आरोपित विकास यादव के कब्जे से बरामद बाइक अयोध्या जनपद से चुराई थी। इस आधार पर दोनों के खिलाफ चोरी व लूट का माल बरामदगी की धारा में भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दुष्कर्म का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला आरोपित दबोचा गया

**जासं, बस्ती:** युवती के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोपित को रुधौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता के ही गांव का रहने वाला आरोपित श्रीकेश मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार था। रविवार को पुलिस टीम ने हनुमंता पुल के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

रुधौली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि उनके गांव का रहने वाले श्रीकेश 2017 में एक दिन उसे अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया था। परिजनों को कुछ बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसी बात का फायदा उठाकर वह उसने डरा धमका कर कई बार दुष्कर्म किया। बाद में शादी करने का झांसा देने लगा था। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र दुबे, कांस्टेबल मनोज मौर्य, जयप्रकाश व अमित सिंह शामिल रहे।

# हत्या की मकसद से अपहरण का आरोप, मुकदमा

**बस्ती :** परशुराम्पुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदम्मा दर्ज किया है। परशुराम्पुर निवासी कम्मलेश पत्नी रवीन्द्र प्रताप ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पति का विपक्षियों ने हत्या करने की मकसद से जून माह में अपहरण कर लिया था। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर परशुराम्पुर निवासी श्रीकुम्मार, पीठिया निवासी हरिश्चंद्र, रतनपुर निवासी शीला और गुड्डू के खिलाफ मुकदम्मा दर्ज किया है। (जासं)

# छापेमारी में कच्ची शराब बरामद, भट्ठियां ध्वस्त

**जासं, विक्रमजोत, बस्ती :** छावनी थाना क्षेत्र के सरयू नदी के छतौना गांव के माझा क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम द्वारा दबिश दी गई। रविवार की सुबह आबकारी निरीक्षक शत्रुघ्न वर्मा के नेतृत्व में आबकारी टीम ने बीडी तटबंध के किनारे और टेढ़ी नदी की तलहटी में छापेमारी कर धधक रही एक दर्जन शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया। कच्ची शराब और लहन बरामद किया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि माझा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बनाने की भट्ठियां सक्रिय हैं। छापेमारी में 35 लीटर कच्ची शराब और लगभग चार क्विंटल लहन बरामद हुआ है। मौके से कच्ची शराब बनाने वाले दो लोग फरार हो गए। दोनों अज्ञात खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कच्ची शराब बनाने की सामग्री देने वाले शंकरपुर गांव निवासी एक व्यक्ति के घर पर भी छापेमारी किया गया। सिपाही मानसिंह, आशुतोष, विनोद यादव एवं महिला कांस्टेबल रेखा यादव मौजूद रही।

# सजायाफ्ता कैदी को जेल से मिली समय से पहली रिहाई

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। चोरी के मामले में आठ माह व अर्थदंड की सजा काट रहे कैदी को जेल प्रशासन ने रविवार को आजाद कर दिया। जेल प्रशासन के मुताबिक सजायाफ्ता कैदी संजय चौधरी निवासी सीयालपुर थाना वाल्टरगंज को अदालत से आठ माह की सजा मिली थी।

उसने यह अवधि 23 फरवरी को पूरी कर ली थी, लेकिन जुर्माना अदा न करने के कारण उसे बीस दिन अतिरिक्त सजा काटना पड़ रहा था। यह सजा 15 मार्च 2023 को पूरी हो जाती।

जेल प्रशासन ने काटी गई सजा की अवधि घटा कर शेष बचे अर्थदंड 600 रुपये जमाकर उसे एडीएम व प्रभारी वरिष्ठ अधीक्षक कमलेश बाजपेयी के निर्देश पर जेलर सतीश चंद्र त्रिपाठी ने सजा पूरा होने से दस दिन पहले ही रिहा कर दिया।

**सियालपुर निवासी संजय को चोरी के मामले में मिली थी आठ माह की सजा**

## अन्य पात्र बंदियों की सूची तलब

जेल में समय पूर्व रिहाई की अर्हता रखने वाले कैदियों की सूची जिला प्रशासन ने तलब की है। जेल को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि ऐसे मामले जिनमें जिला कमेटी का पहले ही निर्णय हो चुका है, उनकी रिपोर्ट भी शासन को समय से प्रेषित की जाए। ऐसे कैदी जो 70 साल की उम्र से अधिक के हों या गंभीर बीमारियों से पीड़ित हों, इनकी लिस्ट प्राथमिकता के आधार पर तैयार करके दो माह के भीतर इसके निस्तारण के लिए सभी जरूरी कार्रवाई जेल महकमे को सुनिश्चित करना होगा।



बस्ती महोत्सव में कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलित करतीं गायिका मालिनी अवस्थी व अन्य।

# मालिनी अवस्थी के लोकगीत सुनकर थिरकने लगे श्रोता

## कलाकारों की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को खूब रिझाया



महोत्सव में जीजीआईसी स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** तीन दिवसीय बस्ती महोत्सव का भव्य सांस्कृतिक व विभिन्न कार्यक्रमों के साथ पूरा हुआ। इस तीन दिवसीय उत्सव में प्रसिद्ध राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय कलाकारों ने नृत्य और संगीत के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महोत्सव के अंतिम दिन शाम की शुरुआत भजन संध्या से हुई इसकी प्रस्तुति सत्यांशु सिंह की टीम ने दी। इसके बाद लोक गायन व नृत्य कार्यक्रम और कविता पाठ आयोजित की गई।

रुद्रकला एकेडमी ग्रुप की ओर से गंगा अवतरण का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति ने भारतीय शास्त्रीय और समकालीन नृत्य का एक मिश्रण प्रस्तुत किया। इसके बाद कमेडियन राजन श्रीवास्तव ने कमेडी नाइट्स प्रोग्राम के जरिये श्रोताओं को हंसा कर लोटपोट कर दिया। जनपद के प्रतिभाशाली गायकों ने अपने-अपने मधुर गीत प्रस्तुत किए।

देर रात शास्त्रीय संगीत और लोक संगीत की अंतरराष्ट्रीय कलाकार पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अपने मोहक गीतों से दर्शकों को आनंदित कर दिया उन्होंने गायन की शानदार प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में डीएम प्रियंका निरंजन ने सभी का आभार जताया।

इस मौके पर डीआईजी मनीष कुमार सिंह, एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, सीआरओ नीता यादव, एसडीएम शैलेश कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

# बैठक में शांतिपूर्वक त्योहार मनाने के लिए अपील की

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र के विक्रमजोत पुलिस चौकी पर रविवार को थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। थानाध्यक्ष ने त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने की अपील करते हुए लोगों से अराजकता फैलाने वालों पर नजर रखने व उस संबंध में त्वरित सूचना देने के लिए कहा। सभी लोगों को शब-ए-बरात व होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर थानाध्यक्ष के अलावा चौकी प्रभारी राजीव सिंह, समाजसेवी विजय पांडेय, प्रधान गौरिया नयन बच्चा राम यादव, खतमसराय देवी दीन, छतौना अमरेंद्र सिंह, नेतवर पट्टी संतोष कुमार शुक्ल, कल्यानपुर अभिषेक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद

# होलिका दहन और होलिकोत्सव के लिए लगी कर्मियों की ड्यूटी

**भानपुर।** तहसील क्षेत्र में सोमवार व मंगलवार को होलिका दहन तथा 8 और 9 मार्च होलिकोत्सव पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम अतुल कुमार आनंद ने तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह को तहसील क्षेत्र की जिम्मेदारी दी है, जबकि सोनहा थाना क्षेत्र के लिए राजस्व निरीक्षक रामबहाल पांडेय और वाल्टरगंज थाने के लिए राजस्व निरीक्षक तिलकराम की ड्यूटी लगाई गई है। सभी लेखपालों को संबंधित थानाध्यक्ष से संपर्क कर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का निर्देश दिया है। संवाद

# दुष्कर्म का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** युवती से दुष्कर्म करने के बाद उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोपी को रुधौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के ही गांव का रहने वाला आरोपी श्रीकेश मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार था।

रविवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रुधौली संजय कुमार, हेड कांस्टेबल शैलेंद्र दुबे, कांस्टेबल मनोज मौर्य, जयप्रकाश व अमित सिंह ने हनुमंता पुल के पास से उसे गिरफ्तार किया। रुधौली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके गांव का रहने वाले श्रीकेश उनकी ही बिरादरी का है। 2017 में एक दिन उसने अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना ली। परिवार वालों को कुछ बताने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

# पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

**बस्ती।** महिला थाने की पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। सोनहा थाना क्षेत्र निवासी किस्मतुन्निशा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी खम्हरिया पश्चिम निवासी अरमान के साथ हुई है। आरोप है कि ससुराल में कार की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर अपशब्द कहे। पुलिस ने पति के अलावा ससुर जनाब अली, सास महजबीन और ननद शबनम के खिलाफ केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। संवाद

# हत्या के मकसद से अपहरण का आरोप

**बस्ती।** पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा कायम किया है। परशुरामपुर निवासी कमलेश पत्नी रवींद्र प्रताप ने आरोप लगाया कि उनके पति का विपक्षियों ने हत्या करने की मकसद से जून में अपहरण कर लिया था। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर परसरामपुर निवासी श्रीकुमार, पीठिया निवासी हरिश्चंद्र, रतनपुर निवासी शीला और गुड्डू के खिलाफ आईपीसी 364 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# सीएससी संचालक को गोली मारने का शामिल दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** हरिगांव बाजार में 27 फरवरी को ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) पर लूट की कोशिश के दौरान संचालक को गोली मारने में शामिल दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अमर कुमार यादव उर्फ पुजारी के रूप में हुई।

उसके कब्जे से गोंडा से लूटी और अयोध्या से चोरी की गई बाइक बरामद की गई। वारदात के मुख्य अभियुक्त शिवम उर्फ प्रियांशु सिंह को परशुरामपुर पुलिस ने वारदात के दूसरे दिन ही मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था। उसके पैर में गोली लगी थी। प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव ने बताया कि 27 फरवरी को सीएससी संचालक से लूट की वारदात का प्रयास किया गया। इसमें मुख्य आरोपी शिवम सिंह को पहले ही काबू कर लिया गया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-03-2023

# महिलाओं को किया जागरूक

**बांनगंगा(एसएनबी)** ।थानाध्यक्ष चिल्हिया प्रभारी निरीक्षक शिवधारी के नेतृत्व मेंउपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह व महिला कांस्टेबल पूनम यादव व महिला कां. शिखा खरवार द्वारा मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत एंटी रोमियो सड टीम थाना चिल्हिया द्धारा रेलवे स्टेशन चिल्हिया/कंदवा बाजार/गौरा मोड़ में बालिकाओं एवम महिलाओं को एकत्रित कर उनके सम्मान एवं स्वालंबन मिशन शक्ति अभियान के ष्टिगत सरकार द्वारा चलाये गये 'मिशन शक्ति अभियान एवं महिला सुरक्षा सम्बन्धी योजनाओ, सुरक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महिला संबंधी अधिकारों तथा साइबर अपराध की रोकथाम के बारे जानकारी दी गयी ।

# त्योहारों को लेकर प्रशासन मुस्तैद

डिड़ई (एसएनबी) । आगामी शब ए बारात, एवं होली त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम द्वारा क्षेत्रीय पुलिस अधिकारियों के साथ कई दिन पूर्व से स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर माहौल का जायजा लेने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। उक्त क्रम में शिवनगर थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला तथा खेसरहा थानाध्यक्ष भान प्रताप सिंह ने रविवार को अपने- अपने थाने के अधिकारियों व बीट अधिकारियों के साथ आखिरी दौर की बैठक कर चौकस रहने की बात कही। आखिरी बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि थाना क्षेत्र में चिन्हित स्थानों पर लगने वाले मेले तथा होलिका दहन पर पुलिस की सतर्कता बहुत जरूरी है। इस अवसर पर थाना क्षेत्र में नियुक्त सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। **होली से पूर्व एक्शन में पुलिस :** होली से पूर्व शिवनगर पुलिस का शांति व्यवस्था को लेकर मय पुलिस फोर्स थानाध्यक्ष द्वारा दंगा नियंत्रण वेशभूषा व उपकरण से लैस चिन्हित हाटस्पट तिलौली, डिड़ई, गौरागढ़, मसीना आदि स्थानो पर दंगारोधी अभ्यास कराया गया तथा लोगों से भी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने की अपील की गई। इसके अलावा थाना क्षेत्र के डिड़ई निवासी आशीष यादव, रामनरेश यादव, मसिना निवासी राजकुमार सोनी, शिवकुमार सोनी पुत्रगण जवाहरलाल तथा सांडीखुर्द निवासी ऋषिकेश तिवारी को अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# ड्रोन की निगरानी में मनाया जायेगा पर्व

बानगंगा। ड्रोन कैमरे की निगरानी में शांति पूर्वक होली व शबे बारात पर्व को मनाने व विधि व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए रविवार को आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में एसएसबी व पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीमों के जवानों ने निकाला पैदल फ्लैग मार्च। फ्लैग मार्च में एसडीएम शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव एसएसबी 43वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट यशवंत कुमार,उपनिरीक्षक मनीष लाथर,माधव गुप्ता, सीओ शोहरतगढ़ जयराम थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ पंकज कुमार पाण्डेय,चौकी प्रभारी खुनवा महेंद्र चौहान,रामा यादव आदि अधिकारी शामिल रहे।

# होली को लेकर फ्लैग मार्च

**इटवा(एसएनबी)**। होली त्योहार को शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।पीएसी के साथ इटवा कस्बे में फ्लैग मार्च करके लोगों को जरूरी हिदायत भी दी गई है। उक्त जानकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी इटवा हरीश चंद्र ने दिया है।उन्होंने बताया कि प्रशासन होली तथा शब ए बरात को लेकर पूरी तरह से सतर्क है।सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपना त्योहार मनायें।नई परम्परा कायम नहीं होने दिया जायेगा।किसी को कष्ट पहुचाने का कार्य न करें।त्योहार में खलल पैदा करने वालों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी।आसामाजिक तत्वों को चिन्हित किया जा चुका है। उनकी कुंडली तैयार करके कार्यवाही भी की जा रही है।त्योहार की पवित्रता को बनाये रखें। अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण में आम जनता का पूर्ण सहयोग बहुत जरूरी है।अपने आस पास के आसामाजिक गतिविधियों की सूचना पुलिस को जरूर दें।कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अवश्य की जायेगी।

# पैदल मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया

उस्का बाजार। उस्का बाजार कस्बे में रविवार को एसडीएम ललित मिश्र व सीओ अखिलेश वर्मा ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। साथ ही सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की भी बात कही।

# शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में होली, शब-ए-बारात को सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को एसडीएम प्रदीप कुमार यादव व सीओ जयराम के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल व पुलिस जवानों की टीम ने ड्रोन कैमरा से निगरानी के साथ दंगा नियंत्रण उपकरण संग फ्लैग मार्च किया।

दोनों समुदाय के लोगों से शांति के माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। सुरक्षा जवानों ने नगर के गोलघर, भारतमाता चौक, पुलिस पिकेट चौराहा, रामजानकी मंदिर, गड़ाकुल तिरंगा तिराहा आदि जगहों पर फ्लैग मार्च लोगों से समस्याओं की जानकारी ली। एसडीएम ने लोगों को शासन की ओर से जारी गाइडलाइन की जानकारी दी। सुरक्षाकर्मियों से कहा त्योहार के मद्देनजर भ्रमण पर लगे रहें। गतिविधियों पर नजर रखें। अराजकतत्वों पर भी ध्यान दें। होलिका दहन वाले स्थानों पर भी नजर बनाए रखें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय, एसएसबी के एसआई यशवंत कुमार, आरके यादव, रामा यादव, सभाजीत मिश्र, केके त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



इटवा कस्बे के चारों मार्गों पर पुलिस के जवानों ने रूट मार्च किया।

**इटवा, हिन्दुस्तान संवाद।** होली और शब-ए-बरात त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस पूरी तरह से चौकस है। रविवार को सीओ हरीश चन्द के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने कस्बे के चारो मार्गो पर रूट मार्च किया। इस दौरान सख्ती का अहसास कराते हुए जवानों ने पर्व पर अमन चैन कायम रखने की अपील भी की।

सीओ ने कहा कि पर्व में माहौल बिगाड़ने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। इसके लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। सभी इसमें सहयोग करें। अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। ऐसे लोगों की सूची तैयार कर उनकी हर गतिविधियों की निगरानी कराई जा रही है। शांतिपूर्ण माहौल में होली व शब-ए-बारात का पर्व सम्पन्न कराने को पूरी तैयारी है। कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई भी चल रही है। इस दौरान इंस्पेक्टर अरविन्द मौर्य आदि मौजूद रहे।

# एसएसबी ने नौ बोरी गेहूं के साथ चार को पकड़ा

बर्डपुर। एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने पिलर संख्या 550(45) के ठाकुरपुर गांव के पास नौ बोरी गेहूं के साथ चार को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान उमेश पुत्र रामउजागिर निवासी गैजड़, लाल बहादुर पुत्र आशर्फी निवासी पंडितपुर, राकेश चौहान पुत्र दिलीप चौहान निवासी मनखुड़िया व भरतलाल पुत्र जयराम निवासी बढ़ल जिला कपिलवस्तु नेपाल के रूप में हुई। एसएसबी ने बरामद गेहूं व आरोपितों को ककरहवा कस्टम को सौंप दिया। कार्यवाहक कमांडेंट राम कृष्ण डोगरा ने बताया कि नेपाल सीमा पर तस्करी व अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए सुरक्षा कर्मी मुस्तैद हैं।

# तीन बदमाशों के खिलाफ हुई गुंडाएक्ट की कार्रवाई

**जासं, सिद्धार्थनगर**: आपरेशन प्रहार के तहत पुलिस का अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने पाक्सो एक्ट, दुष्कर्म आदि अपराधों में लिप्त तीन बदमाशों पर गुंडाएक्ट की कार्रवाई की है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि जीतराम गौतम उर्फ जीतू पुत्र सिद्धराम थाना ढेबरूआ,लवकुश पुत्र नन्दलाल व बब्लू पुत्र नरायण निवासी उड़वलिया थाना मिश्रौलिया के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को बदमाशों पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

# 48 लीटर कच्ची बरामद, लहन कराया नष्ट

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी किया। समय माता कठेला थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 48 लीटर कच्ची बरामद किया। दो क्विंटल लहन नष्ट कराया है। होली को देखते हुए संयुक्त टीम सरकारी दुकानों पर भी छापेमारी में जुटी हुई है। शहर के बांसी स्टैंड तिराहा, हाइडिल तिराहा समेत अन्य शराब की दुकानों पर छापेमारी हुई।

जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु ने बताया कि थाना कठेला समय माता व ढेबरुआ थाना क्षेत्र के बालानगर, इटहिया, ख़ैरीशीतल, टीकर आदि गांवों में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान ली गयी तलाशी के दौरान नदी किनारे सुनसान जगहों पर जमीन के अंदर गड्ढों में प्लास्टिक के डिब्बों में छिपा कर रखा गया दो क्विंटल महुआ व लहन बरामद हुआ जिसे मौके पर नष्ट किया गया। शराब बनाने का उपकरण भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि आबकारी की दुकानों व ईंट भट्ठों व कबाड़ की दुकानों पर छापेमारी निरंतर जारी रहेगी। शहर में छापेमारी के दौरान एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा, सीओ सदर अखिलेश वर्मा, आबकारी निरीक्षक मुकेश शर्मा आदि शामिल रहे।



शहर के हाइडिल तिराहा स्थित सरकारी शराब की दुकान की जांच करते एसडीएम ललित कुमार मिश्रा व आबकारी टीम ● जागरण

# ड्रोन कैमरों की मदद से होगी होली की निगरानी

## पुलिस और एसएसबी के जवानों ने अफसरों के नेतृत्व में मार्च किया

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** होली त्योहार व शबेबरात पर हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस जवान व एसएसबी 43वीं वाहिनी के जवानों ने एसडीएम व सीओ के नेतृत्व रविवार को शोहरतगढ़ कस्बे में दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ मार्च किया।

इस दौरान नगर के अनेक धार्मिक स्थलों, मुख्य चौराहों, मुख्य मार्गों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी करते हुए पुलिस ने मकान की छतों पर ईंट पत्थर आदि की स्थिति का जायजा लिया है। इस दौरान एसडीएम प्रदीप कुमार, सीओ जयराम, थानाध्यक्ष पंकज पांडेय, एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट जसवंत कुमार आदि रहे।

### बीट सिपाही पूरी तरह रहें मुस्तैद

**घोसियारी।** शिवनगर डिड़ई थाना परिसर में त्योहारों को देखते हुए रविवार को पुलिसकर्मियों की बैठक हुई। इसमें तैयारियों की समीक्षा की गई। थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बीट सिपाहियों और उपनिरीक्षकों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दें। किसी भी छोटी घटना को नजरअंदाज न करें। ऐसे लोगों को चिह्नित करें, जो त्योहारों में खलल डाल सकते हैं। साथ ही क्षेत्र के डीजे वालों से संपर्क साध लें कि कोई भी अश्लील गाना ना बजाए। नियम ना मानने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# तीन लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट के तीन आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर जीतराम गौतम उर्फ जीतू पुत्र सिद्धराम, निवासी ढेबरुआ, लवकुश पुत्र नन्दलाल और बबलू पुत्र नारायन निवासी उड़वलिया (सोनबरसा) थाना मिश्रौलिया पर धारा (3)3 गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत कार्रवाई की गई है।

# पीआइसीयू वार्ड की नर्सों ने अभद्रता का लगाया आरोप

## मेडिकल कालेज का मामला, वीडियो वायरल




माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज का पीआइसीयू वार्ड ● जागरण

**जासं, सिद्धार्थनगर** : माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के पीआइसीयू(पीडियाट्रिक इंसेंटिव केयर यूनिट) वार्ड में शनिवार की देर रात करीब 11 बजे वहां तैनात महिला नर्सों के साथ कुछ लोगों ने अभद्रता की। नर्सों ने तत्काल सीएमएस व डिप्टी सीएमओ को फोन करके घटना की सूचना दी। इंटरनेट मीडिया पर अभद्रता करते समय का वीडियो भी वायरल है। दूसरे दिन रविवार को तीन नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ सदर व महिला थाना में तहरीर दी। आरोपितों का नाम सुशील, सत्यम व भोलू है। महिला थाना में पहुंची पांच महिला नर्स ने आरोप लगाया कि आरोपित सुशील देर रात बच्चे का उपचार कराने के लिए इमरजेंसी वार्ड में आए थे। चिकित्सकों ने रोगी की स्थिति गंभीर देख पीआइसीयू वार्ड में भर्ती कराने के लिए कहा। रोगी बच्चे को भर्ती करने के बाद संबंधित चिकित्सक को फोन करके बुलाया। इसी दौरान साथ में आए तीनों नामजद आरोपितों के साथ अन्य कई लोगों ने अभद्रता शुरू कर दी। वार्ड के अंदर घुसकर हाथ पकड़ने की कोशिश की। फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। इससे भयभीत होकर सभी नर्स वार्ड के बाहर निकल गईं। एसओ महिला थाना मीरा चौहान ने कहा कि सदर थाना पुलिस को इस मामले की सूचना दे दी गई है। मुकदमा दर्ज करके सभी आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।

> पीआइसीयू वार्ड में महिला नर्सों के साथ हुई अभद्रता की घटना को गंभीरता से लिया जाएगा। मेडिकल कालेज के चिकित्सीय प्रभाग की सुरक्षा के संबंध में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से वार्ता की जाएगी। सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है।
>
> **डा. अशोक कुमार झा, सीएमएस**

# अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**जासं, शोहरतगढ़ :** उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने रविवार को शोहरतगढ़ कस्बे में फ्लैग मार्च के दौरान कहा कि अराजकता फैलाने वालों को किसी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। होली उत्साह का पर्व है। इसे शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। सीओ जयराम ने कहा कि होली व शब-ए-बरात एक साथ पड़ रहा है। दोनों समुदाय के लोग मिलकर आपसी भाईचारा के साथ संपन्न कराएं।

कहा कि डीजे पर फूहड़ व दूसरे समुदाय को ठेस पहुंचाने वाला गाना बजा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। एसएसबी व पुलिस की संयुक्त फ्लैग मार्च थाने से निकलकर गड़ाकुल तिराहा, गोलघर, भारत माता चौक, मस्जिद टोला, रमजान गली, नीबी दोहनी, पुलिस बूथ व तहसील तक किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी पंकज पांडेय, 43 वाहिनी एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट जसवंत कुमार, उपनिरीक्षक सभाशंकर मिश्रा, केके त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



शोहरतगढ़ कस्बे में फ्लैग मार्च करती एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ● जागरण

# हुड़दंग करने वालों पर रहेगी कड़ी नजर

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** आठ मार्च को जिले भर में होली धूमधाम के साथ मनाई जाएगी, जिसको लेकर पुलिस ने पूरा बंदोबस्त किया है। जिले भर में 2488 स्थानों पर होलिका दहन होगा। शहर मुख्यालय,शोहरतगढ़ आदि स्थानों पर जुलूस भी निकाले जाएंगे। माहौल बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों पर खाकी की पैनी निगाह होगी। कुल 12 सौ पुलिस व दो प्लाटून पीएसी की ड्यूटी लगाई गयी है।

ड्रोन कैमरे से गतिविधियों पर निगाह रखी जाएगी। सभी थाना प्रभारियों को पैदल गश्त बढ़ाया गया है। एएसपी सिद्धार्थ ने शनिवार की रात पुरानी नौगढ़ में पुलिस के साथ पैदल मार्च किया।

इसके लिए एसपी ने सभी थानों और कोतवाली के प्रभारियों को निर्देशित किया है कि जहां भी होलिका लगती है, वहां पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। होली को शांतिपूर्ण ढंग से कराने और हुड़दंगियों से निपटने के लिए एसपी ने खाका तैयार कर लिया है। इसमें सभी सीओ और थानाध्यक्षों को गांवों में जाकर लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने और किसी भी प्रकार से माहौल नहीं बिगाड़ने की हिदायत देने के निर्देश दिए गए हैं। होलिका दहन वाले स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद रखने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। होलिका दहन स्थलों पर विशेष निगरानी रखने को कहा है। एसपी ने अराजकता फैलाने वालों पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया है।

## सतर्कता

होलिका दहन और होली पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। अप्रिय घटनाओं को रोकने जवानों को निर्देशित किया गया है कि वह क्षेत्र में गतिशील रहें।

**अमित कुमार आनंद,एसपी**

- ड्रोन कैमरे से पुलिस रखेंगी गतिविधियों पर नजर
- जिले में 2488 स्थानों पर होगा होलिका दहन



होली को लेकर शहर के पुरानी नौगढ़ में पैदल मार्च करते एएसपी सिद्धार्थ ● जागरण

**पीआरवी जवान रहेंगे भ्रमणशील:** एसपी ने पीआरवी जवानों को भी क्षेत्र में निरंतर भ्रमण पर रहने का निर्देश दिया है। निर्देश दिया गया है कि कहीं पर भी अप्रिय घटना होने पर तत्काल मौके पर पहुंचे।

# बहरीन में फंसा व्यक्ति, पीएम व सीएम से लगाई गुहार

जासं, शोहरतगढ़ : मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के नगपरी निवासी एक व्यक्ति का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वह खुद को जालसाजी के कारण बहरीन के मानमा में फंसा हुआ बता रहा है। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद कर घर लाने की गुहार लगा रहा है। अपना नाम मोहम्मद हुसेन पुत्र मोहम्मद यूसफ बताते हुए 20 दिन से भोजन न मिलने की भी बात कर रहे हैं। थाने पर सुनवाई न होने पर पीड़ित की पत्नी चांदतारा ने एसपी अमित कुमार आनंद से मिलकर गुहार लगाई थी। इसके पश्चात स्थानीय पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।



मोहम्मद हुसैन ● सौ.इंटरनेट मीडिया

मुहम्मद हुसेन के भाई नूर मोहम्मद ने बताया कि पांच माह पहले थुम्हा बुजुर्ग गांव निवासी उसके मौसी का लड़का आलम विदेशी वीजा पर बहरीन भेजा था। इसके लिए तीन लाख रुपये लिया था।

भाई मेरा तीन लाख कर्ज लेकर दिया था। हम लोग आलम के घर गए तो उसने जान से मारने की धमकी दी। उसकी चार बेटी हैं। खाने पीने तक की मोहताज है। पत्नी चांदतारा की तहरीर पर पुलिस ने आलम, असलम और जफर के विरूद्ध मुकदमा किया है। एसपी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# स्टाफ नर्सों ने मरीज के परिजन पर लगाया अभद्रता का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में तैनात स्टाफ नर्सों ने एक मरीज के परिजन पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। इस मामले में सदर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि मरीज के परिजन ने अपना पक्ष अभी तक नहीं रखा है।

स्टाफ नर्स अंबालिका मिश्र, अजय लक्ष्मी, द्विवेदी, निशा यादव, संध्या मौर्य और पंकज पासवान का आरोप है कि शनिवार रात एक व्यक्ति बच्चे को लेकर पीआईसीयू वार्ड में आया था। उसने फौरन बच्चे का इलाज कराने की बात कही। हालत नाजुक था, इसलिए चिकित्सक से बात करके इलाज शुरू कर दिया गया।

इसी बीच मरीज के परिजनों के साथ आए कुछ लोग अभद्रता करने लगे। जान से मारने की धमकी देने लगे। ऐसा उनके साथ अक्सर होता है। इस मामले की जांच करके कार्रवाई की जाए।

सदर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इसके बाद मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# पुलिस फोर्स ने पैदल मार्च करके दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**जासं, इटवा:** होली और शब-ए-बरात पर्व को लेकर इटवा में पुलिस व पीएसी फोर्स ने पैदल करते हुए नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिया। नागरिकों से शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की, वहीं अराजक तत्वों को चेताया गया कि किसी ने माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी हरीश चंद्र व प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में थाना परिसर से मार्च शुरू किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि कोई अराजकता करता है तो इसकी सूचना दें, ऐसे तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी, उपनिरीक्षक मोतीलाल, उपनिरीक्षक राघव यादव,अनूप यादव, धीरज पांडेय, गजानंद पांडेय, विजय यादव, राधेश्याम प्रसाद आदि शामिल रहे। सोहना प्रतिनिधि के अनुसार रविवार को थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने बाइक से फ्लैग मार्च किया।



डुमरियागंज में होली व शब-ए-बरात को लेकर मार्च करती पुलिस की टीम। संवाद

# मिलजुल कर शांतिपूर्वक मनाएं होली का त्योहार

## पुलिस ने गश्त कर लोगों से की अपील

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटवा।** सीओ हरीशचंद्र व एसओ अरविंद मौर्य की अगुवाई में रविवार को जवानों ने नगर में गश्त करके सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

रविवार को दोपहर बाद भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवानों के साथ सीओ इटवा व एसओ इटवा ने कस्बे के बढनी, बिस्कोहर, डुमरियागंज व बांसी मार्ग पर गश्त किया। इस दौरान उन्होंने राहगीरों व गणमान्य नागरिकों से कहा कि आप सभी लोग मिलजुल कर होली का त्योहार मनाएं।

इस दौरान त्योहार में खलल पैदा करने वालों, शराब की बिक्री करने वालों, शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालो की सूचना हलका दरोगा, एसओ या उन्हें दें।



शोहरतगढ़ क्षेत्र में लहन नष्ट करती आबकारी व पुलिस की टीम। संवाद

# आबकारी व पुलिस की टीम ने की शराब की दुकानों की जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार देर शाम शराब की दुकानों की जांच की। स्टाक और रजिस्टर देखा। सीसीटीवी कैमरे की चेकिंग की। दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि नियम के खिलाफ बिक्री करने पर कार्रवाई होगी।

जिला आबकारी अधिकारी बीर अभिमन्यु सिंह, सीओ सदर एके वर्मा और आबकारी निरीक्षक सदर मुकेश शर्मा ने पुरानी नौगढ़ और शहर की दुकान की जांच करने के साथ ही मार्च किया।

## नियम के खिलाफ बिक्री करने पर कार्रवाई करने के निर्देश

वहीं कठेला थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर छापा मारकर 60 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया। भारी मात्रा में टीम ने लहन नष्ट किया और शराब बनाने वाले तीन लोगों पर आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया।

# धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी शिवपूजन निवासी रुद्रपुर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसओ चिल्हिया शिवधारी ने दी है। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-03-2023

# युवती को भगाने वाला वांछित गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**धर्मसिंहवा (एसएनबी)**। युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को मेंहदावल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपहृता को भी बरामद किया है। आरोपी को न्यायांलय/जेल रवाना किया गया। माजिद अली पुत्र नसीब अली निवासी सिकरी थाना धर्मसिंहवा के द्वारा दिनांक 01.02.2023 को वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके संबंध मे वादी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना धर्मसिंहवा पुलिस उ.नि. रामप्रवेश यादव ने कां. पवन यादव, म.कां. श्रेयांशी यादव के साथ महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुएं अपहृता को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

# मिश्रित आबादी में एसपी ने किया पैदल मार्च

संतकबीरनगर/बखिरा (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने त्योहार होली को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने व जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न कराने के दृष्टिगत भारी संख्या में पुलिस बल के साथ थाना दुधारा अन्तर्गत मिश्रित आबादी वाले कस्बा व गांव पंचपोखरी के प्रमुख मार्गों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया। उन्होंने व्यापारियों, दुकानदारों, राहगीरों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्थ किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दूबे, प्रभारी चौकी पंचपोखरी उ.नि. विनोद कुमार यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में बखिरा प्रतिनिधि के अनुसार बखिरा कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में थानाध्यक्ष श्याम मोहन के नेतृत्व में पुलिस ने पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने आमजन से अपील किया कि आगामी होली का पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। इस दौरान एसएसआई प्रमोद कुमार यादव, एसआई जितेंद्र सिंह, एसआई संजय यादव समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# कब्जा हटाने पहुंची टीम से पीड़ितों की कहासुनी

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत बरदहिया बाजार (जनता मार्ग) पर रविवार को राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ अवैध कब्जा हटाने पहुंच गयी। जहां कब्जाधारकों की राजस्व टीम के साथ कहासुनी हो गयी। जिसके बाद शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से भारी संख्या में पुलिस बल (पुरूष-महिला) को बुलाया गया। राजस्व टीम के समक्ष पीड़ितों ने अपनी पूरी बात रखी। जिसके बाद तहसीलदार खलीलाबाद के द्वारा संबंधित उच्चाधिकारियों से वार्ता करने के बाद कब्जा हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए पीड़ितों को अभिलेखों को प्रस्तुत करने का समय दिया गया। विदित हो कि उप जिलाधिकारी खलीलाबाद ने अपने आदेश पत्र में कहा है कि 15.06.1964 को एक याददाश्त इजाजतनामा तहरीर किया गया था। पत्रावली में संलग्न खतौनी के अवलोकन से स्पष्ट है कि वादी सम्पूर्ण भूमिधर दर्ज अधिकार अभिलेख खतौनी है। जिसके बारे में कोई ऐसा तथ्य प्रतिवादी द्वारा उद्घाटित नहीं किया गया है जो उसे संशयित या खण्डित करता हो अवैध अध्याशी के आपत्ति दिनांक 24.11.2022 में सिविल न्यायालय के पूर्व में विचारित होने तथ्य का उद्घाटित किया गया है लेकिन वर्तमान समय में किसी भी पक्ष द्वारा पत्रावली में यह साक्ष्य या तथ्य नहीं प्रस्तुत किया गया है कि प्रकरण में किसी सिविल न्यायालय में कोई वाद वर्तमान समय में गतिमान है। आदेश में कहा गया है कि पत्रावली में प्रतिवादी द्वारा अपने वादोत्तर में कथित तथ्य याददाशतनामा तथा पैसे के दिये जाने का कथन मात्र व्यक्त है। किसी तथ्य/साक्ष्य से प्रमाणित नहीं कराया गया है और अवैध कब्जेदार के पास आवासीय सुविधा/मकान है। यह लेखपाल रिपोर्ट से पुष्ट हो रहा है। ऐसी दशा में अवैध अतिक्रमणी उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 की धारा 134 जिसके अंतर्गत यह वाद-वादी द्वारा योजित है। इसके अंतर्गत वादी अनुतोष पाने का अधिकारी प्रतीत हो रहा है। इस आदेश के अनुपालन में रविवार को तहसीलदार खलीलाबाद द्वारा टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कब्जा हटाये जाने का प्रयास किया गया। जिस पर पीड़ितों द्वारा विरोध किया गया और मामला कोर्ट में होने की बात कही गयी। इस दौरान इंस्पेक्टर कोतवाली सर्वेश राय, प्रतिभा सिंह पुलिस चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र राजेश यादव सहित पुलिस बल मुस्तैद रहीं।



कब्जा हटाने पहुंची राजस्व टीम से कहासुनी करती पीड़िता।

**पीड़ितों ने पत्र देकर मांगा समय :** तहसीलदार खलीलाबाद को पत्र देकर पीड़ित फूलमती पत्नी स्व.राम किशुन ने कहा है कि वह दुर्गा नगर बरदहिया बाजार (जनता मार्ग) खलीलाबाद की मूल निवासिनी है। उप जिलाधिकारी खलीलाबाद के आदेश के खिलाफ कमिश्नर बस्ती (कोर्ट) में अपील दाखिल की गई है। जहां गत दिनांक 02 मार्च 2023 को दोनों पक्षों की बहस सुनकर फाइल आदेश में सुरक्षित रख ली गई है। एसडीएम के आदेश में मकान गिराने का कोई आदेश नहीं हुआ है। आदेश आने तक कोई कार्रवाई न की जाय और त्योहार के अवकाश को देखते हुए समय दिया जाय। वहीं इस मामले में तहसीलदार खलीलाबाद शेख आलमगीर ने कहा कि उप जिलाधिकारी के आदेश पर कब्जा हटाने आये हुए थे। लेकिन उक्त लोगों के द्वारा मामला कोर्ट में है ऐसा बताया गया है और समय भी मांगा है। अभी फिलहाल कब्जा नहीं हटाया जाएगा।

# शान्तिभंग की आशंका में सात गिरफ्तार

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम अमेदवा में शनिवार की देर शाम एक ब्रह्मभोज कार्यक्रम में युवकों की दो टोलियों में तकरार हो गई। देखते ही देखते दोनों टोली के युवक मारपीट पर उतारू हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची महुली पुलिस विवाद पर उतारू 7 युवकों को गिरफ्तार कर थाने पर ले आई। पुलिस ने रविवार की सुबह अमेदवा और गायघाट निवासी इन सात युवकों के खिलाफ शान्तिभंग की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार अमेदवा गांव में एक व्यक्ति के घर ब्रह्मभोज का कार्यक्रम था। बगल के गांव गायघाट के कुछ लोग निमंत्रण पर गए हुए थे। ग्रामीणों के अनुसार भोजन करते समय अमेदवा और गायघाट के युवकों के बीच तू-तू-मैं-मैं होने लगी। विवाद बढता चला गया दोनों टोली मारपीट कर उतारू हो गई किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मारपीट पर उतारू 7 लोगों को थाने पहुंचा दिया। रविवार की सुबह महुली पुलिस ने गायघाट के 4 और अमेदवा गांव के 3 युवकों को शान्तिभंग में चालान कर दिया।

# लगातार चल रहा कच्ची के विरूद्ध अभियान

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आगामी होली पर्व को लेकर कच्ची के विरूद्ध लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। सरयू के दियारा से लेकर तमाम अन्य गांवों में कच्ची शराब के विरूद्ध दविश दी जा रही है इसी क्रम में शनिवार को उपजिलाधिकारी धनघटा डा.रविन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर की अगुआई में शाम करीब 4 बजे थाना क्षेत्र के घोरांग गांव में पहुंचकर प्रशासन ने गहन छानबीन कर कच्ची शराब के विरूद्ध अभियान चलाया जिसमें शराब बनाने के उपकरण व लहन नष्ट किए गए। बताते चले कि शनिवार की सुबह प्रशासन ने सरयू के दियारे में दबिश देकर कच्ची शराब के उपकरण,लहन और तैयार शराब को अभियान चलाकर नष्ट किया था। इसी क्रम में शामं के समय उपजिलाधिकारी धनघटा डा.रविन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा दीपांशी राठौर की अगुआई में प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह,आबकारी निरीक्षक,चौकी प्रभारी लोहरैया के साथ पहुंची फोर्स ने घोरांग गांव में करीब 4 बजे से 9 बजे रात तक दबिश दिया। कच्ची के विरूद्ध चलाए गए इस अभियान में प्रशासन ने घोरांग में करीब डेढ़ कुन्तल लहन नष्ट कर दिया इसके साथ ही 30 लीटर अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने के तमाम उपकरणों को भी नष्ट किया। इस अभियान में पुलिस ने दो लावारिश मोटरसाइकिल भी बरामद किया। देर रात तक चले इस अभियान में प्रशासन ने आम लोगों को सचेत भी किया कि लोग आने वाले होली पर्व को शान्ति पूर्वक मनाएं और क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने में प्रशासन की मदद भी करें। इस संबंध में उपजिलाधिकारी धनघटा ने कहा कि पर्व के दौरान किसी को भी शान्ति भंग करने की इजाजत नहीं दी जा सकती प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। कच्ची के विरूद्ध चलाया जा रहा अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।



घोरांग में लहन नष्ट करते पुलिस के जवान।

# सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत केस दर्ज

**बखिरा (एसएनबी)।** बखिरा थाना क्षेत्र के शिवापार-करैली मार्ग पर रविवार को सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। पुलिस ने मामले में चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। रविवार को चन्द्रभान पुत्र जगनारायण उम्र लगभग 65 वर्ष ग्राम भवानीगाड़ा थाना बखिरा आवश्यक कार्य से गांव के बाहर सड़क पर पैदल ही जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हे अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये।आस पास के लोग उन्हें इलाज हेतु जिला चिकित्सालय ले जा रहे थे। लेकिन जिला चिकित्सालय पंहुचने से पहले ही उन्होने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि मृतक के परिजन की तहरीर पर कार सं डीएल 7 सीटी 9852 के चालक आनंद पुत्र शंखराज यादव ग्राम एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद के विरूद्ध धारा 279 व 304 - ए आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया गया और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया। उ.नि. कृष्ण मोहन राव ने बताया कि आरोपी नीरज चौधरी पुत्र सुभाष चन्द्र चौधरी निवासी देवापार थाना कोतवाली खलीलाबाद के द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी। जिसके संबंध मे वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। मामले में महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# छात्र से हाथापाई में पांच पर केस

संतकबीरनगर(एसएनबी)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी कोतवाली खलीलाबाद को हीरालाल रामनिवास स्नाकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र अम्बेश कृष्ण पाण्डेय के साथ अराजक तत्वों द्वारा किये गए दुर्व्यवहार मामले में तहरीर देकर उक्त मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने शैलेन्द्र यादव प्रदीप यादव व 03 अज्ञात के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 379 दर्ज किया है।

दी गई तहरीर में छात्र अम्बेश कृष्ण पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि बीते 03 मार्च को हीरालाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विभाग का विदाई समारोह चल रहा था। इसी बीच शैलेन्द्र यादव, प्रदीप यादव अपने तीन अन्य साथियों के साथ पहुंचकर मुझे अपशब्द कहते हुए हाथापाही करने लगे तथा विदाई समारोह में बाधा उत्पन्न करते हुए कार्यक्रम हेतु एकत्र किए गए 1300 ₹ ले लिया। विरोध रखने पर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान अम्बेश पाण्डेय को शरीर के कई स्थानों पर चोटें आई है। उक्त प्रकरण को लेकर अभाविप कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का घेराव किया और थाना प्रभारी को प्रकरण से अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी सर्वेश राय ने बताया कि शैलेन्द्र यादव, प्रदीप यादव एवं तीन अन्य सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। **छात्र से दुर्व्यवहार पर अभाविप ने कोतवाली किया घेराव :** छात्र से हुए दुर्व्यवहार के मामले में अभाविप ने कोतवाली खलीलाबाद का घेराव किया। इस मौके पर प्रान्त सहमंत्री माधवेन्द्र तिवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि आये दिन कालेज के अन्दर अराजक तत्वों द्वारा परिसर का शैक्षिक माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। किसी शिक्षक की कुर्सी पर छात्र संघ एवं छात्र सभा के सदस्यों का बैठना शिक्षकीय गरिमा के खिलाफ है। इसका विरोध करने पर छात्र सभा के सदस्यों का अराजकता पूर्ण कृत्य अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे अराजक तत्वों का उनकी भाषा में जबाब देने का कार्य विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता करते रहेंगे।

जिला संगठन मंत्री संदीप स्वरूप ने आरोप लगाते हुए कहा कि महाविद्यालय प्रशासन का ऐसे अराजक तत्वों के अराजकता पूर्ण कृत्य के बावजूद मूकदर्शक बने रहना अत्यंत निंदनीय है। परंतु छात्र हितों की जब भी बात आएगी विद्यार्थी परिषद सबसे आगे रहेगी। जिला संयोजक आकाश गौरव ने कहा कि जो लोग इस अराजकता पूर्ण कृत्य में शामिल थे यह उनका पुराना चरित्र रहा है। ऐसे लोगों का महाविद्यालय के उपयुक्त शैक्षिक व्यवस्था से दूर दूर तक कोई रिश्ता नहीं है। इस दौरान रौनक सिंह, रितेश श्रीवास्तव, रवि शंकर सिंह, अरविंद चौधरी, मोनू गुप्ता, अश्वनी चौधरी, शिवचन्द प्रजापति, दीपक चौधरी, सौरभ लाला, विजय ठाकुर, देवराज, राजन, आदि लोग उपस्थित रहे।

# शराब दुकानों पर क्यूआर कोड का किया मिलान

संतकबीरनगर(एसएनबी)। होली पर्व के दृष्टिगत विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी द्वारा रविवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र अंतर्गत कई देशी, विदेशी एवं बीयर की दुकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई। जहां संचित स्टाक की सघन चेकिंग करने के साथ क्यूआर कोड और स्टाक का मिलान किया गया। जिला आबकारी अधिकारी आर.पी. तिवारी ने आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 खलीलाबाद के साथ थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत देशी, विदेशी एवं बीयर दुकान पचपोखरी एंव देशी, विदेशी दुकान भदाह के संचित स्टाक का सघन चेकिंग की। बार कोड़ एंव क्यूआरकोड की जांच करते हुए स्टाक का मिलान किया। उन्होंने बताया कि यहां से ग्राम अमहवा एंव ग्राम बरईपार के जंगल में दबिश की कार्रवाई की गयी। जहां दबिश के दौरान 02 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराते हुए 40 लीटर कच्ची शराब तथा 400 किग्रा महुआ लहन को नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी श्री तिवारी ने बताया कि यह अभियान जिला मजिस्ट्रेट संदीप कुमार के निर्देशन में चलाया जा रहा है।

# पचपोखरी चौकी का एसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दुधारा थाना क्षेत्र के पचपोखरी चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने चौकी परिसर, आरक्षी बैरक, भोजनालय, साफ-सफाई व्यवस्था आदि का जायजा लिया। चौकी पर नियुक्त कर्मचारियों के नियतन व उपस्थिति के सम्बन्ध में प्रभारी चौकी से जानकारी ली।

# होली त्योहार को लेकर पुलिस ने निकाली बाइक रैली

नाथनगर (एसएनबी)। आगामी त्योहार होली में अमन-चैन कायम रखने के



उद्देश्य से महुली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र की अगुआई में बाइक रैली निकाल कर क्षेत्र के लोगों को समरसता के साथ त्योहार मनाने की अपील किया और लोगों को निडरता के साथ शान्ति पूर्वक त्योहार मनाने का निर्देश दिया। यह बाइक रैली महुली थाने से शुरू होकर महुली कस्वा, कुशहवा बाजार, हरपुर बाजार होते हुए शनिचरा बाबू, मानपुर, नाथनगर, मुखलिसपुर, कालीजगदीशपुर, पीड़िया तक भ्रमण किया। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि त्योहार में गड़बड़ी फैलाने वालों के विरूद्ध प्रशासन पूरी तरह से सख्त रवैया अपनाएगा किसी को भी शान्ति भंग करने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आम जन मानस से शान्ति पूर्वक भयरहित माहौल में होली का त्योहार मनाने की अपील किया। ब्राइक रैली में एसएसआई शैलेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक विरेन्द्र कुमार मिश्र, विवेकानन्द तिवारी, रमेश कुमार यादव, अरूण पांडेय, हरिकेश भारती, प्रमेश कुमार के अलावा दर्जनों की संख्या में हेड कां. और कां. शामिल रहे।

सुरक्षा के लिए की लगाई गई है पुलिस कर्मियों की ड्यूटी

# कड़ी निगरानी में रखी गईं उत्तर पुस्तिकाएं

यूपी बोर्ड परीक्षा

- एचआर इंटर कॉलेज में कापियां रखी गईं, कैमरे से निगरानी
- बोर्ड के निर्देश पर सम्बंधित जिले में भेजी जा रहीं हैं कॉपियां



खलीलाबाद के एचआर इंटर कॉलेज में पुलिस की सुरक्षा में रखी गईं कॉपियां।

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं की कड़ी निगरानी की जा रही है। पुलिस फोर्स 24 घंटे तैनात हैं। इसके अलावा सीसीटीवी के जरिए भी निगरानी की जा रही है। डीआईओएस खुद दिन में दो बार पहुंचकर जानकारी ले रहे हैं। दोनों तहसील के संकलन केन्द्र पर रखी गई उत्तर पुस्तिकाओं को भी जिला मुख्यालय पर मंगा लिया गया है। जिस कमरे में उत्तर पुस्तिकाएं रखी गई हैं वह सील है। अब कमरा उसी दिन खुलेगा जब मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिकाएं भेजी जाएंगी।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों कक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं एचआर इंटर कॉलेज में रखी गई हैं। डीआईओएस मनमोहन शर्मा ने बताया कि परीक्षा के दौरान तीन संकलन केन्द्र बनाए गए थे।

धनघटा, मेंहदावल और खलीलाबाद में उत्तर पुस्तिकाओं को जमा कराया गया। परीक्षा खत्म होने के बाद सुरक्षा के साथ धनघटा और मेंहदावल संकलन केन्द्र की उत्तर पुस्तिकाओं को एचआर इंटर कॉलेज के कोठार में सुरक्षित रखवा दिया गया है। कक्ष के भीतर और बाहर दोनों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उसकी पूरी निगरानी की जा रही है। इसके अलावा फोर्स भी तैनात है। उन्होंने बताया कि अब कक्ष उसी समय खुलेगा जब उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी जाएंगी। बोर्ड का अभी कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

# विवाद को पुलिस ने कराया शांत

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंच वहां चल रहे दो पक्षों के विवाद को शांत कराकर घायलों को इलाज के लिए भेजवाया। पीआरवी 1484 को थाना धनघटा क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव से किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट में दो लोगों के घायल होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे।

# पुलिस कर्मियों ने चलाया सफाई अभियान

नाथनगर। महुली थाने में रविवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। खाकी के हाथ में झाड़ू लेकर परिसर की सफाई की। पूरे परिसर को चकाचक कर दिया गया। इंस्पेक्टर सन्तोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में साफ–सफाई हुई।

# गोवध के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शिकंजा**

बेलहर, हिसं। बेलहर थाना क्षेत्र के ग्राम करनजोत में हुए गोवध के आरोपी को बेलहर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने मामले में गोवध निवारण अधिनियम सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था और फरार आरोपी की तलाश में जुटी थी।

थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने बताया कि वह बीते मंगलवार को मय फोर्स लोहरसन बाजार में करनजोत छापेमारी कर शाबरा पत्नी मोहम्मद शफीक निवासी करनजोत के पास से पचीस किलो मांस, खाद की बोरी, तराजू बरामद किया गया था। उसका पति फरार हो गया था। दोनों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत केर दर्ज करके महिला आरोपित शाबरा खातून को जेल भेज दिया गया था। मोहम्मद शफीक के गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई थी। रविवार को पुलिस ने मो. शफीक पुत्र मसान उर्फ इंसान अली साकिन करनजोत थाना बेलहर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# अवैध संचालन के आरोप में आरा मशीन सीज



सेमरियावां कस्बा स्थित एक आरा मशीन पर सीज करने की कार्रवाई करती वन विभाग व पुलिस की टीम।

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** वन विभाग व दुधारा पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को सेमरियावां कस्बा स्थित एक आरा मशीन पर सुबह छापेमारी की। मशीन का नवीनीकरण न होने पर वन विभाग ने मशीन को सीज कर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। विभाग की छापेमारी से वन माफियाओं के होश उड़ गए हैं।

सेमरियावां कस्बा में समीउल्लाह के नाम से एक आरा मशीन चल रही थी। क्षेत्रीय वनाधिकारी राजेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि मशीन के लाइसेंस का रिनीवल नहीं किया गया था। मशीन को चलाने के लिए 10 हार्स पवार का इंजन लगाने का प्राविधान था लेकिन मौके पर 20 हार्सपावर की मशीन मिली। मशीन का बेस प्लेट व फ्रीबिल चमक रहा था। बैलेंस राड व बेस प्लेट पर लकड़ी का बुरादा लगा हुआ था। अनेक अनियमिताओं के आरोप में मशीन को सील कर दिया गया। वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की तैयारी चल रही है।



पचपोखरी बाजार में पैदल मार्च के दौरान लोगों से वार्ता करते एसपी सत्यजीत गुप्ता। • हिन्दुस्तान

# एसपी ने गश्त कर कराया सुरक्षा का एहसास

**चौकसी**

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस फोर्स के साथ दुधारा थाना क्षेत्र के पचपोखरी बाजार में पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

आगामी त्योहार होली, शबे बारात को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने व कानून व्यवस्था के लिए थाना दुधारा क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले कस्बा व गांव पंचपोखरी के प्रमुख मार्गो तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया। पैदल भ्रमण के दौरान व्यापारियों, दुकानदारों, राहगीरों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। इसके साथ ही जन सामान्य से संवाद स्थापित कर आगामी त्यौहारों को मिलजुल कर सकुशल, शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्वक मनाने, अफवाह पर ध्यान न देने की आमजनमानस से अपील की। जनता को पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिलने का भरोसा दिलाया। एसपी ने मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर चाक चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक होलिका दहन के स्थानों पर पर्याप्त ड्यूटी लगाने व त्योहारों के दौरान उपद्रव करने वाले आसामाजित तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दूबे, प्रभारी चौकी पचपोखरी एसआई विनोद कुमार यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# परामर्श केन्द्र ने आपस में मिलाया

संतकबीरनगर। महिला थाना स्थित परिवार परामर्श केंद्र ने रविवार को सुनवाई करते हुए एक जोड़े को आपस में मिलाया। टूटते परिवारों को जोड़ने की एक पहल साथ-साथ कार्यक्रम के तहत परिवार परामर्श केन्द्र पर वरिष्ठ एसआई श्यामदेव प्रसाद एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में प्रस्तुत हुए मामले में सुलह समझौता करवाया गया। केंद्र द्वारा काफी समझाने के बाद वह एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए।

# पुलिस गिरफ्त में आए 13 आरोपित

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम की गिरफ्त में कई मामले में 13 आरोपित आए। जिनके विरुद्ध पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई की।

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक, महुली छह और थाना बेलहरकला पुलिस ने पांच आरोपितों को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

# पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम अमेदवा में शनिवार की देर शाम ब्रह्मभोज कार्यक्रम में युवकों की दो टोली में तू तकरार हो गई। पुलिस ने रविवार को पुलिस ने अमेदवा और गायघाट निवासी सात युवकों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।

महुली थाना क्षेत्र के ग्राम अमेदवा में एक व्यक्ति के घर पर ब्रह्भोज कार्यक्रम था। बगल के गांव गायघाट के कुछ लोग निमंत्रण पर वहां गए थे। ग्रामीणों के अनुसार भोज करते समय किसी बात को लेकर गांव और गायघाट निवासी युवकों के बीच तू तकरार होने लगी। विवाद बढ़ता देख पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। पुलिस विवाद पर उतारू सात युवकों को थाने लेकर पहुंची।

# अपहरण के आरोपित को पुलिस ने पकड़ा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने लड़की के अपहरण मामले में आरोपित को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। धर्मसिंहवा पुलिस ने वांछित आरोपित अभियुक्त माजिद अली पुत्र नसीब अली निवासी सिकरी को गिरफ्तार कानूनी कार्रवाई की। उक्त आरोपित 01 फरवरी को वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके संबंध में वादी ने तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया।

# पुलिस ने सात वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सात वारंटियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने अभियान चलाया।

थाना दुधारा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त बड़कान उर्फ मोहम्मद तैय्यब पुत्र स्वर्गीय कल्लू उर्फ समद निवासी सिसवा दाखिली, संतराम पुत्र स्वर्गीय बृजलाल निवासी पकरी अराजी, रामू पुत्र स्वर्गीय रामप्रसाद निवासी मेलानखुर्द, कलीमुल्लाह उर्फ कलामुल्लाह व इनामुल्लाह पुत्रगण मोहम्मद याहिया निवासीगण पैड़ी, अकील अहमद पुत्र स्वर्गीय जमील अहमद निवासी सिंगारपुर को पकड़ा। वही थाना महुली पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त परशुराम पुत्र रामसुभग निवासी साखी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय के रास्ते जेल रवाना कर दिया।

## मारपीट के मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़गो गांव में मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के प्रार्थना पत्र पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

# छात्रसंघ अध्यक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

## कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने छात्रसंघ अध्यक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि छात्र संघ अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि महाविद्यालय में फेयरवेल का कार्यक्रम था। जिससे अध्यक्ष और महामंत्री सम्मानित हुए। कुछ देर बाद वह लोग कार्यक्रम से चले गए।

आरोप है कि उनके जाने के बाद अम्बेश कृष्ण पाण्डेय व उसके अन्य साथियों ने कार्यक्रम के दौरान अभद्र टिप्पणी करते हुए उन लोगों के प्रति असम्मान जनक बातें कही। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी उन लोगों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई। जानकारी होने के बाद उनसे पूछताछ करने के लिए गए तो उक्त लोगों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए हाथापाई की।

घटना के दौरान प्रदीप यादव महामंत्री छात्र संघ के नाक व अन्य जगहों पर भी चोट आई। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दुष्कर्म करने का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म मामले के वांछित आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने वांछित आरोपित अभियुक्त नीरज चौधरी पुत्र सुभाष चन्द्र चौधरी निवासी देवापार को दबोचा।

उक्त आरोपित अभियुक्त ने वादिनी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसके संबंध में वादिनी ने थाना स्थानीय पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए उक्त आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

# पुलिस ने चलाया अभियान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी यातायात व प्रभारी अधिकारी रोडवेज के नेतृत्व में टीम ने मेंहदावल बाईपास, आदि स्थानों पर चला अभियान।

# बाइक रैली निकाल दिया सुरक्षा का संदेश



बखिरा थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों के साथ पैदल गश्त करते थानाध्यक्ष श्याममोहन •



बखिरा थाना क्षेत्र में बाइक रैली निकालते पुलिस कर्मी • जागरण

**जासं,बखिरा,संतकबीर नगर**: होली व शबे बरात पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक व पुलिस प्रशासन अलर्ट है। रविवार को बखिरा पुलिस ने पैदल गश्त के साथ ही बाइक रैली निकाली। ऐसा करके आम जनमानस को उनकी सुरक्षा का अहसास दिलाया। इसके साथ ही पर्व में खलल डालने पर अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का संदेश दिया।

थानाध्यक्ष श्याम मोहन के नेतृत्व में रविवार को पुलिस कर्मियों ने बखिरा थाना परिसर से बाइक रैली निकाली। यह रैली नंदौर, दुर्गजोत, लेडुआ-महुआ, अमरडोभा, बखिरा, सहजनवां तिराहा, सिहटीकर, हरदी, नौरो होते हुए वापस बखिरा थाने पर पहुंची। इस दौरान विभिन्न जगहों पर थानाध्यक्ष ने लोगों से बातचीत की। लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन उनकी सेवा के लिए संवेदनशील है। लोगों को शांतिपूर्ण माहौल में दोनों पर्व मनाने की अपील की। इसके साथ ही अराजक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस को भरपूर मदद करने की बात कही। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने कहा कि पर्व में खलल डालने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तेज आवाज में डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई : एसओ

**जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर**: होली पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मेंहदावल थाने में डीजे संचालकों के साथ रविवार को बैठक हुई। थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि तेज आवाज में डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि न्यायालय के आदेश का पालन करें। डीजे संचालक गाइडलाइन का हर हाल में पालन करें। होली प्रेम व सौहार्द का पर्व है। यदि किसी भी प्रकार की कमियां मिली तो कार्रवाई अवश्य होगी।

# पुलिस टीम ने की छापेमारी 30 लीटर कच्ची बरामद

**जासं, धनघटा, संतकबीर नगर:** होली पर्व को सकुशलपूर्वक संपन्न कराने के लिए बस्ती मंडल के क्रमिश्नर व आइजी के निर्देशों का प्रशासनिक व पुलिस विभाग पालन करवा रहा है। धनघटा तहसील क्षेत्र में लगातार पांचवें दिन यानी रविवार को भी छापेमारी हुई। घोरांग से पुलिस टीम ने 30 लीटर कच्ची बरामद किया। भट्ठियां व बरामद लहन को नष्ट किया। धंधेबाज पुलिस के पहुंचने के पहले भागने में सफल रहे।

धनघटा की सीओ दीपांशी राठौर व थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम रविवार को घोरांग में छापेमारी की। इससे भगदड़ मच गयी। धंधेबाज फरार हो गए। इस कार्रवाई में 30 लीटर कच्ची बरामद की गयी। इसे बनाने में उपयोग की जाने वाली कई भट्ठियों को नष्ट किया। लगभग दो क्विंटल लहन को भी नष्ट किया। कच्ची बनाने के उपकरण बरामद किए गए। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब-जब पुलिस की टीम छापा डालती है, तब-तब कच्ची तो बरामद हो जाती है लेकिन धंधेबाज पकड़े नहीं जाते हैं।

# कार चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा पुलिस ने मार्ग दुर्घटना के मामले में रविवार को कार चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बखिरा थाना में भवानीगाड़ा गांव निवासी घनश्याम प्रजापति पुत्र उदयराज ने तहरीर दी है। इन्होंने उल्लेख किया है कि पांच फरवरी 2023 को सुबह करीब साढ़े नौ बजे उनके 60 वर्षीय बड़े पिता चंद्रभान प्रजापति पुत्र स्वर्गीय जग नारायण खेत की ओर निकले। वह गांव के समीप सड़क के किनारे से जा रहे थे।

# 80 वाहन चालकों से 74,500 रुपये समन शुल्क की वसूली

संतकबीर नगर: पुलिस ने रविवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत '80 वाहन चालकों से 74 हजार 500 रुपये समन शुल्क की वसूली की।

# शांति भंग में 12 लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद की पुलिस ने शांति भंग की आशंका में रविवार को 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक, महुली पुलिस ने छह व बेलहरकला पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग भूमि व पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने इनके गांव में पहुंची।

# बगैर लाइसेंस नवीनीकरण के चल रही आरा मशीन सील

संवाद न्यूज एजेंसी

## वन विभाग और दुधारा पुलिस की टीम ने की कार्रवाई

संतकबीरनगर। अवैध ढंग से चल रही आरा मशीनों के खिलाफ वन विभाग ने अभियान चलाया है। रविवार को बिना लाइसेंस नवीनीकरण कराए आरा मशीन का संचालन करते वन विभाग की टीम ने पकड़ा। वन विभाग ने जांच के बाद मशीन को सील कर दिया।

वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि सेमरियावां बाजार स्थित आरा मशीन का वर्ष 2023 के लिए लाइसेंस नवीनीकरण नहीं हुआ है। आरोप है कि बिना लाइसेंस नवीनीकरण ही मशीन का संचालन किया जा रहा था।

डीएफओ के निर्देशन में पहुंची वन विभाग और दुधारा पुलिस की संयुक्त टीम ने मशीन पर छापा मारा। टीम ने मशीन का बेस प्लेट व फ्री व्हील को चमकीला पाया जाने पर ताला लगाकर सील कर दिया। वहीं हत्थे और बेस प्लेट पर ताजा लकड़ी के बुरादे की सैंपलिंग की।

मशीन को संचालित करने के लिए 10 की जगह 22 हार्सपावर का मोटर प्रयोग किया जा रहा था। वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान लाइसेंस धारी के पुत्र इरफान ने टीम का धमकी दी।

आरोपी इरफान के खिलाफ नियमावली के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया गया।

# गोवध का आरोपी भेजा गया जेल

बेलहर। रविवार को बेलहर पुलिस ने गोवध के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।

एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली थी कि करनजोत निवासी मोहम्मद शफीक अपने घर के बगल खंडहर में गोमांस काटकर लोगों को बेचने की फिराक में है।

सूचना पर छापा मारा गया। मौके पर उसकी पत्नी पॉलिथीन में मांस रखते पकड़ा गया था, जबकि आरोपी मोहम्मद शफीक भागने में सफल हो गया था। मौके से 25 किलोग्राम मांस बरामद किया गया था।

इस मामले में आरोपी दंपती पर केस दर्ज किया गया था। आरोपी शाबरा को जेल भेज दिया गया था। जबकि फरार आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर आरोपी मोहम्मद शफीक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# हादसे में बुजुर्ग की मौत

## भवानी गाढ़ा में हुआ हादसा, कार को पुलिस ने कब्जे में लिया

संवाद न्यूज एजेंसी

बखिरा। भवानी गाढ़ा निवासी 60 वर्षीय व्यक्ति को कार ने अपनी चपेट में ले लिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर कार को कब्जे में ले लिया है।

भवानी गाढ़ा निवासी घनश्याम प्रजापति ने बताया कि उसके बड़े पिता चंद्रभान प्रजापति रविवार की सुबह 9:30 बजे खेत की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान भवानी गाढ़ा चौराहे पर तेज गति से आ रहे एक कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोग घटन स्थल पर पहुंचकर कार चालक को रोक लिया।

पुलिस भी पहुंच गई और कार को कब्जे में लिया। इसके साथ ही घायल को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

## ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट से वृद्ध की जान गई

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के महुआडार गरथवलिया में शनिवार देर शाम ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। रविवार को पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। महुआडार गरथवलिया निवासी राममिलन ने बताया कि शनिवार की रात साढ़े आठ बजे उसके चाचा 70 वर्षीय कोइल लघुशंका करने सड़क के बगल जा रहे थे। उसी दौरान तेज गति से लापरवाही पूर्वक गुजरे ट्रैक्टर ने उसके चाचा को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल चाचा को इलाज के लिए खलीलाबाद ले जा रहे थे। रास्ते में ही चाचा की मौत हो गई। परिजन शव को घर ले गए और पुलिस को घटना की सूचना दी। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पीड़ित भतीजे की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक नाम पता अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

# अर्धनिर्मित मकान में पुलिस को मिले आठ गोवंशीय पशु

संवाद न्यूज एजेंसी

## बौरव्यास के चौकी प्रभारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**धर्मसिंहवा।** शनिवार की रात में धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के अमरहा गोशाला के बगल में अर्धनिर्मित मकान से पुलिस ने आठ गोवंशीय पशु बरामद किया। चौकी प्रभारी बौरव्यास अमित चतुर्वेदी की तहरीर पर दो नामजद एवं कुछ अज्ञात पर गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता का रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने पशुओं को स्थानीय लोगों को सुपुर्द कर दिया।



एसओ धर्मसिंहवा अनिल कुमार ने बताया कि शनिवार की रात में सूचना मिली की अमरहा ग्राम पंचायत के इटौवा टोला स्थित गोशाला के बगल में अर्धनिर्मित मकान में तस्करी तथा वध करने की नियत से कुछ गोवंशीय पशु बांधे गए हैं। पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर जाकर देखा गया तो अर्धनिर्मित मकान में आठ गोवंशीय पशु बंधे मिले।

मामला संदिग्ध होने के कारण जिसका मकान है, उससे पूछताछ की गई तो उसने अनभिज्ञता जाहिर की। सभी पशुओं को स्थानीय लोगों के सुपुर्द कर दिया गया।

चौकी इंचार्ज अमित चतुर्वेदी की तहरीर पर अमरहा निवासी हरिद्वार व अजाऊ व कुछ अज्ञात पर गोवध निवारण अधिनियम तथा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# किशोरी को ले जाने वाला आरोपी पकड़ा गया

धर्मसिंहवा। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को ले जाने के आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। एसओ धर्मसिंहवा अनिल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव के किशोरी को गांव के ही एक युवक एक फ़रवरी को कहीं ले गया था। किशोरी के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराया था। मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को सिकरी नहर पुलिया के पास पकड़ा गया। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-03-2023

# कई गांवों से दर्जनों बकरियां चोरी

**तरबगंज।** थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में दर्जनों बकरियां चोरी हो गई। जिसकी सूचना बकरी पालकों ने स्थानीय थाने में दी है। शनिवार की रात पहली पुरवा निवासी गनी मोहम्मद की चार बकरियां व चांदे मास्टर की 16 बकरी के साथ ही दो मुर्गी चोरी हो गई। वहीं बेलसर के बकियापुर निवासी हसन राज की छह बकरियां चोरी हो गई। जिसकी सूचना पीड़ितों ने थाने पर दी है।

# बभनान में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**बभनान।** होली, शबेरात के मद्देनजर स्थानीय चौकी पर क्षेत्राधिकारी मनकापुर सौरभ कुमार वर्मा के अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस पर होली पर हुड़दंग रोकने ,असामाजिक तत्वों पर नजर रखने सहित अन्य समस्याओं के संबंध में विचार विमर्श कर व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सतानंद पांडे, चौकी प्रभारी राकेश कुमार ओझा, अंजू पाण्डेय, प्रिंस तिवारी, हनुमान पांडे आदि मौजूद आदि रहे।

# एक घटना में पुलिस के दो रूप

**टिकरी।** नवाबगंज थाना क्षेत्र की कल्याणपुर निवासी गुड्डी पत्नी सतवीर ने एसपी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। महिला का कहना है कि बीते 27 फरवरी को उसके पति राजगढ़ स्थित ससुराल जा रहे थे। मनकापुर क्षेत्र में भिटौरा गांव के पास यूपी-112 पुलिस की गाड़ी ने उसके पति की बाइक को टक्कर मार दी। इससे उसके पति घायल हो गए। युवक के पिता का आरोप है कि पुलिस की गाड़ी दुर्घटना होने की वजह से रिपोर्ट नहीं दर्ज की जा रही है।

# प्रेम और सौहार्द का त्योहार है होली

तरबगंज, संवाददाता। तरबगंज ब्रह्माकुमारीज ने रविवार को होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। नवाबगंज की संचालिका ब्रह्मकुमारी रेखा बहन व तरबगंज की संचालिका ममता बहन ने बहनों भाइयों को अबीर गुलाल लगाकर प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया। क्षेत्र के लोगों बहनों पर फूल बरसाकर स्नेह प्रकट किया। जिसमें क्षेत्र के बहनों भाइयों ने प्रतिभाग किया।

# अवैध खनन रोकने गई राजस्व टीम पर हमला

- दबंगों के हमले में दो लेखपाल हुए घायल भाग कर बचाई जान
- मनकापुर में थाने में हमलावरों पर कई धाराओं में केस

मनकापुर, संवाददाता। अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर पहुंची राजस्व टीम पर कुछ लोग हमलावर हो गए। हमले में दो राजस्व कर्मी घायल हो गये। इस मामले में एसडीएम आकाश सिंह के निर्देश पर जेसीबी संचालक राहुल सिंह सहित कई लोगों पर बलवा, सरकारी कार्य में बाधा, अवैध खनन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार एसडीएम आकाश सिंह को शनिवार को शाम को मिश्रौलिया गोसाई गांव के पास जेसीबी मशीन से अवैध मिट्टी खनन की शिकायत मिली। इस पर एसडीएम ने लेखपाल प्रेम शंकर व आलोक कुमार सिंह को मौके पर पहुंचकर अवैध खनन रुकवाने के निर्देश दिए। इस पर दोनों लेखपाल मौके पर पहुंचे। आरोप है कि अचानक भीड़ ने दोनों लेखपालों के साथ मारपीट करते हुए उन्हें दौड़ा लिया। दोनों लेखपाल एक दूसरे के विपरीत दिशा में भागते हुए अपनी जान बचा सके। घटना की सूचना मिलते ही जिला मुख्यालय पर मौजूद एसडीएम भी मनकापुर पहुंचे। तलाश होने पर दोनों लेखपाल घायल अवस्था में अलग अलग स्थानों पर मिले। इस मामले में लेखपाल प्रेम शंकर आर्य व आलोक कुमार सिंह की तहरीर पर जेसीबी संचालक राहुल सिंह, पप्पू वर्मा, रामपाल,बिन्ने व कुछ अन्य लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, बलवा , अवैध खनन अधियम के तहत एफ आई आर दर्ज किया गया है। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सीएचसी से जिला अस्पताल किए गएरेफरः हमले में घायल लेखपाल प्रेम शंकर आर्य को काफी चोटें आई हैं। वही दूसरे लेखपाल आलोक कुमार सिंह को भी हाथ में काफी चोट लगी है।

# लूट के आरोपी गिरफ्तार

मनकापुर, संवाददाता। लूट की घटना का खुलासा करते हुये कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास लूटी गई मोबाइल व हजारों की नकदी, बाइक आदि सामान बरामद किया है।

कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि क्षेत्र के गांव विसुनपुर निवारी रविन्द कुमार पुत्र आंनद बीते 10 जनवरी को झिलाही बाजार से काम करके अपने गांव साइकिल से जा रहे थे। कटेश्वर नाथ शिव मंदिर के पास शाम करीब सात बजे अचानक बाइक सवार तीन बदमाशों ने रास्ता रोक लिया और मोबाइल छीनकर फरार हो गये। पीड़ित गूगल पे चलाता था। उसके बैंक खाते में 22668 रुपये थे। कुछ दिन बाद जब वह बैंक में रुपये निकालने गया तो पता चला कि खाते में जमा रुपये धोखाधड़ी से निकाल लिये गये हैं। इसकी शिकायत उसने पुलिस से की थी। इसी मामले को लेकर एसओजी प्रभारी संतोष कुमार सिंह व कोतवाल चितवन कुमार, निरीक्षक अरूण कुमार राय, एसआई बलराम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी विशाल कुमार मिश्र उर्फ गोपाल पुत्र विजय प्रताप मिश्र निवासी-तुर्काडीहा, थाना-वजीरगंज को पकड़ लिया।

# पुलिस ने रिश्वत लेते धरे गए पेशकार को जेल भेजा

## कार्रवाई

तरबगंज, संवाददाता। तरबगंज तहसील में दाखिल-खारिज के आदेश के लिए रिश्वत लेते वक्त शनिवार देरशाम पेशकार संतोष रावत को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर किया था। टीम ने पेशकार को पांच हजार रुपये घूस लेते पकड़ा था। मौके पर भीड़ को देखते हुए एंटी करप्शन टीम आरोपी और शिकायतकर्ता को लेकर नवाबगंज थाने गई। वहां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपी पेशकार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पेशकार को गोरखपुर जेल भेजा गया है।

शिकायतकर्ता कृष्ण भूषण पाण्डेय निवासी महंगूपुर ने अपनी पत्नी कुशलावती के नाम से जैतपुर में लगभग तीन वर्ष पूर्व दो बीघा भूमि खरीदी थी। जिसके दाखिल खारिज के लिए 21 अप्रैल 2022 को शिकायतकर्ता ने तहसीलदार न्यायालय पर अपना वाद प्रस्तुत किया था। इस बीच तहसीलदार कोर्ट पर लगातार पेशकार बदलते रहे। अक्तूबर 2022 में संतोष रावत ने संग्रह अनुभाग से तहसीलदार के प्रभारी पेशकार के रूप में कार्यभार संभाला। किंतु शिकायतकर्ता का दाखिल खारिज नहीं हो सका। आरोप है कि पेशकार ने रुपए और शराब की डिमांड की। जिससे परेशान होकर पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम शिकायत किया। जिसको संज्ञान में लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने शनिवार को पीड़ित के साथ सादी वर्दी में तहसील पहुंचकर जायजा लिया। साथ ही शिकायतकर्ता कृष्ण भूषण को पांच-पांच सौ रुपए की 10 नोट केमिकल लगा कर दिए। जिसके बाद शनिवार देर शाम प्रभारी पेशकार संतोष रावत तरबगंज तिराहे पर पहुंचा। जहां शिकायतकर्ता ने पहले से तय किए गए रुपये पेशकार को सौंपे।



आरोपी पेशकार संतोष रावत।

> एन्टी करप्शन गोरखपुर टीम ने पेशकार संतोष कुमार रावत को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है।
>
> -आकाश तोमर, एसपी

# शिक्षक समेत पांच के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा

**संसू, धानेपुर (गोंडा)** : महिला ने शिक्षक समेत पांच लोगों पर दुष्कर्म व बलवा का मुकदमा कराया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि दस वर्ष पूर्व प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक राकेश मणि कश्यप उसके संपर्क में आए। किराये का मकान लेकर शादी का वादा कर संबंध बनाया। शिक्षक के संपर्क में आने पर उसने ससुरालीजनों से संबंध तोड़ लिया। अध्यापक ने दवा के बहाने उसकी नसबंदी करा दी। बीमारी का बहाना कर संबंध तोड़ लिया।

महिला का आरोप है जब वह उसके घर गई तो शिक्षक व उसके परिवारजनों ने मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शिक्षक राकेश मणि कश्यप, करुणेश मणि कश्यप, रुकमणी, खुशबू, हर्षित के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

**विवाहिता की मौत: वजीरगंज (गोंडा)** : नगवा के मजरा बरई पुरवा में नवविवाहिता सायरा बानो की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने सास साजिदा समेत दो पर हत्या का मुकदमा किया है। मृतका की मां तशरीफुन्निशा निवासी ग्राम बंजरिया थाना मनकापुर ने कहा कि उसने पुत्री की शादी तीन वर्ष पूर्व सलमान के साथ की थी। उसको सूचना दी गई है कि बीती रात्रि लड़की की मौत हो गई है। मृतका की मां ने कहा कि सास व उसके पड़ोसी शाकिर ने दहेज की मांग न पूरी होने पर उसके बेटी की हत्या की है। क्षेत्राधिकारी तरबगंज संसार सिंह राठी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मृतका की मां के तहरीर पर मुकदमा किया गया है।

## पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

**संसू, मनकापुर (गोंडा)** : जवाहर नगर की रहने वाली निर्मला शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा किया है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी 28 जून 2017 को बाराबंकी जिले में थाना रामनगर के ग्राम तेलवारी निवासी सोमदत्त शर्मा से हुई थी। पति, सास कमला देवी, ससुर हनुमान प्रसाद, देवर लवकुश व सुमित उसके मायके की संपत्ति में हिस्सा मांगने लगे। मायके वालों ने हिस्सा देने से मना किया तो ससुरालीजनों ने उसको मारा-पीटा। वह जान बचा करके मायके चली आई। लोगों के समझाने पर दोबारा ससुराल गई, लेकिन ससुरालीजनों के व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। उसको फिर मारा-पीटा और हाथ की अंगुली टूट गई। कोतवाल चितवन कुमार ने कहा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

## गन्ना लेकर मिल जा रहे किसान को दबंगों ने पीटा, मुकदमा

**संसू, दतौली (गोंडा)** : ऐलनपुर ग्रंट के रघुपति ने मनकापुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह तीन मार्च को ट्रैक्टर-ट्राली से गन्ना लेकर दतौली चीनी मिल जा रहा था। बल्लीपुर के पास रात में 11.30 बजे सुनील तिवारी, रमेश चंद्र तिवारी निवासी आइटीआइ ने टाटा सूमो से ट्राली में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर रोक कर पिटाई की। वहीं, ग्राम देवरिया के शिशिर कुमार उपाध्याय ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने उसके भाई राहुल कुमार और बहन प्रियंका को मारा-पीटा और जान से मारने धमकी दी। पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा किया है। ग्राम विशुनपुर झिलाही निवासी रवींद्र कुमार ने तहरीर में कहा है कि झिलाही बाजार से घर जाते समय तीन अज्ञात बाइक सवारों ने धक्का दे दिया और मोबाइल छीनकर भाग गए। मोबाइल में गूगल पे और फोन पे चल रहा था। इससे बैंक खाते से 22688 रुपये निकाल लिए गए है।

# आरोपित गिरफ्तार

**आर्यनगर** : कौड़िया के झौहना पश्चिमी गांव निवासी अयोध्या प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विद्या सागर पांडेय ने कहा कि आरोपित पर मारपीट का मुकदमा था। इटियाथोक प्रतिनिधि के अनुसार प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा है कि गनवरिया गांव के निसार अहमद, मदारनगर के जुम्मन उर्फ अहमद अली, रूदापुर के संजय वर्मा, राधेश्याम वर्मा, कर्मडीहकला के नकटी गांव निवासी चद्रभान वर्मा को शांतिभंग में गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

## दबंगों ने पीटा

इटियाथोक : गिलौली गांव के सतीश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि मजदूरी करने के लिए गया था। दबंगों ने उसकी पिटाई कर दी। इसमें वह घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि तहरीर मिलने के बाद आवश्यक छानबीन कर गिलौली गांव के रामतेज, ननके, पुत्ती लाल पर मारपीट का मुकदमा किया गया है।( संसू)

# तहसीलदार तरबगंज के पेशकार भेजे गए जेल

**जागरण टीम, गोंडा** : बैनामा दाखिल खारिज कराने के लिए पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़े गए तरबगंज तहसीलदार के पेशकार संतोष कुमार रावत को जेल भेज दिया गया है।

नवाबगंज : प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज करुणाकर पांडेय ने कहा धनंजय सिंह ट्रैप टीम प्रभारी भ्रष्टाचार निवारण संगठन के तहरीर पर आरोपी संतोष कुमार रावत के खिलाफ भरष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, शत्रु संपत्ति खाली करने के लिए नगर पालिका परिषद गोंडा की पूर्व अध्यक्ष उज्मा राशिद को दी गई नोटिस की अवधि सोमवार को पूरी हो जाएगी।

**पढ़ें अपने जिले की अन्य खबरें** www.jagran.com/state/uttar-pradesh **पर**

# मुख्यमंत्री से शिकायत

मनकापुर (गोंडा)। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी गुड्डी ने मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत करते हुए कहा कि उसका पति विगत 27 फरवरी को मनकापुर होते हुए ससुराल जा रहा था।
भिटौरा गांव के पास मनकापुर पुलिस की गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे उसका हाथ व पैर टूट गया। भीड़ जमा होने पर पुलिस वाले अपनी गाड़ी में लेकर जिला अस्पताल को निकले, लेकिन रास्ते में एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भेज दिया और खुद भाग गए। (संवाद)

# अरबों रुपये की 50 शत्रु संपत्तियां सूचीबद्ध

## शत्रु संपत्तियों को खंगालने में जुटा जिला प्रशासन, जांच के बाद कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। शहर में नगर पालिका परिषद की निवर्तमान अध्यक्ष उज्मा राशिद का शत्रु संपत्ति पर बने मकान व दुकान को खाली कराने की नोटिस चस्पा करने के साथ ही जिले में अब प्रशासन शत्रु सपंत्तियों का ब्योरा जुटा रहा है।

सदर में 10 मामलों के साथ ही तरबगंज व मनकापुर तहसील में शत्रु संपत्ति मिल चुकी है। साथ ही अब और मामलों की जांच हो रही है। मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि एसडीएम को निर्देश दिए जा चुके हैं।

शत्रु संपत्तियों के नोडल अफसर व उनकी टीम ने पीपी एक्ट (सार्वजनिक परिसर से अनाधिकृत लोगों की बेदखली का कानून) के तहत इनका ब्योरा जुटा लिया है। जिले में 50 शत्रु संपत्तियों को सूचीबद्ध कर अब अब जांच की जा रही है। 21 शत्रु संपत्तियां नवाबगंज और 19 तरबगंज तहसील के लौव्वावीरपुर में हैं। यह सभी 40 संपत्तियां मलिक शरीफ हुसैन के नाम पर हैं। इनकी कीमत अरबों रुपये आंकी जा रही है।

पांच शत्रु संपत्ति सदर तहसील में व एक रकाबगंज मोहल्ले में फारूख अहमद शाह के नाम पर दर्ज है, जबकि रकाबगंज मोहल्ले में चार शत्रु संपत्तियां हामिदा बेगम के नाम पर दर्ज हैं। प्रशासन की टीम अब इन संपत्तियों से जुड़े अभिलेख खंगाल रही है। जल्द ही शत्रु संपत्तियों की जमीनों से कब्जा हटाए जाने की तैयारी की जाएगी।

बीते साल डीएम डॉ. उज्जवल कुमार के निर्देश पर हुई जांच में तीन मामलों में कार्रवाई की गई है। जिसमें सदर तहसील के माधवपुर चकत्ता में 3.16 एकड़ जमीन मिली है, जो पाकिस्तान चले गए अब्दुल सईद बैरिस्टर की जमीन थी। अभिलेखों में हेराफेरी कर लोगों ने बैनामा करा लिया था। इस जमीन को भी शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है। तरबगंज के अकौनी गांव में 56 बीघे शत्रु सपंत्ति को कुछ लोगों से कब्जामुक्त कराया जा चुका है।

मनकापुर तहसील के खालेगांव में ढाई बीघे जमीन शत्रु संपत्ति मिल चुकी है। जिसे प्रशासन ने अधिग्रहित कर लिया है। यह जमीन मोहम्मद शफी के नाम दर्ज है जो बंटवारे के समय पाकिस्तान चले गए थे। इस तरह पूरे जिले में शत्रु सपंत्तियों की रिपोर्ट तैयार हो रही है।




- अन्य अवैध कब्जेदारों पर भी कार्रवाई की तैयारी
- तहसीलों में रिपोर्ट देने से कतरा रहे अफसर, जारी करनी पड़ती है नोटिस
- अवैध कब्जे के खुलासों से प्रशासन में खलबली, बन रही है रिपोर्ट

" जमीन के मामलों की जांच हो रही है। शत्रु संपत्तियों पर कब्जा की पड़ताल के लिए एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं। - जयनाथ यादव, मुख्य राजस्व अधिकारी

# फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, दहेज हत्या का केस

वजीरगंज (गोंडा)। थाना क्षेत्र के नगवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव घर में फंदे से लटका मिला। थाना वजीरगंज में सास समेत दो लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कराया है।

मनकापुर क्षेत्र के बंजरिया झिलाही निवासी तशरीफुन्निशा ने थाना वजीरगंज में तहरीर देकर आरोप लगाया कि दहेज में बाइक व एक लाख रुपये न दे पाने पर ससुराल वालों पर बेटी की हत्या कर दी है। बताया कि पुत्री शायरा (24) की शादी दो वर्ष पूर्व थाना वजीरगंज क्षेत्र के नगवा गांव निवासी अकबर अली के पुत्र सलमान से की थी। ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपये व बाइक की मांग कर कर पुत्री को प्रताड़ित करते थे।

शनिवार रात ससुराल वालों ने शायरा की पिटाई कर हत्या कर दी। आरोप है कि शव छत के हुक के सहारे फंदे से लटका दिया। तशरीफुन्निशा ने सास साजिदा व शाकिर अली के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोट दर्ज की गई है। (संवाद)

# दस साल से तैनात था पेशकार, पहले भी हो चुकी शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

तरबगंज (गोंडा)। तहसील में दस सालों से तैनात पेशकार संतोष कुमार रावत पत्रावलियों के निस्तारण में सौदेबाजी करता था। बिना घूस तय किए वह फाइलों को आगे ही नहीं बढ़ाता था, तहसील के वादी ही नहीं अधिवक्ता भी परेशान थे। एंटी करप्शन ब्यूरो की गोरखपुर इकाई ने शिकायत पर घूसखोर पेशकार को रंगे हाथों पकड़कर नवाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पेशकार को टीम गोरखपुर ले गई है। जहां उसे भ्रष्टाचार निवारण की विशेष न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।



संतोष कुमार रावत

तहसील तरबगंज के तहसीलदार के पेशकार को एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने रंगे हाथों घूस लेते गिरफ्तार किया था। मुकदमे की फाइलों की हेराफेरी, फर्जी तरीके से बैनामा व दाखिल खारिज सहित घूसखोरी के आरोप अक्सर यहां लगते रहते हैं।

एंटी करप्शन ब्यूरो से कृष्ण भूषण निवासी महंगूपुर नवाबगंज ने संपर्क किया था। उनका कहना है कि 21 अप्रैल 2022 को पत्नी कुशलावती के नाम से जैतपुर मांझा में जमीन बैनामा कराई थी। दाखिल खारिज के लिए साल भर से चक्कर काट रहा था।

तहसीलदार के पेशकार व वरिष्ठ सहायक लिपिक संतोष रावत ने दाखिल खारिज कराने के लिए पांच हजार रुपये की मांग की थी। उसने सूचना एंटी करप्शन ब्यूरो टीम को दे दी। टीम ने शनिवार रात जाल बिछाया और पेशकार संतोष कुमार रावत पकड़ में आ गए। गिरफ्तार आरोपी को नवाबगंज थाने ले गए और कृष्ण भूषण की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पेशकार को एंटी करप्शन ब्यूरो टीम गोरखपुर लेकर चली गई।

**अमर उजाला फॉलोअप**

- बिना घूस तय किए नहीं आगे बढ़ाता था वाद की फाइलें, आजिज थे वादी
- एंटी करप्शन ब्यूरो से संपर्क कर घूसखोर पेशकार को कराया गिरफ्तार, भेजा जेल
- प्रशासन और पुलिस महकमे में गिरफ्तारी से हड़कंप

## बीते साल ही तहसीलदार के पेशकार बना संतोष

तहसीलदार पेशकार संतोष रावत तहसील में वर्ष 2012 से तैनात था। बलरामपुर के थाना सहदुल्ला नगर के बिशुनपुर सागर निवासी संतोष रावत तहसील मुख्यालय के आय-जाति-निवास पटल, मालबाबू, न्यायिक तहसीलदार के पेशकार, संग्रह बाबू जैसे विभिन्न पटलों पर तैनात रहे। अक्टूबर 2022 से संतोष रावत तहसीलदार के पेशकार के रूप में तैनात हुआ था।

> रिश्वत लेने के मामले में तहसीलदार के पेशकार को शनिवार की रात एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया था। निलंबन की कार्यवाही जिलास्तर से होनी है। उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है।
>
> – शत्रुहन पाठक, उप जिलाधिकारी तरबगंज

ायतें दर्ज

# होगी जांच

## ारों को मकान की सौगात



ार्थी को ओ। -संवाद

गोंडा। होली के पहले जिले के 17,750 बिना घर वाले गरीबों को आवास योजना की सौगात मिली है। पहली किस्त के रूप में प्रति लाभार्थी 40 हजार की दर से 71 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए। रविवार को तहसील सदर के विकासखंडों झंझरी, पंडरीकृपाल, मुजेहना, इटियाथोक तथा रुपईडीह के चयनित ढ़ाई हजार लाभार्थियों स्वीकृति पत्र शहर के एक ांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैय्या के साथ अरुन्मोली ने स्वीकृति पत्र वितरित किया। बारे में जानकारी दिया। सीडीओ एम. मंत्री आवास योजना व 750 को मुख्यमंत्री योजना निदेशक चंद्रशेखर ने कहा कि आवास किया। ब्लॉक प्रमुख इटियाथोक पूनम द्विवेदी, ांसद प्रतिनिधिरमाशंकर मिश्र, राजेश सिंह, खंड विकास अधिकारी मुजेहना विकास मिश्र, रहे। (संवाद)

## दो दर्जन बकरी व मुर्गे चोरी

तरबगंज (गोंडा)। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से शनिवार की रात दो दर्जन बकरियां व मुर्गे पार कर दिए। सिंगहाचंदा के मजरा पहली पुरवा में शनिवार रात गेट का ताला तोड़कर चांदे मास्टर की 16 बकरी के साथ दो मुर्गा व गनी मोहम्मद की चार बकरियां चोर उठा ले गए। सूचना पीड़ितों ने थाने पर दी है। वहीं बेलसर के बकियापुर बेहनिन पुरवा में हसनराज की छह बकरियां शनिवार रात में चोरी हो गई। सूचना थाने पर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है, जांच कराई जा रही है। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-03-2023

# चौकीदारों को याद दिलाई गई उनकी जिम्मेदारी

## बैठक

महराजगंज तराई, संवाददाता। होली व शबे बरात त्योहार को लेकर थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक ने चौकीदारों के साथ अहम बैठक आयोजित की। बैठक में उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराते पूरी सतर्कता से काम करने का निर्देश दिया।

रविवार को थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने क्षेत्र के चौकीदारों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा की होली व शबे बरात नजदीक है। सभी चौकीदार अपने-अपने ग्रामीण कार्य क्षेत्र में निगरानी रखें। यह देखना होगा कि कोई व्यक्ति त्योहार में व्यवधान पहुंचाता है तो तत्काल बीट सिपाही व हल्का दरोगा को सूचित करें। अवैध तरीके से शराब बेचने वाले पर विशेष नजर रखनी है। साथ ही हर छोटी व बड़ी बात को उप निरीक्षक अथवा प्रभारी निरीक्षक से शेयर करें। त्योहार में यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार का व्यवधान करता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन गांव-गांव में पर्व को लेकर सतर्क है। चौकीदार अपने ग्रामीण क्षेत्रों में कुशलता से होलिका दहन संपन्न कराएंगे। इस मौके पर चौकीदार राम सरन, प्रभुनाथ, दिनेश, बालक राम, कल्लू, राकेश, प्रभु दयाल, लालबच्चा, उप निरीक्षक दिग्विजय यादव व विजय नाथ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

बलरामपुर, संवाददाता।थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व एक मोटर साइकिल के साथ जमील पुत्र हसन मोहम्मद निवासी सोनपुर धंधरा व भोला पथरकट पुत्र रामसरन निवासी लालपुर भुवनडीह को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया गया है।

# शांति भंग के मामले में चार गिरफ्तार

बलरामपुर। मॉडर्न थाना श्रीदत्तगंज में शांति भंग के मामले में पुलिस ने चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक नागेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल सावंत सिंह व गोपाल चन्द्र ने विनय कुमार , मनोज , अजय व शिव कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया

बलरामपुर। थाना ललिया पुलिस ने 17 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# नाबालिग गुमशुदा को पुलिस ने ढूंढा

उतरौला, संवाददाता। पुलिस ने 13 वर्षीय गुमशुदा लड़के अनुराग वर्मा को 24घंटे के भीतर ढूंढकर परिजनों को सौंप दिया। घोड़चढ़ी निवासी आशाराम वर्मा ने शुक्रवार देर शाम पुलिस को सूचना दी थी कि उनका भांजा शुक्रवार शाम लगभग पांच बजे राम अवध इंटर कालेज के पास खेत में गया था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला। चौकी प्रभारी पेहर शमशाद अली ने शनिवार को उसके लड़के को ढूंढ निकाला।

# बालू अवैध खनन में ट्रैक्टर ट्राली सीज

ललिया। उपजिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर व हर्रैया थाना की पुलिस ने पहाड़ी नाला हेंगहा से अवैध बालू खनन कर रही ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज करने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र सिकंदर बोझी गांव के पास हेंगहा पहाड़ी नाले से अवैध बालू खनन कर रही ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया गया है। बताया कि एसडीएम व पुलिस की गाड़ी देख वाहन चालक भागने में सफल रहा।

# आपसी भाईचारे का त्योहार है होली

**बैठक**



उतरौला में सम्भ्रांत लोगों के साथ होली को लेकर बैठक करते थाना प्रभारी व अन्य

**गैड़ास बुजुर्ग, संवाददाता।** आगामी त्योहार शब-ए-बराअत व होली के मद्देनजर उतरौला कोतवाल संजय दूबे ने सभी चौकीदारों के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सम्भ्रांत लोगों के साथ बैठक की। थाना प्रभारी ने कहा कि अराजक तत्वों के बारे में जानकारी मिलने पर लोग पुलिस को सूचित करें। किसी भी विवाद की स्थिति में पुलिस को तत्काल सूचना दें।

कोतवाल संजय दूबे ने कहा कि होली जलाने को लेकर त्योहार सम्पन्न होने तक अगर किसी गांव में कोई वाद विवाद होने की स्थिति दिखती है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। अगर किसी भी गांव में रात के समय अराजक तत्व बुर्जी, छप्पर आदि उतारकर जानबूझकर नुकसान कर रहे हैं तो ऐसे लोगों की सूचना गुप्त रूप से पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। होली पर्व पर परचून सहित अन्य दुकानों पर शराब बिक्री को लेकर सादे वर्दी में पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। जो गांवों में भ्रमण कर रही है। होली त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए लोगों को जागरूक किया। कहा कि अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। अशांति फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी। यह भाईचारे का त्योहार है। गले मिलकर आपसी मतभेदों को भुलाया जाता है। निरीक्षक रोहित प्रसाद, कस्बा चौकी प्रभारी स्वतंत्र देव गुप्ता, गांधीनगर चौकी प्रभारी मनीष मिश्रा व ग्रामीण मौजूद रहे।

# नाबालिग ई-रिक्शा चालकों पर किसी का नियंत्रण नहीं

तुलसीपुर, संवाददाता। पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर मुख्य बाजार में नाबालिक ई-रिक्शा चालकों की बाढ़ सी आ गई है। आए दिन राहगीर ई-रिक्शा से दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं।

ई-रिक्शा चालक नाबालिक होने के कारण चोटिल लोग देखकर छोड़ देते हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन देख कर अंजान बनी हुई है। जिस कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। नगर के व्यापारियों ने नाबालिग ई-रिक्शा चालकों पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए यातायात नियमों का पालन कराने की मांग कर रहे हैं, जिससे दुर्घटना से बचा जा सके।

बीते कुछ दिन पहले नाबालिग ई-रिक्शा चालक ने पुरानी बाजार निवासी सुखदेव चौरसिया को हाथ को चोटिल कर दिया था। वहीं मंगलवार को नई बाजार पुरवा निवासी पूर्व सभासद इसरार अहमद के पैर पर ई-रिक्शा चढ़ जाने से उनके पैर की हड्डी टूट गई। इसी तरह हरैंया तिराहे के पास नाबालिक चालक के सवारी ले जाते समय रिक्शा पलट गया। जिससे कई लोग चोटिल हो गए। घायलों का इलाज चल रहा है। नंदमहरा से तुलसीपुर जाने वाले मार्ग पर कल्याणपुर गांव के पास ई-रिक्शा मोड़ने से अचानक पलट गया जिस पर सवार ग्राम गढ़वा निवासी राम प्रसाद चोटिल हो गए। उन्हें निजी चिकित्सक ले जाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ।

वहीं संजीव चौरसिया तीन बार ई-रिक्शा की चपेट में आकर चोटिल हुए। इसके पहले मुन्ना जायसवाल, राजेश कुमार यादव, धर्मेंद्र सिंह, सुरेश कुमार भी चोटिल हो चुके हैं। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा चालकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध खनन पर कार्रवाई, बालू भरी ट्रेक्टर-ट्राली सीज

**संवाद सूत्र, हरैया सतघरवा** : बालू भरी ट्रैक्टर-ट्राली को थाना हरैया की पुलिस ने सीज कर दिया है। उपजिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर ने बताया कि बालू का अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया गया है। साथ ही थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय को आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

# 250 लीटर शराब बरामद, 18 क्विंटल लाहन की गई नष्ट, 13 मुकदमे दर्ज

## त्योहार के मद्देनजर पुलिस-आबकारी विभाग ने चलाया अभियान, की कार्रवाई

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : होली के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी व पुलिस विभाग की टीम ने हल्ला बोल दिया है। नकली व मिलावटी शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी है। इसी क्रम में एक से पांच मार्च तक टीम ने छापेमारी कर विभिन्न स्थानों से 250 लीटर अवैध शराब बरामद किया है। करीब 1800 किग्रा लहन नष्ट की गई है। 13 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि विशेष अभियान के तहत उतरौला क्षेत्र के दूरदराज की दुकानों पर छापेमारी की गई। इसमें महुवा, रमवापुर, बुधनीबाजार, रेहरा, नयानगर, सादुल्लाहनगर की दुकानों का निरीक्षण किया गया। साथ ही शिवपुरा, मथुरा बाजार, ललिया, बरदौलिया, लाल चौराहा, मणिपुर, चौधरीडीह, हरैया, मुजहनी, लालनगर सिपहिया, परसपुर, पचपेड़वा, गणेशपुर, कोहरगड्डी में देशी शराब, अंग्रेजी शराब, बियर की दुकान, माडल शाप व भांग की दुकानों पर भी छापेमारी की गई।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि सात मार्च को रात 10 बजे से शराब की सभी दुकानें बंद हो जाएंगी, जो आठ मार्च को रात 10 बजे तक बंद रहेंगी।



नयानगर में छापेमारी करती आबकारी व पुलिस टीम● सौ. जिला आबकारी अधिकारी

### 47 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : दो थानों की पुलिस ने 47 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह चौहान की टीम ने सोनपुर धंधरा निवासी जमील व लालपुर भुवनडीह निवासी भोला को बाइक सहित 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ललिया जयहरि मिश्र ने मोतीपुर निवासी बजरंगी को 17 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# होलिका दहन स्थलों पर मुस्तैद रहेगी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

## 1,812 स्थानों पर जलेगी होली, पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

**बलरामपुर।** होली को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। जिले के 15 थाना क्षेत्रों में 1,812 स्थलों पर होलिका दहन किया जाएगा। प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही डीजे संचालकों की निगरानी बढ़ा दी गई है। रविवार को पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया।



**पुलिस लाइन में रविवार को दंगा नियंत्रण के अभ्यास का निरीक्षण करते एसपी केशव कुमार।** संवाद

बलरामपुर नगर में 105, देहात में 115, महाराजगंज तराई में 52, गौरा में 126, तुलसीपुर में 106, जरवा में 67, गैसड़ी में 53, पचपेड़वा में 116, हरैया में 69, ललिया में 116, उतरौला में 125, श्रीदत्तगंज में 128, रेहरा में 242, सादुल्लाहनगर में 173 व गैड़ास बुजुर्ग में 129 स्थलों पर होलिका दहन होगा।

एसपी केशव कुमार ने बताया कि सभी होलिका दहन स्थलों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। होली के दिन विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है। स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही अन्य पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। डीजे संचालकों को पहले ही हिदायत दी जा चुकी है। सीओ एवं एसओ को पर्व निपटने तक निरंतर भ्रमण करने को कहा गया है।

पुलिस लाइन में रविवार को पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया। आंसू गैस सेल, पैलेट गन, रबर बुलेट गन, एंटी रॉयट गन का भी अभ्यास कराया गया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, सीओ लाइन राधा रमण सिंह, प्रतिसार निरीक्षक किशनलाल, सूबेदार लाइन एमपी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## कल से 24 घंटे बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**जिला** आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि होली को देखते हुए सात मार्च की रात दस बजे से आठ मार्च की रात दस बजे तक जिले में आबकारी विभाग की सभी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शाप, भांग, बार व स्प्रिट की थोक व फुटकर दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने बताया कि होली को लेकर अवैध शराब की बिक्री पर शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस, राजस्व व आबकारी विभाग की टीम लगातार छापा मार रही है।

# 57 लीटर शराब के साथ चार गिरफ्तार

**बलरामपुर।** होली को देखते हुए पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। विभिन्न थानों की पुलिस ने 57 लीटर शराब के साथ चार लोगों को पकड़ा है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि गैसड़ी पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ सोनपुर गांव निवासी जमील व भोला पथरकट निवासी लालपुर भुवनडीह को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बाइक भी मिली है। इसी तरह ललिया पुलिस ने बजरंगी निवासी मोतीपुर को 17 लीटर व हरैया सतघरवा पुलिस ने गनेशपुर गांव निवासी रामकृपाल को 20 लीटर शराब के साथ पकड़ा है। (संवाद)

# पुलिस ने खोज निकाला गुमशुदा बालक

**पेहर बाजार (बलरामपुर)।** लापता बालक को पुलिस ने खोज निकाला। रविवार को बालक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पेहर बाजार चौकी पर रेहरा बाजार के घुड़चढ़ी रेंडवलिया निवासी आसाराम वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका 13 वर्षीय भांजा शुक्रवार शाम रामअवध यादव इंटर कॉलेज के पास खेत देखने गया था। इसके बाद से वह नहीं लौटा। सूचना पर चौकी प्रभारी पेहर शमशाद अली ने पुलिस टीम के साथ गुमशुदा बालक को रानीपुर जयतिहवा बाजार से खोज निकाला। उसे परिजनों को सौंप दिया गया। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में चार का चालान

**बलरामपुर।** मॉडर्न थाना श्रीदत्तगंज की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चार लोगों पर कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि विनय कुमार, मनोज, अजय व शिवकुमार  निवासीगण ग्राम तख्तरवा पर कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 06-03-2023

हिन्दुस्तान

# होलिका दहन स्थलों से हटा अतिक्रमण

## सख्ती

बहराइच, संवाददाता। एसडीएम महसी के निर्देश पर नायब तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ग्राम सिपहिया हुलास के मजरे चरीगाह पहुंचे। यहां संविलयन विद्यालय चरीगाह होलिका दहन स्थल के अतिक्रमण को सख्ती से हटवाया।

सिपहिया हुलास के ही मजरा लोनियनपुरवा में देवस्थान गांवट माता के मंदिर परिसर में हुई तोड़-फोड़ एवं नए स्थान पर जीर्णोद्वार का मुआयना किया। ग्रामीणों ने अफसरों से इसकी शिकायत की थी। होलिका दहन के स्थान पर लगे फसल को भी कटवाकर हटवाया।

संबंधित लेखपाल को भी निर्देशित किया कि होलिका दहन के बाद खेतिहर भूमि की पैमाइश करा गांवट देव स्थान को भी उचित स्थान पर विराजित किया जाए। टीम को यह भी निर्देशित किया कि दोनों जगहों से होलिका दहन की भूमि मुक्त कराकर लोगों को सार्वजनिक कार्यों के उपयोग में लाया जाए। जिससे बार-बार विवाद उत्पन्न न हो। जिससे गांव के लोग होली पर्व को धूमधाम से मनाया जा सके।

इस अवसर पर सिपहिया हुलास में क्षेत्रीय लेखपाल श्याम सुंदर, मुख्य सिपाही अजय कुमार पटेल, कोटेदार उदयभान सिंह, मुनीजर प्रसाद शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि जीतराम भास्कर, कोटेदार राम आधार, लक्ष्मीनारायण, देवचंद शुक्ला, माधवराम अवस्थी, विनोद चौहान, कमलेश चौहान, गिरधारी गौतम आदि मौजूद रहे।



महसी के सिपहिया हुलास में अतिक्रमण हटवाने पहुंचा प्रशासनिक अमला।

हिन्दुस्तान

## तीन सालों में 100 नमूने मिले अनसेफ, पॉम आयल में केमिकल मिलाकर बेचते थे सरसों का तेल

# नकली चायपत्ती बेचने वाले दस पर केस

मिलावट से जंग 5

- जांच में सरसो तेल, दूध, बेसन में सर्वाधिक मिलावट के तथ्य मिले
- अधिकारियों ने नष्ट कराई 30 कुंटल नकली चाय की पत्ती

बहराइच, संवाददाता। जिले में सरसो तेल, दूध, बेसन व चाय पत्ती में सर्वाधिक मिलावट हो रही है। प्रयोगशाला जांच को भेजे गए सैंपलों की रिपोर्ट के आंकड़े इस पर मुहर लगाते हैं। 100 नमूने अनसेफ आए हैं, तो 138 लोगों को आरसी जारी की गई है। 60 लाख से अधिक जुर्माना भी वसूला गया है। खाद्य विभाग की रिपोर्ट पर नजर डालें तो नकली चायपत्ती का सिंडीकेट चल रहा था। 30 कुंतल नकली चाय नष्ट कराई गई। इसके साथ ही जिले के अलग-अलग कस्बों में गोपनीय तरीके सें नकली चायपत्ती के नेटवर्क को भी ध्वस्त किया गया है। 10 से अधिक मुकदमें भी दायर किए गए हैं। तराई में सेहत के सौदागरों पर हुई कार्रवाई की नजीर भी बनी है।

जिले में पिछले दो सालों में प्रयोगशाला जांच को भेजे गए सैंपलों में सर्वाधिक अनसेफ सरसो तेल, बेसन, चायपत्ती व दूधे से बने खाद्य पदार्थों में मिलावट की पुष्टि हुई है। नानपारा व शहर में बड़े पैमाने पर प्रयोग हो चुकी चायपत्ती में केमिकल मिलाकर दोबारा ब्रांडेड कंपनियों की सीलिंग पैकेजिंग कर दुकानों पर आपूर्ति का भंड़ाफोड़ किया गया। जांच में भी चायपत्ती के नमूने सेहत के लिए घातक पाए गए हैं। इस धंधे से जुड़े लोगों पर कई कार्रवाई हुई है। पॉम आयल में केमिकल मिलाकर सरसों तेल का रूप देकर बड़े पैमाने पर चल रहे सिंडिकेट का भी खुलासा हो चुका है।

तीसरे नंबर पर मिलावटी बेसन है। तीन सालों के आंकड़ों पर गौर करें, तो हकीकत सामने आ जाती है। इस साल भी होली पर्व को लेकर खाद्य विभाग लगातार छापेमारी कर नमूने एकत्र कर रहा है। इनमें सर्वाधिक नमूने इन्हीं खाद्य पदार्थों के लिए गए हैं। विभाग के आंकड़े बताते हैं कि 100 सैंपल अनसेफ पाए गए हैं। जुर्माना जमा न करने पर 138 लोगों पर आरसी की कार्रवाई की गई है।




एसडीएम कैसरगंज संग छापेमारी करती खाद्य विभाग की टीम।

**60** लाख की तीन सालों में हुई वसूली

**138** लोगों को जारी की गई आरसी

"लगातार कार्रवाई हो रही है, नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। चायपत्ती पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। बेसन व सरसो तेल पर कार्रवाई का नतीजा है कि इस बार के सैंपल जांच में सही पाए गए हैं।"

**विनोद कुमार शर्मा,** जिला अभिहीत अधिकारी, बहराइच

## दो तहसील क्षेत्रों में छापा मारकर भरे गए चार नमूने

बहराइच। जिला अभिहीत अधिकारी ने बताया कि जरवल के मूसेपुर में अलीउरहमान की दुकान से खोया, जय बजरंग ट्रेडिंग कंपनी से सरसों के दो, सम्राट मिष्ठान से खोया, अजय स्वीट्स से छेना का नमूना भरा गया है।

## सात के सापेक्ष तीन एफएसओ तैनात

बहराइच। मिलावटखोरों पर नकेल कसने के लिए एफएसडीए विभाग के सामने मैन पॉवर की कमी भी आड़े आ रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के सात पद सृजित हैं। इनमें से तीन की ही तैनाती है। एक अधिकारी प्रशिक्षण पर चल रहे हैं। ऐसे में तीन एफएसओ, सीएफओ व जिला अभिहीत अधिकारी पर ही उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य पदार्थ मुहैय्या कराने व मिलावटखोरों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी है।

हिन्दुस्त

# भूमि विवाद में घर में घुसकर दम्पति पर हमला, गंभीर

**अराजकता**

**पयागपुर, संवाददाता।** एक गांव में शनिवार शाम निर्माणाधीन मकान में घुसकर हमलावरों ने दम्पति पर लाठियां बरसाई। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पयागपुर थानाध्यक्ष ने इसे गंभीरता से लेते हुए घायलों को पयागपुर सीएचसी में भर्ती कराते हुए चार को नामजद कर लिया। घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

पयागपुर थाने पयागपुर के ककरा कुट्टी मोहम्मदपुर में शनिवार की देर शाम एक दलित दम्पति के निर्माणाधीन घर में घुसकर चार हमलावरों ने लाठी से बुरी तरह पीट दिया। हमले सूरज पासवान उर्फ सोनू व उसकी पत्नी तारावती गंभीर रूप से घायल हो गए। जैसे ही यह जानकारी थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय को मिली। तत्काल पुलिस को मौके पर भेजा गया। घायल दम्पति को इलाज के लिए पयागपुर सीएचसी लाए जाने पर मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया है।



पयागपुर थाने ककरा कुट्टी मोहम्मदपुर में हमले में घायल दम्पति।

- घायलों को पयागपुर सीएचसी से मेडिकल कालेज किया रेफर
- पुलिस ने चार को नामजद कर दर्ज किया केस, दो गिरफ्तार

दूसरी ओर घटना को लेकर भीम आर्मी ने नाराजगी व्यक्त की है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों को नामजद करते हुए घर में घुसकर मारपीट, दलित उत्पीड़न अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

[redacted]

# हिन्दुस्तान

# बेल आर्डर पर मुहर लगाने को ली घूस

- सोशल मीडिया पर घूस लेते वीडियो वायरल, कमेंट कर रहे लोग
- मोतीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत दलजीतपुरवा के लेखपाल पर है आरोप

बहराइच, संवाददाता। जिले के मोतीपुर तहसील परिसर में बेल आर्डर पर मुहर लगाने के लिए पीड़ित से एक लेखपाल ने घूस लिया। जिसका वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया। इसके बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद भी अभी तक लेखपाल के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर लोग कमेंट कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत दलजीतपुरवा के मजरा पंडित पुरवा निवासी बच्चे लाल को पुलिस की ओर से जमानत के लिए नोटिस



पांच- पांच सौ रुपये के रखे नोट।

भेजा गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए बच्चे लाल जमानत आर्डर पर मुहर लगवाने लेखपाल के पास गया। तहसील परिसर में मौजूद लेखपाल ने मुहर लगाने के लिए रुपये मांगा, पीड़ित ने रुपये निकाल कर दिया। जिसे लेखपाल ने जेब में रख लिया। वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामले में एसडीएम ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी को फोन किया गया, उनका फोन स्विच ऑफ रहा। समाचार लिखे जाने तक लेखपाल के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

[redacted]

# बालू खनन कर रहे लोग ट्रैक्टर ट्राली व बाइक छोड़ भागे, सीज

**संसू, मिहींपुरवा :** मुर्तिहा कोतवाली के अमृतपुर, पुरैना, मधवापुर, गंगापुर व मोतीपुर के गायघाट, मौजीपुरवा, करमोहना, अझाोड़वा, सुजौली के बड़खड़िया में सरयू, घाघरा नदी के कछार तथा खेतों से सफेद बालू का खनन हो रहा है। गत दिनों इंटरनेट मीडिया पर अवैध खनन की वीडियो प्रसारित हुआ था, जिसके आधार पर बीती रात खनन विभाग के निरीक्षक ने कोतवाली पुलिस की मदद से अमृतपुर इलाके में छापेमारी की। अवैध खनन कर रहे माफिया ट्रैक्टर-ट्राली छोड़ कर रात के अंधेरे का फायदा उठा फरार हो गए। इसे मुर्तिहा कोतवाली लाकर सीज कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी शशिकुमार राणा ने बताया कि वाहनों को सीज कर स्वामी एवं अवैध खनन करने वालों की तलाश की जा रही है।

# 45 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**संसू, उर्रा/मिहींपुरवा :** मोतीपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया गया। मुखबिर की सूचना पर ग्राम खड़िया जंगल में अवैध शराब बनाने वाले के यहां छापेमारी गई। मौके पर दो जरीकेन में 45 लीटर कच्ची शराब व 1000 लीटर लहन के साथ खड़िया निवासी राजकुमार उर्फ लाला को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक अरविंद मिश्र, हेड कांस्टेबल रामाशीष वर्मा आदि शामिल रहे।

# जमानत सत्यापन पर मुहर लगाने के लिए लेखपाल ने लिए पैसे, वीडियो प्रसारित

**संसू, मिहींपुरवा(बहराइच) :** मंडी समिति परिसर में संचालित तहसील कार्यालय में जमानत सत्यापन पर मुहर लगाने के लिए पीड़ित से लेखपाल ने पैसे वसूले। इसका वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया। यह इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया गया है। ग्राम पंचायत दलजीतपुरवा के पंडितपुरवा निवासी बच्चे लाल को पुलिस की ओर से जमानत के लिए नोटिस भेजा गया था। वह जमानत आर्डर पर मुहर लगवाने लेखपाल के पास गए। तहसील परिसर में मौजूद लेखपाल बंशराज राणा ने मुहर लगाने के लिए रुपये मांगा। पीड़ित ने रुपये निकालकर एक सहयोगी के माध्यम से लेखपाल को दिए। जिसे लेखपाल ने जेब में रख लिया। इसका वहां मौजूद लोगों ने वीडियो बना लिया। उप जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि प्रसारित वीडियो के मामले की जांच करा कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



चांदमारी बक्शीपुरा में प्रदर्शन करते जलभराव से परेशान लोग ● जागरण

# जलभराव से परेशान बक्शीपुरावासी नहीं मनाएंगे होली

**जासं, बहराइच** : चांदमारी बक्शीपुरा में जलभराव के कारण यहां के नागरिकों का जनजीवन प्रभावित है। लोग परेशान हैं, इसलिए बक्शीपुरा संघर्ष समिति ने निर्णय लिया है कि इस बार मुहल्लावासी होली नही खेलेंगे और न ही होलिका दहन किया जाएगा। संघर्ष समिति की बैठक रणजीत सिंह इंटर कालेज परिसर में रविवार को हुई। जलनिकासी की व्यवस्था न होने के कारण मुख्य मार्ग पर दो फीट पानी भर गया है। इस मार्ग से गुजरने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। जलजमाव से निपटने के लिए सदर विधायक अनुपमा जायसवाल और डा. प्रज्ञा त्रिपाठी ने नगर विकास मंत्री को पत्र भी लिखा है। बैठक में बताया गया कि मुहल्ले में तमाम सरकारी भूमि व तालाब भी हैं। भट्ठे के गड्ढे हैं, जहां तत्काल पानी छोड़ा जा सकता है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को दो मार्च तक समस्या समाधान के लिए लिखा था, परंतु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। सदस्य मनीराम वर्मा ने कहा कि हमारी समस्याएं बहुत बढ़ गई हैं और यह दिनों दिन और बढ़ती जा रही हैं। सभासद दुर्गेश पांडेय ने कहा कि अगर ऐसे ही रहा तो लोग मुहल्ला छोड़ कहीं और बसने को मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर पीके सिंह, अखिलेश यादव, शिवांकर शुक्ल, सत्यदेव मिश्र, प्रदीप तिवारी, अजय त्रिपाठी, सुनील मिश्र, अजय वर्मा, दीपक वर्मा मौजूद रहे।

# अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र सील

**मिहींपुरवा :** नवयुग इंटर कालेज के पास संचालित अवैध अल्ट्रासाउंड को सीएमओ के आदेश पर सील कर दिया गया। इस दौरान तहसीलदार डा. सुनील कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अनुराग वर्मा, सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रोहित कुमार आदि मौजूद रहे। (संसू)

# गांजा बरामद

**फखरपुर :** थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि एसआइ उपेंद्र कुमार सिंह टीम के साथ गश्त कर रहे थे। सूचना पर परसेंडी तिराहा के पास कोरियनपुरवा निवासी विक्कू को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ। केस दर्ज कर कोर्ट भेजा गया। (संसू)

www.jagran.com

# होली समिति के पदाधिकारियों संग डीएम-एसपी ने की बैठक

**जासं, बहराइच :** होली पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने होली समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम व एसपी ने अपील की कि एक-दूसरे की भावनाओं का आदर व सम्मान करते हुए संयम के साथ त्योहार मनाएं।

इस दौरान साफ-सफाई, विद्युत व जलापूर्ति के बेहतर प्रबंधन के साथ-साथ गुड पुलिसिंग व्यवस्था का भरोसा दिलाया। पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि शांति और सद्‌भाव के लिए जिला प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएंगा। केंद्रीय होली समिति के अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊजी ने बिजली, पानी, सफाई के बारे में सुझाव दिए। इस मौके पर सीडीओ महेंद्र कुमार पांडेय, पीडी पीएन यादव, डीपीआरओ उमाकांत पांडेय, इओ बाल मुकुंद मिश्र, राघवेंद्र प्रताप सिंह, डा. आनंद गौंड आदि मौजूद रहे।

# रैली निकाल किया जागरूक

## महिला सशक्तीकरण को लेकर चलाई जा रहीं योजनाओं की दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिला मुख्यालय पर रविवार को सीएमओ डॉ. एसके सिंह के नेतृत्व में स्टेडियम से साइकिल रैली निकालकर महिला सशक्तीकरण का पैगाम दिया। साइकिल रैली का आयोजन कर आगामी आठ मार्च को होने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।

साइकिल रैली में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं समेत अन्य लोग भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने लोगों को महिला सशक्तीकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।



साइकिल रैली में शामिल अधिकारी व अन्य। संवाद

साइकिल रैली के शुभारंभ अवसर पर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र कहा कि प्रतिवर्ष आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

इस वर्ष की थीम स्वस्थ महिला स्वस्थ भारत निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि हर क्षेत्र में तरक्की कर रही हैं। वह खेल का मैदान हो, कला का क्षेत्र हो या फिर शिक्षा का क्षेत्र। इस अवसर पर डीएम ने सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण को लेकर चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी। सीएमओ डॉ. एसके सिंह ने कहा कि आधुनिक संसाधनों की वजह से लोगों की शारीरिक गतिशीलता भी काफी कम हो गई है।

इसका प्रभाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। ऐसे में महिलाएं भी शुगर, थायराइड समेत अन्य संचारी व गैर संचारी रोगों ने जूझ रही हैं। जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचनाधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि परिवार में महिलाएं स्वस्थ नहीं हैं तो परिवार में अन्य सदस्यों के स्वस्थ रहने की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती।

# होलिकादहन स्थल से अतिक्रमण हटवाया

**बहराइच।** तहसील महसी के एक गांव के होलिकादहन स्थल पर रविवार को अतिक्रमण हटवा दिया गया। नायब तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने बताया कि तहसील महसी के ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास के ग्राममीणों ने शिकायत किया था कि संबिलियन विद्यालय चरीगाह पानी टंकी के पास होलिकादहन स्थल पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था। इसके अलावा सिपहिया हुलास के मजरा लोनियनपुरवा स्थित एक धार्मिक स्थल पर पिछले दिनों तोड़-फोड़ हो गई थी। दोनों जगहों पर पहुंचकर मुआयना किया और अतिक्रमण हटवा दिया। लेखपांल को निर्देश दिया कि खाली कराई गई भूमि को सार्वजनिक कार्यों में उपयोग लाया जाए।

# कच्ची शराब बनाते दबोचा, नष्ट करवाई लहन

**मिहींपुरवा(बहराइच)।** होली पर्व को लेकर धधक रही कच्ची शराब बनाने की भट्ठी पर शनिवार की रात मोतीपुर पुलिस ने धावा बोला और कच्ची शराब बना रहे खड़िया निवासी राजकुमार उर्फ लाल को दबोच लिया। मौके से 45 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब, शराब बनाने की भट्ठी व कच्ची शराब बनाने की सामग्री बरामद हुई। साथ ही मौके पर 1000 लीटर लहन बरामद हुई, जिसे पुलिस ने नष्ट करवा दिया। वहीं, रुपईडीहा में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने शनिवार को एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर के पास से नेपाल से लाई जा रही 60 शीशी नेपाली शराब भी बरामद हुई है। उसकी पहचान सुजौली गांव निवासी बब्लू साहू के रूप में हुई है। आरोपी पर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# घर में घुस कर दंपती को पीटा, चार पर मुकदमा दर्ज

**पयागपुर (बहराइच)।** पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर ककरहा के मजरा कुट्टी निवासी सूरज(28) मकान का निर्माण करवा रहे हैं। वहीं उनके घर के सामने ही संतोष मिश्रा का मकान है। शनिवार की शाम दोनो पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी और देखते ही देखते मारपीट शुरु हो गयी। आरोप है कि संतोष मिश्रा पक्ष ने परिजनो के साथ मिलकर सूरज व उसकी पत्नी तारावती देवी की लाठी डंडों से पिटायी कर दी जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। वहीं घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर रविवार को भीम आर्मी के कुछ कार्यकर्ता भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और प्रकरण पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। थाना प्रभारी राजकुमार पांडेय ने बताया कि महिला तारावती की तहरीर पर संतोष कुमार, मुन्नीलाल, धर्मेंद्र और मुनीजर के विरुद्ध मारपीट, अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी गयी है। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में 14 धरे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार रात 14 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया है। वहीं, जिला पुलिस ने रविवार को वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 62 वाहनों का ई-चालान कर 166000 रुपये जुर्माना वसूला। संवाद

# खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच को भेजे

**बहराइच।** होली में मिलावटी खाद्य पदार्थो पर अंकुश लगाने के लिए रविवार को भी खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग की टीम ने जरवल, कैसरगंज व शहरी क्षेत्र के कई स्थानों पर छापा मारा। मूसेपुर गांव से अलीउर रहमान के कारखाने से मावा, जय बजरंग ट्रेडिंग कंपनी से सरसों के तेल, सम्राट मिष्ठान भंडार से मावा और अजय स्वीट हाउस से छेने का नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजा। जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी। संवाद

# 800 ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**फखरपुर (बहराइच)।** रविवार को पुलिस को जानकारी मिली कि एक युवक परसेंडी चौराहे पर गांजे के साथ मौजूद है। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची। यहां परसेंडी के कोरियन पुरवा निवासी विक्कू संदिग्ध हालत में खड़ा मिला। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# मेडिकल कॉलेज से दो बायोमीट्रिक मशीनें चोरी

**बहराइच।** मेडिकल कॉलेज में ऑनलाइन हाजिरी के लिए लगाई गई दो बायोमीट्रिक मशीनें चोरों ने उड़ा दीं। सीएमएस ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

कक्ष संख्या छह में चार बायोमीट्रिक मशीनें लगाई गई हैं। 28 फरवरी की रात दो मशीनों को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। एक मार्च को घटना की जानकारी होने पर सीएमएस डॉ. ओपी चौधरी की कोतवाली नगर में तहरीर दी। नगर कोतवाल शैलेश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 06-03-2023

# 13 लाख की चरस बरामद, दो गिरफ्तार

श्रावस्ती। मादक वस्तुओं की बिक्री व निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने साढ़े चार किलो ग्राम चरस बरामद किया। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक राम पाल यादव रविवार को टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान उप निरीक्षक एएनटीएफ (एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स) बाराबंकी की ओर से प्रभारी निरीक्षक को दूरभाष से अवगत कराया कि माल्ही चौराहे पर स्थित दुकान में कुछ अवैध मादक पदार्थ रखा है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ने अपराध निरीक्षक राम नवल यादव को सूचित कर मौके पर पहुंचने को कहा। जिसके बाद थाने की पुलिस फोर्स व एएनटीएफ बाराबंकी की संयुक्त टीम गठित कर माल्ही चौराहे पर स्थित बर्तन की दुकान पर छापेमारी की गई। खुले में लगी बर्तन की दुकान में बर्तन की आड़ में सफेद पालीथीन संदिग्ध वस्तु बरामद हुई। इस दौरान दुकान में बैठे एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया। पालीथीन को खोलकर देखा गया तो उसमें से 4.400 किलोग्राम चरस बरामद हुआ।

# पुलिस जवानों ने किया दंगा नियन्त्रण का अभ्यास



दंगा नियंत्रण का अभ्यास करती पुलिस

**श्रावस्ती।** त्योहारों के मद्देनजर एसपी के निर्देशन में पुलिस फोर्स को दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया। इस दौरान विषम परिस्थितियों में दंगाइयों से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई।

सात व आठ मार्च को होली तथा सात को शबे-बारात त्योहार मनाया जाना है। दोनों ही त्योहारों को शांतिपूर्ण व सुरक्षित माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अलर्ट हो गई है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में सभी प्रकार की चुनौतियों से निपटने व समाज को सुरक्षित तथा भय मुक्त बनाने के लिये पुलिस लाइन परेड मैदान में दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस जवानों अभ्यास किया। सुबह सात बजे सभी पुलिस कर्मचारी परेड मैदान में जमा हुए। इसके बार टोलीवार बारी बारी से सभी को दंगा निरोधक उपकरणों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण सत्र में सभी पुलिस कर्मियों को दंगा निरोधक उपकरणों के बारे में बारीकी से जानकारी दी गयी। क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे ने सभी पुलिस कर्मियो से फीडबैक लेकर सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में अव्वल रहा मल्हीपुर थाना

**जासं, श्रावस्ती :** जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण हो सके और लोग घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज कर सकें, इसके लिए आइजीआरएस (समंवित शिकायत निवारण प्रणाली) की शुरुआत हुई है। शिकायतों का निस्तारण कम समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो, इसके लिए निस्तारण की स्थिति के आधार पर मूल्यांकन शुरू किया गया है। इसमें सौ प्रतिशत अंक प्राप्त कर मल्हीपुर थाने को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि शासन की ओर से आइजीआरएस की समीक्षा में कुल सौ अंकों में मूल्यांकन किया जाता है। माहवार प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में मल्हीपुर थाने को 20 अंक मिले हैं। यहां एक माह में 72 शिकायतें प्राप्त कर निर्धारित समय सीमा में सभी का निस्तारण कर दिया गया। एक भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं गई। सभी संदर्भों की मार्किंग की गई। शिकायतकर्ता का संतोषजनक फीडबैक 79.17 प्रतिशत रहा।

# पुलिस ने बाइक से किया रूटमार्च

गिरंटबाजार। आगामी त्योहारों को सुरक्षित माहौल में कराने को लेकर पुलिस सक्रिय है। रविवार को हरदत्त नगर गिरंट थाना अध्यक्ष उमेश सिंह ने पुलिस बल के साथ बाइक से रूटमार्च किया। मार्च में शामिल पुलिस जवान गिरंट बाजार, मिर्जापुर चौराहा, हरबंशपुर चौराहा, इमलिया चौराहा, बदला चौराहा समेत अन्य प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

# शिकायत निस्तारण में मल्हीपुर थान प्रदेश में अव्वल

श्रावस्ती। थाना मल्हीपुर आईजीआरएस प्रार्थना पत्र निस्तारण में 100 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर रहा। फरवरी में 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे। प्रभारी आईजीआरएस उपनिरीक्षक प्रभुनाथ राय, आरक्षी ऐश्वर्य प्रताप सिंह चौहान, आरक्षी अशोक कुमार की ओर से आईजीआरएस पर प्राप्त सभी प्रकरणों की मानिटरिंग की गई और समय निस्तारण कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस में कार्य कर रहे सभी पुलिसकर्मियों की सराहना की है।

# बर्तन की दुकान से चार किलो 400 ग्राम चरस बरामद, दो आरोपित गिरफ्तार

**जासं, श्रावस्ती :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बाराबंकी व मल्हीपुर पुलिस की टीम ने मल्हीपुर क्षेत्र के माल्ही चौराहे पर खुले में लगी बर्तन की दुकान से सफेद पालीथिन में रखी चार किलो 400 ग्राम चरस बरामद की। इसकी अनुमानित कीमत 13 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है। दो आरोपितों पर मल्हीपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि रविवार को मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान बाराबंकी के एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के प्रभारी



मल्हीपुर थाने में पुलिस हिरासत में बरामद चरस के साथ आरोपित ● जागरण

निरीक्षक ने दूरभाष पर अवगत कराया कि माल्ही चौराहे पर बर्तन की दुकान में मादक पदार्थ रखा है। प्रभारी निरीक्षक क्राइम ब्रांच राम नवल यादव को मौके पर पहुंचने के लिए कहा गया। मल्हीपुर पुलिस व एएनटीएफ बाराबंकी की संयुक्त टीम को बर्तन दुकान से सफेद पालीथीन में रखी चरस मिली। दुकान में बैठे व्यक्ति इसराइल निवासी चरगहवा, थाना नबाबगंज, जिला बहराइच ने पूछताछ में सामने स्थित जनसेवा केंद्र पर बैठे व्यक्ति की ओर इशारा किया। पुलिस टीम ने केंद्र से मुहम्मद याकूब खान निवासी भगवानपुर भैसाही, थाना मल्हीपुर को पकड़ा। दोनों मादक पदार्थ रखने के बारे में अधिकार पत्र नहीं दे पाए। दोनों आरोपितों को टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एएनटीएफ के उपनिरीक्षक सूरज सिंह, करूणेष पांडेय, कुलदीप शर्मा, मुख्य आरक्षी दीपक कुमार, आलोक कुमार सिंह, आदिल हाशमी, आरक्षी अजीत मिश्रा, दिलीप निषाद, अमरपाल शामिल रहे।

# चरस के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने शनिवार रात दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनसे चार किलो 400 ग्राम चरस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बहराइच के थाना नवाबगंज क्षेत्र के चरगहवा निवासी इसराइल व मल्हीपुर थाना क्षेत्र भगवानपुर भैसाही निवासी मोहम्मद याकूब खान के रूप में हुई है। जिनके विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। संवाद

# बीस लीटर कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती।** आबकारी विभाग की ओर से रविवार को अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। आबकारी निरीक्षक ने टीम के साथ भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भयापुरवा जंगल में छापा मारा। इस दौरान टीम ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। साथ ही मौके पर मिली 125 किलोग्राम लहन को मौके पर नष्ट किया। संवाद

# पासपोर्ट सत्यापन के लिए नई व्यवस्था लागू

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** पासपोर्ट सत्यापन के लिए जिले में नई व्यवस्था लागू की गई है। अब आवेदक को केवल थाने पर पुलिस सत्यापन कराना होगा। इसके बाद पासपोर्ट सत्यापित होकर खुद पहुंच जाएगा।

पासपोर्ट सत्यापन के लिए पहले महीनों थाने से लेकर पुलिस कार्यालय तक का चक्कर लगाना पड़ता था। लेकिन अब जिले में नई व्यवस्था लागू की गई है। इसमें आवेदक का पासपोर्ट सत्यापन रिपोर्ट पुलिस पोर्टल पर आते ही उसे थानों को रेफर किया जाएगा। जहां पहले से ही एक टेबलेट थानों को आवंटित है। इस टैबलेट पर पुलिस अपने अभिलेखों के आधार पर सत्यापन करने के साथ आवेदक से आधार मांग सकती है। लेकिन इसके लिए भी एक निश्चित समय सीमा दी गई है। इस समय सीमा के अंदर थाने को अपनी सत्यापन रिपोर्ट ऑनलाइन करनी होगी। ऐसे में यदि आवेदक थाना न जाना चाहे तो पुलिस को अभिलेख के आधार पर उसका सत्यापन करना होगा। थाने से रिपोर्ट सीधे पुलिस कार्यालय स्थिति एएसपी के पोर्टल पर आएगी। वहां से एसपी के पोर्टल के माध्यम से सीधे पासपोर्ट कार्यालय को भेज दी जाएगा।

## समय सीमा के अंदर थाने को सत्यापन रिपोर्ट करनी होगी ऑनलाइन

नई प्रणाली में एलआईयू, क्राइम ब्यूरो व सीओ कार्यालय की भूमिका को समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही आवेदक के विरुद्ध यदि मामला कहीं पंजीकृत नहीं है तो खुद ही उसका सत्यापन हो जाएगा। इस संबंध में एसपी प्रांची सिंह कहती हैं कि कोई कर्मचारी सत्यापन के नाम पर पैसा मांगता है तो शिकायत कर सकते हैं।

# पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण उपकरणों से कराया अभ्यास

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में होलिकोत्सव व शब ए बरात को लेकर रविवार को मॉक ड्रिल कराया गया। एसपी की मौजूदगी में आयोजित इस मॉक ड्रिल में दंगा नियंत्रण उपकरणों से अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि आगामी दिनों में होली व शब-ए-बरात का त्योहार मनाया जाएगा। ऐसे में किसी विपरीत चुनौतियों से निपटने व समाज को सुरक्षित व भय मुक्त वातावरण देने के लिए प्रशासन गंभीर है। संवाद

# ऑनलाइन होगी श्रावस्ती पुलिस, एसपी ने तैयार कराया नया सॉफ्टवेयर

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले में पुलिस का सारा कार्य अब ऑनलाइन होगा। इसके लिए एसपी ने नया सॉफ्टवेयर तैयार कराया है। नया सॉफ्टवेयर नए वित्तीय वर्ष से लागू होगा। इसके बाद से पुलिस कार्यालय पेपरलेस व्यवस्था में आ जाएगा।

पुलिस की कार्यप्रणाली में अभी भी ब्रिटिश युग की छाप दिखाई देती है। इसलिए कार्यालय में पत्रावलियों के आगे बढ़ने की गति बहुत धीमी होती है। इससे जहां कार्य की पारदर्शिता प्रभावित होती है वहीं पीड़ित कार्यालय का महीनों चक्कर लगाना पड़ता है।

अब यह व्यवस्था चंद दिनों में परिवर्तित होने जा रही है। जिले में पुलिस का सारा कार्य ऑनलाइन होगा। एएपी के द्वारा तैयार कराए गए सॉफ्टवेयर मार्च माह के अंत या फिर नए वित्तीय वर्ष के प्रथम सप्ताह में लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद सभी पटल एक निश्चित समय के अंदर अपना कार्य करेंगे। जिसकी निगरानी एसपी स्तर पर होगी।

**नए वित्तीय वर्ष से लागू होगी व्यवस्था, भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश**

**पत्रावलियों के निस्तारण में आएगी तेजी, पीड़ितों को कम करनी पड़ेगी दौड़भाग**

## निगरानी व जवाबदेही होगी सुनिश्चित

" हाईटेक युग में मैनुअल कार्य से पारदर्शिता की उम्मीद करना गलत है। इसलिए सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। इससे कार्यों पर निगरानी व जवाबदेही दोनों सुनिश्चित होगी। कोई भी व्यक्ति अनावश्यक पत्रावलियों को रख नहीं सकता। नए वित्तीय वर्ष से संभव है कि यह प्रणाली लागू हो जाए।

**- प्राची सिंह, एसपी**

## ऐसे काम करेगा सॉफ्टवेयर

सॉफ्टवेयर सुलभ कार्यप्रणाली पर कार्य करेगा। इसके लिए कोई भी आवेदक चाहे वह चरित्र सत्यापन कराने वाला हो या फिर ऐसे पुलिस कर्मी जो मेडिकल क्लेम, पेंशन या अन्य जरूरी कार्य के लिए ऑफलाइन आवेदन करते हैं, वे ऑनलाइन करेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने के साथ उन्हें एक ओटीपी वेरिफिकेशन के साथ आवेदन पंजीकरण नंबर मिल जाएगा। इसी के बाद आवेदन सीधे एसपी के पोर्टल पर ट्रांसफर होगा। वहां से संबंधित पटल पर ट्रांसफर होगा। किस पटल पर कितनी देर आवेदन रहेगा इसकी समय सीमा निर्धारित होगी। समय सीमा निर्धारित होने के बाद एसपी के पोर्टल पर एक ऑटो मैसेज जनरेट होगा। जिससे यह पता चलेगा कि कहां पर आवेदन को होल्ड किया गया है। ऐसे में अनावश्यक रूप से आवेदन रोकने वाले के विरुद्ध कार्रवाई हो सकेगी।

# घर से निकले युवक का शव बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** लोखड़ियन पुरवा निवासी युवक शनिवार को मछरिहवा इंजन बनाने गया था। वह देर रात तक वापस नहीं आया। रविवार सुबह धोबियन पुरवा गांव के पास उसका शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



धोबियन पुरवा के पास युवक का शव मिलने के बाद इकट्ठा लोग। -संवाद

भिनगा कोतवाली अन्तर्गत शिवगढ़ कला के मजरा लोखड़ियन पुरवा निवासी श्याम सुंदर (40) शनिवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के मछरिहवा गांव में एक इंजन बनाने गया था। देर रात तक वापस नहीं लौटा। रविवार दोपहर धोबियन पुरवा गांव के पास उसका शव पड़ा मिला। परिवारीजनों ने बताया कि श्याम सुंदर के साथ उसका साला भी था। उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी है।

# दुराचारी को दस साल का कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** नाबालिग के साथ दुराचार करने के मामले में न्यायालय ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए दस वर्ष कारावास के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई। घटना 15 वर्ष पूर्व भिनगा कोतवाली क्षेत्र में घटी थी।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 2007 में तहसील दिवस में एक शिकायती पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी नाबालिग बेटी को बड़कऊ विश्वकर्मा बहला-फुसलाकर ले गया है। कोतवाली में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बाद में फोन से पता चला कि बेटी बहराइच के डिगिहा चौराहे के पास है। वहां जाकर उन्होंने पीपल चौराहे के पास से बेटी को खोज निकाला था। मौके से आरोपी भाग गया था।

## भिनगा कोतवाली क्षेत्र में 15 वर्ष पूर्व हुई थी वारदात

शिकायत के बाद तहसील दिवस में बैठे अधिकारियों ने मामला दर्ज करने का आदेश जारी किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार ने आरोपी को दोषी मानते हुए दस वर्ष सश्रम कारावास के साथ 35 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।